लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
माघ शुक्ल पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 1, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौष्टिक गुणों से भरपूर अमरूद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



**आज का मौसम** 26.0° अधिकतम तापमान | 14.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 44 | सूर्यास्त 18 : 02

हल्द्वानी, रविवार, 18 फरवरी 2024

घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश......13

# लोस चुनाव में विकास केंद्रित होगा भाजपा का अभियान

## प्रधानमंत्री बोले-370 सीट पर जीत श्यामा प्रसाद को समर्पित करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रचार अभियान विकास, गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों और दुनियाभर में बढ़े देश के कद के इर्दगिर्द केंद्रित करने का आह्वान किया और कहा कि 370 सीट पर कमल खिलाकर पार्टी इस जीत को अपने विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित करेगी। यहां भारत मंडपम में राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पहले हुई भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष इस चुनाव में अनावश्यक और भावनात्मक मुद्दों को उठाएगा, लेकिन पार्टी को अपने मुद्दों पर ही अडिग रहना है और तैयारियों में जी-जान से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता को अगले 100 दिनों तक मतदान केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और 2019 की तुलना में प्रत्येक मतदान केंद्र पर पार्टी के लिए कम से कम 370 अधिक वोट सुनिश्चित करने चाहिए।

अगले सौ दिनों में लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने की संभावना है। बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में 370 सीट जीतनी हैं। मोदी ने कहा कि पार्टी के लिए 370 केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि एक भावना है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने को लेकर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भाजपा 370 सीटों पर कमल खिलाकर इसे डॉ मुखर्जी को समर्पित करेगी।

**राजग के उम्मीदवारों का चुनाव चिह्न कमल होगा**

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों को लेकर कहा कि सभी 543 सीट पर भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' का फूल होगा। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री ने आगामी चुनाव में हर बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित किया है।

- राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पूर्व पदाधिकारियों को किया संबोधित

## रामनगर में जंगल गई महिला को बाघ ने मार डाला



**रामनगर।** जंगल में लकड़ी बीनने गई महिला को बाघ ने मौत के घाट उतार दिया। शनिवार को ग्राम ढेला में गांव में कलादेवी (50) गांव की ही तीन अन्य महिलाओं के साथ जंगल में लकड़ी और घास लेने के लिए गई थी। इसी बीच बाघ ने कला देवी पर हमला कर उसे मार दिया। बाघ महिला को करीब 2 किलोमीटर तक जंगल में घसीट ले गया। साथ में मौजूद महिलाओं ने शोर मचाया लेकिन बाघ की दहाड़ से घबरा गईं और गांव में आकर इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। वन विभाग के कर्मचारी और ग्रामीणों ने महिला के शव को खोजने के लिए जंगल में सर्च अभियान चलाया। काफी देर बाद कला देवी का शव जंगल में लहूलुहान हालात में मिला जिससे आक्रोशित हो गए, ग्रामीणों की रेंज अधिकारी अजय ध्यानी के साथ तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई।

# इनसैट-3डीएस कक्षा में स्थापित

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से मौसम उपग्रह इनसैट- 3डीएस का शनिवार को प्रक्षेपण किया। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने बताया कि 27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद, 420 टन वजनी और 51.7 मीटर लंबे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी)-एफ14 रॉकेट ने इनसैट-3डीएस को लेकर शाम 5:35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी।

इनसेट-3डीएस मौसम का अवलोकन करने, भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह से वर्तमान में संचालित इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ मौसम संबंधी सेवाओं में वृद्धि होगी। जीएसएलवी रॉकेट से यह 16वां मिशन है।

- मौसम और प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देने में सक्षम

**न्यूमेरिक्स**

**19 मिनट** की उड़ान के बाद कक्षा में पहुंचा

**27.5 घंटे** की उलटी गिनती के बाद प्रक्षेपण

**51.7 मी.** लंबे जीएसएलवी का 16वां मिशन



## गुलजार और रामभद्राचार्य को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की। गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं। उन्हें उर्दू में कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। 2023 के लिए दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है


रामभद्राचार्य


गुलजार

## 'दंगल' की बाल कलाकार सुहानी भटनागर का निधन



**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** अभिनेता आमिर खान अभिनीत प्रख्यात हिंदी फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 साल की उम्र में निधन हो गया। सुहानी के एक संबंधी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए शनिवार को बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। परिवार के करीबियों ने उनकी मौत को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन मीडिया में आई खबरों के अनुसार पैर में फ्रैक्चर के बाद उत्पन्न चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था।

# किसान बोले एमएसपी पर अध्यादेश लाएं

चंडीगढ़, एजेंसी


पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर दिल्ली कूच के लिए डटे किसान।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाए। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू तथा खनौरी में डटे हुए हैं और एमएसपी की कानूनी गारंटी दिया जाना उनकी मुख्य मांग है। किसान नेता पंधेर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब किसान नेता और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच कल रविवार को चौथे दौर की वार्ता होनी है। पंधेर ने कहा कि केन्द्र के पास राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने सीमा पर संवाददाताओं से कहा कि अगर केन्द्र सरकार चाहे तो वह रातोंरात अध्यादेश ला सकती है। अगर सरकार किसानों के आंदोलन का कोई समाधान चाहती है तो उसे यह अध्यादेश लाना चाहिए कि वह एमएसपी पर कानून लागू करेगी, तब बातचीत आगे बढ़ सकती है। दूसरी ओर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने पंजाब के कई जिलों में धरना-प्रदर्शन किया और टोल नहीं दिया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के सदस्यों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर धरना दिया। हरियाणा में किसानों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जींद सहित कई जिलों में ट्रैक्टर मार्च निकाला और केंद्र सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई पंधेर ने कहा कि जहां तक तौर तरीकों की बात है तो कोई भी अध्यादेश छह माह तक वैध होता है।

- दिल्ली कूच को शंभू सीमा पर डटे हरियाणा में निकाला ट्रैक्टर मार्च
- पंजाब में भाजपा नेताओं के घर पर धरना, टोल वसूली का किया विरोध

# बनभूलपुरा दंगे का आरोपी मलिक ईडी के राडार पर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** सरकारी जमीन पर कब्जे की साजिश करने वाला अब्दुल मलिक अब ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के रडार पर आ चुका है। अरबों के आसामी मलिक और उसके बेटे ने कई राज्यों में अपना साम्राज्य खड़ा किया है। अब पुलिस अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद की संपत्ति की जांच ईडी से कराने जा रही है।

बनभूलपुरा लाइन नंबर 8 में रहने वाले अब्दुल मलिक की कोठी को देख कर कोई सोच भी नहीं सकता कि कोठी के अंदर दैनिक उपयोग का करोड़ों का माल होगा। फरीदाबाद हरियाणा से बसपा के टिकट कर लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमा चुके मलिक ने तब हल्द्वानी नगर पालिका से चेयरमैन का चुनाव भी लड़ा, लेकिन हार गया। जेसीबी के शोरूम, कॉलोनाइजर समेत कई धंधे करने वाला मलिक कई शिक्षण संस्थानों का कई राज्यों में संचालन करता है। पुलिस ने हल्द्वानी के लामाचौड़ स्थित उसके मरियम कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल एजुकेशन में भी दस्तावेजों की पड़ताल की। बताया जाता है कि इसकी फ्रेंचाइजी राज्य के बाहर भी कई शहरों में हैं। हल्द्वानी के लैंडमार्क अब्दुल्ला बिल्डिंग का अब्दुल मलिक वारिस भी है, जिसमें कई बड़े घर और बड़े व्यापार संचालित होते हैं। पुलिस पहले से ही मलिक और उसके बेटे की संपत्ति की जांच कर रही है, लेकिन जिस तरह से रिकवरी हो रही है उसे देखते हुए अब ईडी को भी जांच सौंपी जा सकती है। पुलिस सूत्रों कहना है कि ईडी जांच के लिए पुलिस पत्र लिख रही है।

- मलिक के घर में हुई कुर्की के बाद अगली कार्रवाई की तैयारी में पुलिस
- मलिक और उसके बेटे की संपत्ति की जांच के लिए ईडी को भेजेंगे पत्र

www.cps.edu.in
cps.rdr
COLUMBUS PUBLIC SCHOOL RUDRAPUR
GLORIA IN EXCELSIS
Estd. 1997
ColumbusPublicSchool
CPS_Rudrapur
Columbus Public School
(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120
Nursery to 12th (Arts, Science & Commerce)
Session 2024 - '25
Admissions Open
Limited Seats.
Merit-based waiver on Admission Fee.



For Registration Call +91 9927927999
Bali Vihar, Model Colony, Rudrapur (Uttarakhand) | cps@cps.edu.in
Tel. No. : (05944) 244076 | 9927963999

# धोखे से बेच दी वर्ग-4 की जमीन महिला को दिलवाए गए 17 लाख

## मंडलायुक्त ने जन समस्याओं पर की सुनवाई, विक्रेता से महिला को भूमि की रकम दिलवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने जनता से अपील की है कि भूमि क्रय करने से पूर्व वर्ग-1 और बैंक लोन की पुष्टि करने के लिए तहसील स्तर पर जांच की जाए। भूमि क्रय के बाद तुरंत ही दाखिल खारिज कराई जाए और चहारदीवारी करवाएं ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके।


कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

जनसुनवाई में ललिता बमेठा निवासी रामपुर रोड ने बताया कि पिछले वर्ष ललित सिंह मेहरा से भूमि क्रय की थी। ललित ने बमेठा को वर्ग-4 की भूमि बेच दी। मंडलायुक्त ने दोनो पक्षों को तलब कर विक्रेता को ललिता बमेठा की धनराशि वापस देने के निर्देश दिए थे। इधर, शनिवार को विक्रेता ने ललिता को 17 लाख के चेक दिए। उन्होंने मंडलायुक्त का आभार जताया है।

देवकी देवी पत्नी स्व. मथुरा दत्त जोशी निवासी जग्गीबंगर ने बताया कि चार पुत्र होने के बावजूद भरणपोषण नहीं दिया जाता है। मनीषा आर्या निवासी ज्योलीकोट ने बताया कि पारिवारिक विवाद में पति आएदिन मारपीट करते हैं। भूमिका, दीपाली एवं आरती पाल ने कॉलेज से फीस वापस दिलाने की मांग की।

रविंद्र सिंह बिष्ट निवासी अल्मोड़ा ने भूमि से अवैध कब्जा हटाने का अनुरोध किया। सरोज वोहरा निवासी काठगोदाम ने आवासीय मकान को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम पंप डीलर की ओर से बनाई चाहरदीवारी से नुकसान होने की शिकायत की। विनीता राजपूत निवासी काठगोदाम ने ओबीसी प्रमाण पत्र दिलवाने की मांग की। अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## जेजेएम योजनाओं के लिए मंडलायुक्त को सौंपे प्रपत्र

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** बीते शुक्रवार को जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त दीपक रावत ने कुमाऊं क्षेत्र की जिन योजनाओं में विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता है उसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से प्रपत्र मांगे थे।

इस संबंध में शनिवार को जल संस्थान के महाप्रबंधक अनवर सलीम अंसारी ने विभाग के अधिकारियों को बुलाया था। तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय में हल्द्वानी डिवीजन के एसई विशाल कुमार सहित पिथौरागढ़, चंपावत और ऊधमसिंहनगर के एसई उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त दीपक रावत ने योजनाओं में जिस स्तर पर काम रूका हुआ है इसके लिए प्रपत्र के माध्यम से कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। जल संस्थान, पेयजल निगम और यूपीसीएल ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर कर प्रपत्र दिए हैं। जल संस्थान कार्यालय में शनिवार को जल संस्थान के साथ ही पेयजल निगम और यूपीसीएल के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बाघ को गोली मारने पर अड़े ग्रामीण

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** ग्राम ढेला और सावल्दे में बाघ द्वारा महिला को मारने की चौथी घटना हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में बाघ का आतंक बना हुआ है लेकिन विभाग द्वारा न तो इसे पकड़ा गया और न ही ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए कोई उपाय किए गए। गुस्साए ग्रामीणों ने कर्मचारियों को महिला का शव नहीं उठाने दिया। ग्रामीण मौके पर ही बाघ को गोली मारने की मांग पर अड़े गए। बता दें कि इस बाघ को पकड़ने के लिए लंबे समय से संघर्ष समिति द्वारा आंदोलन भी किया जा रहा है। वहीं कॉर्बेट प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र में वन कर्मियों द्वारा बाघ को ट्रेंकुलाइज करने के साथ ही बाघ को पकड़ने के लिए मौके पर पिंजरा लगाने की कार्रवाई की गई है। मृतक कलादेवी के परिजनों ने कहा कि शव पिंजरे में रखकर ही बाघ को ट्रेंकुलाइज किया जाए। उधर पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी एवं राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी ने कहा कि बाघ को अब ट्रेंकुलाइज न करके सीधी गोली मार देनी चाहिए क्योंकि बाघ को मारने में कार्बेट प्रशासन नकारा साबित हुआ है। उधर, सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने कहा कि अगर 48 घंटे में बाघ नहीं पकड़ा गया तो वह झिरना गेट पर धरना देंगे।


रामनगर में महिला की मौत के बाद रेंजर से नाराजगी जताते लोग। ● अमृत विचार

## महिला कॉलेज में भूगोल प्रयोगात्मक परीक्षा 21 को

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में बीए, बीएससी तृतीय सेमेस्टर भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 फरवरी को होगी। भूगोल विभाग प्रभारी प्रो. टीबी सिंह ने बताया कि संबंधित छात्राओं को अपनी प्रयोगात्मक फाइल और अन्य सामग्री के साथ उक्त तिथि को सुबह 9.30 बजे विभाग में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा। कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित रहेगा तो परीक्षा से वंचित रहने का उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा।

## चोरगलिया में मशरूम, सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण संपन्न

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** आत्मा परियोजना के तहत देवपुर दनाई, चोरगलिया में कृषकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 61 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। कृषकों को मशरूम, सब्जी उत्पादन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक बीसी कांडपाल ने किया। इस अवसर वरिष्ठ कीट रोग विशेषज्ञ, आरसी जोशी, पंकज विष्ट आदि मौजूद रहे।

# भूख हड़ताल के बाद झुका तंत्र

- मटीला गांव स्थित आंदोलन स्थल पहुंचे अफसर
- मैराथन बैठक में लिखित आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से तमाम गांवों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण काकड़ीघाट - मटीला मोटर मार्ग को दुरुस्त करने तथा जीआइसी चौमूधार में प्रधानाचार्य तथा रिक्त पड़े महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों के पदों पर तैनाती करने की मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से चली आ रही भूख-हड़ताल अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हो गई।

भूख हड़ताल पर डटे बीडीसी प्रतिनिधि रमेश सिंह भंडारी ने चेतावनी दी की यदि समय रहते व्यवस्थाओं पर सुधार नहीं किया गया तो फिर दोबारा आंदोलन शुरु कर दिया जाएगा। भूख हड़ताल समाप्त होने के बाद अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली। हाइवे से सटे मटीला गांव स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक परिसर में बीते मंगलवार से बीडीसी प्रतिनिधि रमेश सिंह भंडारी ने भूख हड़ताल शुरु कर दी।

आरोप लगाया था की पूर्व में अधिकारियों ने जल्द जीआइसी चौमूधार में रिक्त पड़े प्रधानाचार्य तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों की तैनाती का भरोसा दिलाया था पर दस दिन से भी ज्यादा का समय बीतने के बावजूद कोई सुध नहीं ली गई। वादाखिलाफी से नाराज होकर रमेश सिंह भंडारी ने भूख हड़ताल शुरु की तो आसपास के गांवों के बाशिंदे भी समर्थन में उतर आए। व्यापार मंडल काकड़ीघाट व टैक्सी यूनियन ने भी मांग को जायज ठहरा आंदोलन को समर्थन दे दिया। लगातार मामला तूल पकड़ता देख प्रशासन, शिक्षा विभाग व लोनिवि के अफसर गांव पहुंच गए। लंबी बातचीत कर आंदोलन समाप्त करने को कहा। आंदोलनकारियों ने लिखित में मांगे पूरी करने की बात कही। बाद में विभागीय अधिकारियों ने जल्द मांगे पूरी किए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर आंदोलनकारी पीछे हटने को तैयार हुए। तहसीलदार हेमंत मेहरा ने बीडीसी प्रतिनिधि को जूस पिलाकर भूख हड़ताल खत्म करवाई।

रमेश सिंह भंडारी के अनुसार अधिकारियों ने जल्द सड़क में डामरीकरण करवाने, नाली निर्माण, सुरक्षात्मक कार्य करवाने तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जल्द शिक्षकों व स्थाई प्रधानाचार्य की तैनाती का आश्वासन लिखित में दिया है। साफ कहा की यदि समय रहते मांगे पूरी ने की गई तो फिर दोबारा आंदोलन शुरु किया जाएगा। इस दौरान बीइओ एसएस चौहान, सहायक अभियंता लोनिवि कमल गोयल, डा. शिवराज सिंह, कनिष्ठ सहायक अभियंता प्रदीप नेगी, राजस्व उपनिरीक्षक केएस कनवाल, राजेश आर्या, देवेंद्र सिंह फर्त्याल, गोपाल सिंह कनवाल, हरक सिंह, पान सिंह, महेंद्र सिंह परिहार, चतुर सिंह, नारायण सिंह, हरीश पाठक, निशा देवी, अनीता देवी आदि मौजूद रहे।



सातताल में सफाई अभियान के दौरान ग्राफिक एरा के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# ग्राफिक एरा ने चलाया स्वच्छता अभियान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के छात्र-छात्राओं ने सातताल क्षेत्र में स्वच्छता एवं रैली का आयोजन किया। स्वच्छता अभियान में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्रों द्वारा सातताल परिसर में सफाई अभियान चलाकर सड़क एवं गलियों से लगभग 100 कट्टा कूड़ा एकत्र उसका निस्तारण किया गया।

कार्यक्रम में पशुपति ग्रुप ऑफ रिसाक्लिनिंग कम्पनी काशीपुर के एनवायरलमैन्टल टेक्नोलाजिस्ट आयुष जोशी ने सभी छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक सेग्रीगेशन एवं प्लास्टिक रिसाइलिंग के बारे में जानकारी दी। इस दौरान निदेशक से. अनिल कुमार, कोआडिनेटर डॉ. संदीप कुमार बुधानी मौजूद रहे।

# पांडे गांव की खुली बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** ग्राम सभा पांडे गांव में खुली बैठक आयोजित की गई। इसमें ग्राम सभा की विकास योजनाओं पर चर्चा कर समस्याओं को अधिकारियों के सामने प्रमुखता से रखा।

ग्रामीणों ने ग्राम सभा में जलनिगम के माध्यम से बन रही पेयजल योजना को शीघ्र पूरा करने की मांग की। अवगत कराया कि पानी की किल्लत को देखते हुए आने वाले समय में योजना पूरी नहीं होने पर परेशानी हो सकती है।

सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट ने कहा कि जो ग्रामीण अपनी जमीन विक्रय करता है तो उसका प्रारूप पटवारी पूरी जांच करने के बाद ही बनवाए। वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र में रह रहे बाहरी प्रदेश के लोगों के पतों के सत्यापन करने की मांग भी प्रमुखता से रखी। तर्क दिया कि कई विकास कार्यों के चलते गांव में विभिन्न प्रदेशों के कारीगर और अन्य लोग आए दिन आते रहते हैं। ऐसे में उनका सत्यापन होना आवश्यक है ताकि किसी होने वाली घटना से बचा जा सके। इस दौरान ग्रामीणों ने बरसात नहीं होने से फसलों को हुए नुकसान का धरातलीय निरीक्षण कर मुआवजा देने की मांग भी की। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य ममता, प्रधान पूरन लाल, उपप्रधान विनोद पांडे, पूर्व प्रधान जीवन पलड़िया, पूर्व उपप्रधान कृष्ण आर्य, गोपाल रावत, अनिता आर्य, प्रकाश आर्य, हरेंद्र कुल्याल, कृष्ण कुमार, रवि वर्मा, निहारिका शर्मा, डॉ. वीके यादव आदि मौजूद थे।



पांडे गांव की खुली बैठक में चर्चा करते लोग। ● अमृत विचार

# पालिका और ऊर्जा निगम के बीच असमंजस

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बकाया देनदारी को लेकर नगर पालिका और ऊर्जा निगम के बीच फिर एक बार असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जहां एक ओर ऊर्जा निगम ने पालिका पर 17 ट्रांसमीटरों का कुल तीन करोड़ 90 लाख 61 हजार 93 रुपये का बकाया बताया है। तो वहीं पालिका का कहना है कि ऊर्जा निगम द्वारा पालिका को करीब 19 करोड़ का भुगतान करना है।

अधिशासी अधिकारी (आईएएस) राहुल आनंद ने कहा कि ऊर्जा निगम द्वारा पालिका को करीब चार करोड़ का बकाया बताया गया है जबकि पालिका का खुद ऊर्जा निगम पर करीब 19 करोड़ का बकाया है। इसको लेकर उन्होंने शासन को भी पत्र भेजा है।

ऊर्जा निगम को भी पत्र भेज कर कनेक्शन नहीं काटने का अनुरोध किया है। कहा कि पालिका 5 से 10 लाख जितना संभव हो सके उतना भुगतान करेगी। ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आरएस बिष्ट का कहना है कि अन्य नगर पालिकाओं ने सारा विद्युत बिल का भुगतान कर दिया है, लेकिन नैनीताल नगर पालिका भुगतान नहीं कर रही है। कहा कि अगर पालिका ने भुगतान नहीं किया तो 17 कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

# पारंपरिक खेलों को दे रहे बढ़ावा

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** बच्चों के पारंपरिक खेल आज तेजी से लुत्फ हो रहे हैं क्योकि इस पीढ़ी के बच्चे मोबाइल में वीडियो गेम्स खेलने तथा टीवी पर कार्टून देखने में ज्यादा व्यस्त हैं। आजकल के बच्चे अपने पारंपरिक खेलों जैसे गुल्ली डंडा, पिट्टू गरम, बाघ बकरी, मुर्गा झपट आदि से अंजान हैं।

बच्चों को इन भुला दिए गए खेलों से परिचित कराने तथा रुचि पैदा करने का एक प्रयास जीपीएस बांसा के शिक्षकों ने किया है। शिक्षक दीपक नौगाईं 'अकेला' और शंकरनाथ गोस्वामी की पहल पर छात्रों को इन खेलों को खेलने के तरीकों से अवगत कराते हुए स्वयं भी उनके साथ खेल में प्रतिभाग किया जाता है। छात्र स्वयं अपने घरों से गुल्ली डंडा, कपड़े की गेंद आदि बनाकर लाते हैं। इससे छात्र अपने पारंपरिक खेलों से परिचित होते हैं, उनमें इन खेलों के प्रति रुचि उत्पन्न होती है तथा उनका शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है।


जीपीएस बांसा में परंपरागत खेल खेलते बच्चे। ● अमृत विचार




परेशानी | सुबह 9 से शाम 4 बजे तक गायब रहती है बिजली, बिजली के अभाव में छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही

# गौलापार में दिनभर बिजली रहती है गुल, लोग हुए परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार में दिनभर बिजली गुल रहने से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि कई क्षेत्रों में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक बिजली गायब रहती है।

गौलापार के कई क्षेत्रों में दिनभर बिजली गुल रहने से लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। लोगों ने कहा कि बिजली गुल रहने से उनके कामधंधे प्रभावित हो रहे हैं। कहा कि ज्यादातर समय बिजली के गायब रहने से इसका सीधा असर लोगों के रोजगार पर पड़ रहा है। बिजली के अभाव में छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। लोगों ने बताया कि 10वीं व 12वीं की बोर्ड परिक्षाओं के चलते छात्र कई विषयों की जानकारी मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप आदि से लेते हैं लेकिन बिजली न होने से उन्हें भी खासी दिक्कतें हो रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन बिष्ट ने बताया कि इन दिनों हाइवे आदि में पोल-तार बदलने जाने से दिनभर बिजली कटौती की जा रही है लेकिन इससे लोगों की जनजीवन पर विपरीत असर पड़ रहा है। दीवान सिंह सम्मल बताते हैं कि खीड़ा, नवाड़, देवला, कुंवरपुर, लछमपुर, लखनपुर, जीतपुर, देवपुर आदि क्षेत्रों में दिनभर बिजली गायब रहती है। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत बगडवाल कहते हैं कि वर्तमान में लगभग हर चीज बिजली से जुड़ी होने से लोगों का परेशान होना स्वभाविक है, जबकि शिकायत करने पर अधिकारियों के पास पचास बहाने हैं। इधर, विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इन दिनों लछमपुर, जीतपुर, देवपुर आदि में सिंगल की जगह थ्री फेस बंद केबल लगाए जा रहे हैं, जिस कारण लाइन बंद की जा रही है। उन्होंने बताया कि गौलापार में करीब 25 किलोमीटर तक केबल लगनी है लेकिन लोड बांधने में समय लगने के कारण अभी 5-6 किलोमीटर तक ही काम हो पाया है। उन्होंने बताया कि यहां के लोग सालों से लो-वोल्टेज की समस्या से पीड़ित थे लेकिन थ्री फेस होने के बाद गर्मियों में दिक्कतें नहीं आएंगी।


अर्जुन बिष्ट।


दीवान सिंह।


हेमंत बगडवाल।

### 8 घंटे बिजली गुल, अधिकारी नींद में

शहर में 8-8 घंटे बिजली गुल रहने पर भी विद्युत विभाग के अधिकारी नींद में हैं। बाकायदा, वह यहां तक दावा करते हैं कि ऐसा संभव ही नहीं है। शनिवार को रानीबाग से दमुवाढूंगा, मल्ली बमौरी क्षेत्र में सुबह 9 बजे से गायब बिजली शाम 5 बजे आई। विद्युत विभाग के अधिकारियों को कारण जानने के लिए फोन किया तो उन्हें इसकी जानकारी ही नहीं थी कि क्षेत्र में 8 घंटे बिजली की कटौती रही। वह बार-बार यही दावा करते रहे कि ऐसा संभव ही नहीं है। इधर, लंबे समय तक बिजली गायब रहने दमुवाढूंगा के उपभोक्ता खासे परेशान रहे।

> गौलापार के कई क्षेत्रों में सिंगल फेज की लाइनें बदली जा रही हैं, इसलिए कार्य के दौरान बिजली प्रभावित रहती है।
>
> **– प्रदीप कुमार, ईई, विद्युत विभाग**

### दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के घर शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे शुरू हुई कुर्की की कार्रवाई शनिवार तक जारी रही, तमाशबीनों की लगी रही भीड़

# मलिक की कोठी से मिली राडो की घड़ी, सऊदी का इत्र और विदेशी करेंसी

- लाइन नंबर 8 में बनी कोठी से करीब 2 करोड़ का माल किया गया कुर्क

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की कोठी कुर्क करने पहुंची पुलिस भी दंग रह गई। बाहर से सामान्य दिखने वाली लाइन नंबर 8 में बनी कोठी अंदर से आलीशान है। 18 घंटे से अधिक वक्त तक चली कार्रवाई में पुलिस को बेशकीमती राडो की घड़ियां, सऊदी का इत्र और विदेशी करेंसी के साथ एक ऐसा डाइनिंग टेबल सेट मिला, जिसकी कीमत 8 लाख रुपये के करीब आंकी जा रही है। कुर्की की कार्रवाई पैरामिलिट्री फोर्स की निगरानी में की गई। शुक्रवार को शुरू हुई कार्रवाई अगले दिन शनिवार दोपहर में खत्म हो सकी।

दंगे का मास्टर माइंड लाइन नंबर 8 में बने घर में अपनी पत्नी, बेटे मोईद और बहू के साथ रहता है। इस कोठी में करीब 15 कमरे हैं। शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरू की, जो रात 12 बजे तक जारी रही। अगली सुबह करीब 10 बजे फिर कुर्की का सिलसिला शुरू हुआ तो दोपहर बाद तक जारी रहा। करीब 18 घंटे चली इस कार्रवाई में पुलिस ने मलिक के घर में लगे हर वो सामान जब्त कर लिया, जो बिक सकता है। जिसमें घर के खिड़की और दरवाजे भी शामिल हैं।

सूत्रों का कहना है कि कोठी से पुलिस ने करीब डेढ़ दर्जन विदेशी घड़ियां बरामद की हैं, जिसमें सबसे महंगी घड़ियां बनाने वाली राडो कंपनी की घड़ियां भी हैं। 30 जोड़ी से अधिक चप्पल-जूते, लाखों का झूमर और हर कमरे में पुलिस को महंगे बेड और सोफा सेट मिले। पुलिस ने घर के दरवाजे पर पड़े डोरमेट से लेकर छतों के पंखे, बाथरूम में लगे गीजर, फर्नीचर, ज्वैलरी, साज-सज्जा का सामान, विदेशी घड़ियां, सउदी का इत्र, जिम आदि का सामान, सोफा सेट, क्रॉकरी, वाहन समेत सबकुछ जब्त कर लिया है। पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई निवर्तमान पार्षद और अन्य लोगों के घर भी शुरू कर दी है।


दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के घर से कुर्की के दौरान सामान ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

#### छह से ज्यादा डंपरों में भी नहीं समाया सामान

**हल्द्वानी :** 18 घंटे के करीब चली कुर्की की कार्रवाई ने पुलिस को भी थका दिया। शुक्रवार दोपहर से सामान ढोने में लगे नगर निगम के कर्मी शनिवार दोपहर तक बरामद सामान की ढुलाई करते रहे। मलिक की कोठी से इतना माल निकला कि उसे भरने के लिए आधा दर्जन डंपर भी कम पड़ गए। इधर, गुरुवार को कुर्की की कार्रवाई कर्फ्यू में चली, लेकिन अगले दिन कर्फ्यू खुला तो कोठी के बाहर तमाशबीनों से भीड़ लग गई।

#### पुलिस का बगीचा में रखा कुर्क सामान

**हल्द्वानी :** बताया जा रहा है कि मलिक की कोठी से जब्त पूरा सामान देखरेख चौकी मैदान (मलिक का बगीचा) में पैरामिलट्री की निगरानी में रखा गया है। शनिवार को पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने पूरे सामान की सूची तैयार की। इस दौरान नए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ लालकुआं संगीता, तहसीलदार हल्द्वानी सचिन, कोतवाल लालकुआं डीआर वर्मा, एसओ कालाढूंगी नंदन सिंह रावत व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।


अब्दुल मलिक के घर से सामान कुर्क कर ले जाती टीम। ● अमृत विचार

#### 15 कमरों वाली कोठी में मिला पर्सनल जिम

**हल्द्वानी :** मलिक और उसका परिवार अपनी सेहत का पूरा ख्याल रखते थे। इसका पता तब लगा, जब कुर्की के दौरान घर से जिम के सामान निकलने लगे। पता लगा कि मलिक ने 15 कमरों वाले घर में परिवार के लिए एक पर्सनल जिम भी बना रखा था। इस जिम में मिली एयर साइकिल की कीमत ही हजारों में है। इसके अलावा करीब 60 हजार कीमत की एक ट्रेडमिल मिली है, जिस पर दौड़ कर वो अपना वजन कम करता था।


अब्दुल मलिक के घर के बाहर मौजूद पुलिस टीम। ● अमृत विचार

## दंगाइयों के पथराव में घायल राजेश की एसटीएच में मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** दंगाइयों का शिकार एक युवक की इलाज के दौरान सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुर्पद कर दिया।

युवक के पैर और सिर में गहरे घाव के निशान थे। राजेश (35) पुत्र बाबू लाल निवासी वार्ड चार 16 क्वाटर को पुलिस की 112 ने नौ फरवरी को सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवक के सिर और पैर में चोट के निशान है और माना जा रहा है कि वह दंगाइयों के पथराव में घायल हुआ था। हालांकि इसकी जांच होनी अभी बाकी है। मेडिकल चौकी इंचार्ज प्रवीण तेवतिया ने बताया कि घायल युवक का सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। शनिवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी राजेश का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद शव पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

### एक नजर

#### बनभूलपुरा में हर एक का होगा सत्यापन : एसपी

**हल्द्वानी :** एसपी सिटी हल्द्वानी के पद पर आसीन होते ही प्रकाश चंद्र ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं। उनका कहना है कि बनभूलपुरा के साथ शहर में रहने वाले हर व्यक्ति का सत्यापन कराया जाएगा और जल्द ही इसको लेकर अभियान की शुरुआत होगी। चार्ज संभालते ही एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बनभूलपुरा थाना, बनभूलपुरा क्षेत्र और देख-रेख चौकी का निरीक्षण किया। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने कहा, उनकी पहली प्राथमिक शहर में कानून और शांति व्यवस्था को बनाए रखना है। हाल में हुए दंगे के बाद यह जरूरी हो गया है कि हर किसी का सत्यापन किया जाए। हालात पूरी तरह सामान्य होते ही बनभूलपुरा में सत्यापन अभियान शुरू होगा। इसके अलावा नशे पर लगाम कसी जाएगी। इस बार सिर्फ पैडलर नहीं, बल्कि वो पकड़े जाएंगे जो नशे के धंधे की असल जड़ हैं। इसके अलावा सुगम यातायात को लेकर भी उन्होंने बड़ा प्लान बनाने की बात कही। थाने और चौकियों पर सुनवाई दिवस चलाने की बात भी कही। इसके ठीक बाद वह बनभूलपुरा का हाल जानने पहुंचे। उन्होंने पहले बनभूलपुरा थाने का निरीक्षण किया और फिर देख-रेख चौकी (पुलिस का बगीचा) पहुंचे।



#### राजपुरा और आंवला चौकी गेट पर खनन शुरू

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में कर्फ्यू में ढील मिलने के बाद वन विभाग ने भी गौला नदी के राजपुरा और आंवला चौकी गेट खोल दिए हैं। बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए बवाल के बाद जिला प्रशासन ने समूचे बनभूलपुरा में कर्फ्यू लगा दिया था। इस वजह से बनभूलपुरा से सटे हुए गौला नदी के तीन उपखनिज निकासी गेट राजपुरा, इंद्रा नगर, आंवला चौकी गेट पूरी तरह बंद थे। जब कर्फ्यू में ढील मिली तो वन व वन निगम ने दोनों गेट खनन के लिए खोल दिए हैं।

# पूर्व युकां नेता समेत 14 और दंगाई गिरफ्तार

### मुखानी थाने की गाड़ी फूंकने और पीएसी जवान को लूटने वाले भी गिरफ्तार, अब तक कुल 58 पकड़े जा चुके

- गिरफ्त में 3 वो दंगाई भी जिनकी संपत्ति कुर्क कर चुकी पुलिस
- पेट्रोल बम और पीएसी जवान से लूटी गई मैगजीन भी बरामद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दंगाइयों पर पुलिस का एक्शन लगातार जारी है। शुक्रवार तक 44 दंगाइयों को सलाखों के पीछे भेजने वाली पुलिस ने शनिवार को पूर्व युवा कांग्रेस के नेता समेत 14 और दंगाई गिरफ्तार कर लिए। इसमें मुखानी थाने की गाड़ी फूंकने और पीएसी जवान से लूट करने वाले दंगाई भी शामिल हैं। गिरफ्तार दंगाइयों में तीन ऐसे नाम भी हैं, जिनकी संपत्ति पुलिस कुर्क कर चुकी है। पुलिस जल्द ही और बड़ी गिरफ्तारियों का दावा कर रही है। अब तक पुलिस 58 दंगाई सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया, बनभूलपुरा दंगे के मामले में बनभूलपुरा पुलिस, नगर निगम और मुखानी थाने की ओर से तीन मुकदमे दर्ज कराए गए थे। घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी खंगालने और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के घर में दबिश दी गई।

बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज मामले में पुलिस ने शकील अंसारी पुत्र जमील अहमद निवासी इन्द्रानगर बड़ी मस्जिद के पास बनभूलपुरा (नामजद), यूथ कांग्रेस का पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मौकिन सैफी पुत्र नईम सैफी निवासी शाहजी मस्जिद के पास गौजाजाली (नामजद), जियाउल रहमान पुत्र अखलाख हुसैन निवासी सरताज कबाड़ी के पास लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा (नामजद), शारिक सिद्दिकी पुत्र फिदा हुसैन निवासी ताज मस्जिद के पीछे नई बस्ती वार्ड नंबर 25 बनभूलपुरा, मौ. दानिश पुत्र मौ. नईम निवासी लाइन नंबर 14 वार्ड 23 हैं।

इनमें से शारिक और मो. दानिश घटना के दिन पीएसी जवान से उसकी राइफल छीनने की कोशिश की और सरकारी मैगजीन लूट कर फरार हो गए थे। मैगजीन आरोपियों से बरामद कर ली गई है। वहीं मुखानी थानाध्यक्ष के सरकारी वाहन में आग लगाने वाले मो. फैजान पुत्र अनीश अहमद निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 26 मोमबत्ती की फैक्ट्री के सामने बनभूलपुरा और शहजाद उर्फ छोटा पुत्र मो. अशफाक निवासी निकट दुर्गा मन्दिर इन्द्रानगर बनभूलपुरा के साथ सलीम मिकरानी पुत्र मो. आशिफ निवासी वार्ड नंबर 25 लाल स्कूल के पास नई बस्ती बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना के दिन पेट्रोल बम का इस्तेमाल करने वाले फैजान के घर से 4 पेट्रोल बम भी बरामद किए हैं। फैजान और शहजाद ने दंगे के दौरान पेट्रोल डालकर थानाध्यक्ष मुखानी के सरकारी वाहन में आग लगा दी थी।

इनके अलावा पुलिस ने अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल सलाम उर्फ हालिपुरा निवासी नई बस्ती काबी मस्जिद के पास गोपाल मंदिर बनभूलपुरा, मो. इमरान पुत्र अनीश निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 36 बनभूलपुरा, हैदर पुत्र मो. उमर निवासी मलिक का बगीचा वार्ड 31 मुस्तफा सटोरिया के घर के पास बनभूलपुरा, जावेद उर्फ फिसड्डु पुत्र अब्दुल रईम निवासी नई बस्ती बनभूलपुरा, गुड्डू वारसी उर्फ टीन पुत्र नसीम अहमद निवासी बड़ी मस्जिद के पीछे इन्द्रानगर बनभूलपुरा और फहद पुत्र शफीक मियां निवासी लाइन नंबर 10 आजाद नगर बनभूलपुरा हैं।


पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार किए गए उपद्रवी। ● अमृत विचार


गिरफ्त में आरोपी।






#### कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मौकिन सैफी और पूर्व पार्षद समेत 5 के घर की कुर्की हुई

**हल्द्वानी :** पुलिस ने जिन 9 वांटेड के पोस्टर जारी किए थे, उसमें कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मौकिन सैफी का भी नाम है। करीब 18 घंटे चली अब्दुल मलिक के घर कुर्की की कार्रवाई के बाद पुलिस ने अब अन्य फरारों के घर भी कुर्क करने शुरू कर दिए हैं, जिसमें मौकिन सैफी भी शामिल है। कुर्की की इस कार्रवाई में निवर्तमान पार्षद भी हैं। पुलिस ने जिन फरार वांटेड के पोस्टर जारी किए थे, उसमें मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक, उसका बेटा अब्दुल मोईद, निवर्तमान पार्षद शकील अंसारी, यूथ कांग्रेस का पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मौकिन सैफी, वसीम उर्फ हप्पा, एजाज अहमद, तस्लीम, जियाउल रहमान और रईस उर्फ दत्तू हैं। शनिवार को पुलिस ने वांटेड मौकिन सैफी और जियाउल हक को भी गिरफ्तार कर लिया। रविवार को मेडिकल जांच के बाद इन्हें भी जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस ने निवर्तमान पार्षद सहित पांच अन्य वांटेड की संपत्ति कुर्क करनी शुरू कर दी है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि फरार चल रहे सभी आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे।


## बेटे समेत सरेंडर करने की फिराक में मलिक

- बाकी बची संपत्ति को कुर्की से बचाने के लिए कर सकता है सरेंडर
- नामी वकीलों और राजनीतिक शरण में छिपता फिर रहा मलिक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की संपत्ति कुर्क होने लगी है। सालों से जुटाई कमाई को पुलिस के हाथ जाता देख मलिक बेचैन है और बताया जा रहा है कि मलिक जल्द ही न्यायालय के समक्ष बेटे के साथ सरेंडर कर सकता है। वहीं, पुलिस का भी दावा है कि वो दोनों को गिरफ्तार कर लेंगे।

अब्दुल मलिक को बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। वह 8 फरवरी से बेटे अब्दुल मोईद समेत फरार है। उत्तराखंड समेत कई राज्यों के तलाश के बावजूद जब दोनों पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े तो कोर्ट ने संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया। इसी के बाद गृह मंत्रालय से अब्दुल और मोईद के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया। पुलिस ने उसकी लाइन नंबर आठ बनभूलपुरा में बनी कोठी से सारा सामान कुर्क कर लिया है। अब पुलिस उसकी और संपत्तियों की तलाश कर रही है। इस काम में ईडी भी शामिल हो सकती है। सूत्रों की मानें तो अब्दुल खुद तो इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं कर रहा, लेकिन पुलिस की कार्रवाई पर पूरी नजर रख रहा है। वह वकीलों और राजनैतिक शरणदाताओं के संपर्क में है। इस कारण ही उसे पकड़ पाना मुश्किल हो रहा है। इधर, सालों की कमाई को यूं हाथ से निकलता देख उसे राय दी गई है कि वह बेटे समेत कोर्ट में सरेंडर कर दे। तब वह कुर्क संपत्ति को हासिल करने की अपील कर सकता है, यह न्यायालय पर है कि संपत्ति को रिलीज करे या नहीं। सूत्रों का कहना है कि दो से तीन दिन के भीतर अगर वह न्यायालय में सरेंडर कर देगा और इसके बाद कुर्की की कार्रवाई भी रुक जाएगी।



#### नहीं मिला आरोपी मलिक पत्नी और बहू भी फरार

**हल्द्वानी :** दंगे के बाद से सिर्फ अब्दुल मलिक और उसका बेटा अब्दुल मोईद ही फरार नहीं है, बल्कि न तो मलिक की पत्नी का पता है और न ही मोईद की पत्नी का। हालांकि दोनों ही दंगे ही अभी तक दंगे में शामिल नहीं बताए जा रहे हैं। शुक्रवार को जब पुलिस की टीम कुर्की करने लाइन नंबर आठ पहुंची तो वहां कोई नहीं मिला। ऐसी सुगबुहाट है कि जहां भी हैं, चारों साथ ही हैं।

#### मलिक और मोईद पर घोषित होगा इनाम

**हल्द्वानी :** कई राज्यों में तलाश, कुर्की और लुकआउट नोटिस जारी होने के बावजूद मलिक और मोईद पुलिस के हाथ नहीं लगे। ऐसे में पुलिस ने दोनों पर इनाम घोषित करने की तैयारी कर ली है। बताया जा रहा है कि अगर जल्द ही दोनों हत्थे नहीं चढ़ते तो दोनों पर बड़ा इनाम घोषित किया जाएगा। हालांकि यह कब तक होगा और कितना इनाम होगा, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

### बैठक

#### डीएम व एसएसपी ने विभिन्न संगठनों के साथ बैठक में जनता से की शांति की अपील

# शहर में बनभूलपुरा बलवा जैसी घटना दोबारा नहीं होने देंगे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह और एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने शनिवार को नगर निगम सभागार में विभिन्न व्यापार मंडल, राजनैतिक संगठन, धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। उन्होंने सभी से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

डीएम वंदना ने कहा कि शहर और जिले की सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला और पुलिस प्रशासन की है। शहर के सभी सम्मानित जन समझदार है। सभी लोग पूर्व की तरह शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग करें। एसएसपी मीणा ने कहा कि पिछले दिनों बनभूलपुरा में हुए बवाल के बाद अब शांति का माहौल है। शहर में इस तरह की घटना दोबारा नहीं होने दी जाएगी। घटना में शामिल शरारती तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने जनता से असामाजिक तत्वों को पकड़वाने में मदद की अपील की।

बैठक में पेट्रोल पंप एसोसिएशन, ट्रांसपोर्ट व्यापारी एसोसिएशन, व्यापार मंडल, बार एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन और राजनैतिक दलों ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मौलाना मो. मुकीम कासमी, अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब, महबूब अली, राहत मसीह, राम अवतार, कैलाश जोशी, मनोज तिवारी, जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसडीएम परितोष वर्मा, वीरेंद्र चड्ढा, योगेश भारद्वाज, पंकज जायसवाल, राहुल छिमवाल आदि मौजूद थे।


नगर निगम सभागार में जनता के साथ बैठक करते प्रशासन व पुलिस के अधिकारी। ● अमृत विचार

#### डीएम सुरक्षा की गारंटी लें, बनभूलपुरा में होगी सफाई

पर्यावरण मित्रों के प्रतिनिधि राहत मसीह एवं रामअवतार राजौर ने कहा कि पर्यावरण मित्रों ने बनभूलपुरा में साफ-सफाई करने से इंकार कर दिया। उनका कहना है कि जानलेवा हमले होते हैं। कर्मचारियों का बीमा भी नहीं है ऐसे में कोई भी कर्मी वहां नहीं जाएगा। यदि डीएम व नगर आयुक्त उनकी सुरक्षा की गारंटी लेते हैं तो बनभूलपुरा में सफाई की जाएगी। इस पर डीएम ने उन्हें हर संभव सुरक्षा का आश्वासन दिया। इस पर पर्यावरण मित्र बनभूलपुरा में सफाई के लिए मान गए।

#### ये उठीं प्रमुख मांगें

1. शरारती तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए
2. बाहर से आने वाले व्यक्तियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य हो
3. पंपों पर खाली बोतलों में पेट्रोल देने के लिए बाध्य नहीं किया जाए
4. अस्थायी, संविदा, आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों का बीमा कराया जाए

# वर्ष 2018 से पूर्व बगीचे में मदरसा था न मस्जिद : डीएम

- डीएम वंदना सिंह ने कहा कि वर्ष 2019 में शुरू की प्लॉटिंग, कोविड-19 लहर में धड़ल्ले से काट दिए प्लॉट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने बनभूलपुरा में धीरे-धीरे कर्फ्यू हटाया जा रहा है, वहां हालात सामान्य हो रहे हैं।

अराजक तत्व रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फिर कोई गैरवांछनीय हरकत नहीं कर दे इसलिए रात्रि कर्फ्यू है, दिन में पूरी तरह ढील दे दी गई है। स्कूल बसें, टैक्सी वगैरह नियमानुसार संचालित हो सकती हैं। जनता ने प्रशासन पर भरोसा जताया है तो प्रशासन भी ढाल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि 5 मई से 6 फरवरी तक अतिक्रमण हटाने की 262 कार्रवाई हुई हैं। बनभूलपुरा में भी जो कार्रवाई हुई है, सरकारी जमीन से अवैध निर्माण हटाने की थी। हाईकोर्ट में पूर्व पार्षद ने जनहित याचिका लगाकर कहा था कि सरकारी जमीन स्टांप पर बेची जा रही है। इसी तरह की खरीद फरोख्त मलिक का बगीचा में जमीन की खरीद फरोख्त में हुआ था। यह आरोप कि समुदाय विशेष को टारगेट किया जा रहा है पूरी तरह गलत है। गौलापार के गंगापुर कबडाल में 64 बीघा जमीन से कब्जा छुड़ाया है जिसमें अन्य समुदाय के लोग काबिज थे।

डीएम ने कहा कि सैटेलाइज इमेज के मुताबिक वर्ष 2012 से 2017 तक मलिक का बगीचा में बगीचा था। 2018 के बाद बगीचा गायब हुआ और इसके बाद वहां मदरसा, मस्जिद बनाया गया। 2020 में कुछ हिस्से में प्लॉटिंग हुई और फिर कोविड-19 की लहर में 2023 तक जबरदस्त प्लॉटिंग कर दी गई। बस इस प्लॉटिंग को रोकने के लिए कार्रवाई की गई थी। यह पूरी तरह प्रशासन ने भूमाफिया अब्दुल मलिक के खिलाफ कार्रवाई थी, जिसे जानबूझकर तूल दे दिया गया।



#### हर मौत की होगी जांच

डीएम वंदना सिंह ने कहा कि बनभूलपुरा बलवे में जो भी लोग मारे गए हैं, हर मौत की जांच की जाएगी। जैसे प्रकाश की मौत का सच सामने आया है, वैसे ही हर मौत का सच भी सामने आएगा। पुलिस इनकी जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## सार संक्षेप

### स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा व न्याय पर हुई चर्चा


गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की बैठक में उपस्थित लोग।

**हल्द्वानी :** गवर्नमेंट पेंशनर्स ऑर्गेनाइजेशन ने सामाजिक सरोकारों से संबंधित मुख्य बिंदुओं के साथ ही स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और न्याय के बिंदुओं पर चर्चा की। ऑर्गेनाइजेशन की बैठक शनिवार को अरुणोदय धर्मशाला में हुई। बैठक में वरिष्ठ जन कल्याण समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे ने पेंशनर्स संगठन के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की और आश्वस्त किया कि पेंशनर्स संगठन सामाजिक व पेंशनर्स के हित में जो भी काम करेगा उस पर वरिष्ठ कल्याण समिति भरपूर सहयोग प्रदान करेगी। बैठक के दौरान सदन में एकता के प्रति होली को रंगारंग उमंग और एक पर्वतीय पहचान के रूप में बनाने के लिए आम सहमति बनी। लीलाधर पांडे ने बैठक की अध्यक्षता की। संगठन में हरिश्चंद्र तिवारी, सुंदरनाथ गोस्वामी और भुवन चंद सती ने नए सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान आरएस कैड़ा, एमएल शाह, डीडी भट्ट, बीडी पाठक, नवीन कांडपाल, श्याम सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह गोनिया, राजेंद्र सिंह बोरा आदि मौजूद रहे।

### एसकेएम में इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन



एसकेएम स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं।

**हल्द्वानी :** एसकेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक यूसी जोशी, प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा व प्रशासक ऋषभ जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमालय संगीत शोध समिति के निर्देशक धीरज उप्रेती व संगीत शिक्षक शुभम मठपाल रहे। इस मौके पर कार्ड मेकिंग, ओरिगेमी, ब्लाइंड आर्टिस्ट, ड्राइंग एंड कलरिंग, क्ले मॉडलिंग, रैपिंग, स्टैंड अप कॉमेडी, फ्लेमलेस कुकिंग, कैलीग्राफी आदि प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें आनंदा एकेडमी, कोरल इंटरनेशनल, इमैनुअल, सेंट मैरी, एलकैमै के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। अंत में प्रबंधक व प्रधानाचार्या ने अपने वक्तव्य में छात्रों को प्रोत्साहित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पर्यावरण संसद में दर्शिता व हिमानी का बेहतर प्रदर्शन


दर्शिता शाह व हिमानी गोस्वामी के साथ शिक्षक।

**हल्द्वानी :** महिला डिग्री कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की छात्रा दर्शिता शाह व बीकॉम ऑनर्स की छात्रा हिमानी गोस्वामी ने राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद में शानदार प्रदर्शन किया है। जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में क्वालीफाई करने के बाद दोनों छात्राओं का चयन फाइनल प्रतिस्पर्धा के लिए हुआ, जो नागपुर में हुई। इसमें देशभर के 30 बच्चों ने प्रतिभाग किया। दर्शिता को पेट्रोलियम मिनिस्टर का पोर्टफोलियो दिया गया था, जिसमें उन्होंने अपने रचनात्मक एवं इन्नोवेटिव विचारों के साथ शानदार प्रदर्शन किया। वहीं हिमानी गोस्वामी को फोटोग्राफी सेशन के लिए सिलेक्ट किया गया, जिसमें उन्होंने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित, पर्यावरण सेल के प्रभारी डॉ. शरद मिश्रा, एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता जोशी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने बधाई दी है।

### रंगारंग कार्यक्रम के बीच 12वीं के छात्रों की विदाई



विजडम स्कूल में विदाई समारोह के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं।

**हल्द्वानी :** विजडम पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह पोखरिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर कक्षा 11 के छात्रों ने स्वागत गीत के साथ-साथ पंजाबी, कुमाउनी व गढ़वाली गीतों पर नृत्य व नाटक की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सीनियर छात्रों के लिए रैंपवाक, फन गेम, रिडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मिस्टर फेयरवेल तरन रैक्वाल, मिस फेयरवेल यामिनी उपाध्याय रहीं। प्रधानाचार्य त्रिवेणी चंद्र कबडवाल ने बच्चों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर तैयारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य नीता पांडे, महेंद्र मेहरा, अरुण सिंह व कमलेश तिवारी रहे।

### कल निकालेंगे युवक कांग्रेस कार्यकर्ता मशाल जुलूस


रामनगर में पत्रकार वार्ता करते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता।

**रामनगर :** युवा कांग्रेस देश में बढ़ती बेरोजगारी व युवाओं पर हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ सोमवार को रामनगर में मशाल जुलूस निकालकर अपना विरोध जाएगी। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने बताया कि 19 फरवरी को शाम पांच बजे केंद्र सरकार के खिलाफ मशाल जुलूस का आयोजन किया गया है। इसमें भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर व प्रदेश प्रभारी सीवी चौहान शिरकत करेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार, उपाध्यक्ष सलमान सलमानी, तनुज दुर्गापाल सभासद, आलिफ सिद्दिकी, प्रदेश महासचिव सचिन कुमार पुच्ची, प्रदेश सचिव अब्दुल रहमान मौजूद रहे।

### बीडीसी सदस्य कटारिया की पत्नी का निधन


सुनीता रानी

रामगर। बीते दिवस पापड़ी गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं महाबली स्टोन क्रशर के सांझीदार विजय कटारिया की 53 वर्षीय पत्नी सुनीता रानी का निधन हो गया। वह लंबे समय से गंभीर रोग से पीड़ित थीं। शनिवार को सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में उनका दाह संस्कार उनके खेतों में किया गया। उनकी चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र अभिनव कटारिया, हरगोपाल कटारिया ने दी।

# पेपर दे रहे छात्र की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**दुखद**

- फोन करने के बावजूद एंबुलेंस नहीं आने पर आक्रोश
- भाजपा नेता ने अपनी कार से एसटीएच पहुंचाया

संवाददाता, लालकुआं


जीआईसी लालकुआं के छात्र का पीएचसी में उपचार करते चिकित्सक।

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज लालकुआं में नवीं का पेपर दे रहे छात्र के सीने में तेज दर्द होने के चलते छात्र को गंभीर अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत बिगड़ने पर युवा भाजपा नेता बाबी सम्मल अपनी कार से छात्र को सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी ले गए।

25 एकड़ श्रमिक कॉलोनी निवासी कक्षा 9वीं का छात्र लखविंदर सिंह उम्र 15 वर्ष राजकीय इंटर कॉलेज लालकुआं में सामाजिक विज्ञान का पेपर दे रहा था, अचानक सीने में तेज दर्द हुआ तो आनन-फानन में उक्त छात्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं लाया गया, जहां चिकित्साधिकारी डॉ. लव पांडे और डॉ. प्रेमलता शर्मा ने उक्त छात्र को ऑक्सीजन देते हुए उसे तुरंत डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी ले जाने की सलाह दी।

इस पर राजकीय इंटर कॉलेज लालकुआं के प्रधानाचार्य डॉ. हेम चन्द्र जोशी समेत छात्र के परिजनों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को फोन किया। चिकित्सकों के अनुसार छात्र को ऑक्सीजन वाली एंबुलेंस से ही चिकित्सालय पहुंचना था, क्योंकि सीने में तेज दर्द के साथ-साथ छात्र को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। छात्र एवं विद्यालय के अध्यापक लगभग 2 घंटे तक 108 सेवा को फोन करते रहे तथा 108 सेवा की ओर से जवाब आता रहा कि आधे घंटे में गाड़ी पहुंच रही है, जब 2 घंटे बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची तो युवा भाजपा नेता बॉबी संभल अपनी कार लेकर आए और उक्त छात्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं के ऑक्सीजन संयंत्र के साथ सुशीला तिवारी अस्पताल को ले गए, वहीं क्षेत्रवासियों ने बताया कि लालकुआं में पिछले कुछ माह से 108 एंबुलेंस खराब हो जाने के चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# चोरों ने उड़ाई धूणी में लगी सोलर लाइट

संवाददाता, गरमपानी

**अपराध**

- पैनल व पाइप लेकर हो गए फरार, लाइट धूणी में फेंकी
- गांव के बीचोंबीच हुई घटना से सकते में गांव के लोग

**अमृत विचार :** नगरीय क्षेत्रों के साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। बेतालघाट ब्लॉक के तल्लाकोट गांव में हजारों रुपये की लगाई गई सोलर लाइट के पाइप व सोलर चोरों ने गायब कर डाले। जबकि लाइट को वहीं फेंक दिया गया। गांव के बीचोंबीच हुई घटना से हड़कंप मच गया है। ग्राम प्रधान ने जल्द घटना का खुलासा किए जाने की मांग उठाई है।

बेतालघाट क्षेत्र में एक के बाद एक घटनाएं सामने आ रही है। बीते दिनों जल जीवन मिशन योजना के सात लाख रुपये के पाइपों के गायब होने का अभी खुलासा भी नहीं हो सका था की अब चोरों ने तल्लाकोट गांव में सेंध लगा दी है। चोरों ने गांव के बीचोंबीच धूणी में श्रद्धालुओं की सुविधा को लगाई गई सोलर स्ट्रीट लाइट ही उखाड़ डाली। सुबह जब लोग पूजा पाठ के लिए धूणी पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। लाइट धूणी में फैंकी गई थी जबकि पैनल व पाइप गायब था। आनन फानन में सूचना गांव में पहुंचाई गई। ग्राम प्रधान दीपा देवी को भी घटना की जानकारी दी गई।

गांव के बीचोंबीच हुई घटना से स्थानीय लोग सख्ते में आ गए हैं। ग्राम प्रधान दीपा ने घटना की जानकारी पुलिस को दे खुलासे की मांग उठाई है। ग्राम प्रधान ने चोरी हुई सोलर लाइट की कीमत लगभग 18 हजार रुपये बताई है।

### बोर्ड परीक्षा को लेकर एमबीपीजी में बैठक 20 को

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड विभागीय शिक्षा परिषद रामनगर की ओर से 27 फरवरी से बोर्ड परीक्षा प्रारंभ की जा रही है, जो 16 मार्च को संपन्न होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में 20 फरवरी को एमबीपीजी कॉलेज में सुबह 11 बजे से सेक्टर मजिस्ट्रेटों व केंद्र व्यवस्थाओं की बैठक होगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने सभी विकासखंड के केंद्र व्यवस्थाओं को बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

# एसटीएच से असिस्टेंट प्रोफेसर ने छोड़ी नौकरी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के बाल रोग विभाग में कार्यरत एक असिस्टेंट प्रोफेसर (एपी) ने नौकरी छोड़ दी है। कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्होंने अपना कॉन्ट्रेक्ट रिन्यू नहीं कराया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन एसटीएच के बाल रोग विभाग में कॉन्ट्रेक्ट पर कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. बिंदु देउपा का कार्यकाल बीती 8 फरवरी हो पूरा हो गया था। इसके बाद उन्होंने अपना कॉन्ट्रेक्ट रिन्यू नहीं कराया और नौकरी छोड़ दी।

विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रितु रखोलिया ने बताया कि डॉ. बिंदु के जाने के बाद अब विभाग में 4 असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत हैं, जबकि दो पद खाली पड़े हैं। इसके लिए एसोसिएट प्रोफेसर के दो पद हैं जो खाली हैं। वहीं एक प्रोफेसर का पद भी खाली पड़ा है।

# संयुक्त सचिव की कार और बाइक की भिड़ंत में तीन लोग घायल

संवाददाता, हल्द्वानी


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार और बाइक।

**अमृत विचार :** दोपहर रामपुर रोड पर संयुक्त सचिव उत्तराखंड सरकार की कार और बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। तीनों हालत ठीक बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक संयुक्त सचिव उत्तराखंड सरकार का बोर्ड लगाए कार संख्या यूके 17 टीए 0774 रामपुर रोड पर हल्द्वानी की ओर आ रही थी। जबकि बाइक संख्या यूके 04एसी 4627 पर सवार दो युवक हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। गन्ना सेंटर के पास जिओ पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टीपीनगर चौकी के एसआई त्रिभुवन के मुताबिक घटना में कार के चालक और बाइक सवार दो लोगों को मामूली चोट आई है। हालांकि हादसा किन परिस्थितियों में पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## स्पोर्ट्स कोच करेंगे मुख्यमंत्री से मुलाकात

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत 21-22 फरवरी को प्रदेशभर से सभी स्पोर्ट्स कोच को देहरादून बुलाया गया है, जहां उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से होगी। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्य भी मौजूद रहेंगी।

परेड ग्राउंड के हॉल में होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री संवाद के साथ ही राष्ट्रीय खेल के लिए प्रत्येक कोच को पांच खिलाड़ी तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपेंगे। इसके लिए खेल विभाग ने पांच का पंच स्लोगन भी दिया है। हालांकि, अभी इस संबंध में जानकारी नहीं दी गई है कि कार्यक्रम में अस्थाई कोच भी शिरकत करेंगे या नहीं। बता दें कि अस्थाई कोचों को हर साल 15 फरवरी से तीन महीने के लिए हटा दिया जाता है।

# कल से बदलेगा मौसम का मिजाज, अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौसम विभाग देहरादून के पूर्वानुमान के अनुसार जनपद नैनीताल में 19 से 21 फरवरी तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की भी संभावना है। इसको लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है।

19 व 20 फरवरी को पूरे राज्य में बारिश की संभावना है। 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी हो सकती है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जारी अलर्ट को देखते हुए नैनीताल जिला प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट हो गया है। एडीएम फिंचाराम चौहान ने बताया कि जनपद के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं मध्यम वर्षा, शीत लहर के साथ-साथ पाले की संभावना है। अतिवृष्टि, ओलावृष्टि व हिमपात से संभावित क्षति एवं मार्ग बाधित होने की घटनाओं से निपटने के लिए अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया है। लोनिवि के समस्त संबंधित खण्डों में हिमपात, भूस्खलन से संवेदनशील मार्गों व स्थानों पर उक्त अवधि में जेसीबी मशीनों व गैंग कर्मिकों की तैनाती 24 घंटे सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सभी जिला, परगना, विकासखंड एवं संबंधित क्षेत्राधिकारी अपने-अपने मुख्यालय पर बने रहेंगे और आपदा संबंधी सूचना कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराने को कहा है।

## मुख्यमंत्री से उपनल कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने का अनुरोध

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन (आईएनटीयूसी) ने कर्मचारियों पर किए गए लाठीचार्ज की निंदा की है। बता दें कि सैनिक कल्याण मंत्री के घेराव के दौरान पुलिस ने उपनल कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के सदस्यों पर लाठीचार्ज किया था। आईएनटीयूसी ने कहा कि पुलिस ने आंदोलन को कुचलने के लिए अवैधानिक कार्रवाई की है।

कहा कि आईएनटीयूसी ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े तीनों निगमों (यूपीसीएल, यूजेवीएनएल व पिटकुल) में कार्यरत संविदा कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है और उक्त आंदोलन व मांगों का पूर्ण समर्थन करता है। संगठन ने मुख्यमंत्री से उपनल कर्मचारियों के नियमितिकरण, समान वेतन व महंगाई भत्ते सहित विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर वार्ता के माध्यम से समाधान करने का अनुरोध किया। आईएनटीयूसी के प्रदेश महामंत्री मनोज पंत ने कहा कि समाधान न होने की स्थिति में संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## बाजार में सफाई होने के बावजूद कुछ दुकानदार फैला रहे कूड़ा

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर खैरना बाजार क्षेत्र में जिला पंचायत से तैनात पर्यावरण मित्र के सफाई करने के बावजूद कुछ दुकानदार बाजार में फिर कूड़ा डाल रहे हैं। बाजार क्षेत्र में कूड़ा बिखरा होने से आवाजाही करने वाले स्कूली बच्चों व गांवों से खरीददारी करने को बाजार पहुंचने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने सफाई के बाद कूड़ा फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

दरअसल हाइवे पर स्थित खैरना बाजार क्षेत्र में जिला पंचायत नैनीताल से दो पर्यावरण मित्रों की तैनाती है। दोनों ही पर्यावरण मित्र रोजाना बाजार क्षेत्र में सफाई करते हैं। दुकानों के आगे पड़ी गंदगी का निस्तारण भी किया जाता है पर खैरना क्षेत्र में कुछ दुकानदार बाजार की सफाई हो जाने के बावजूद दुकानों से कूड़ा निकाल हाइवे पर डाल रहे हैं।










## सार-संक्षेप

### चिकित्सा प्रतिपूर्ति का शासनादेश लागू होने पर जताई खुशी

**हल्द्वानी :** राजकीय पेंशनर्स परिषद ने विभिन्न मांगों को लेकर बैठक की। परिषद ने बद्रीपुरा स्थित लोनिवि संघ भवन में आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पेंशनर्स ने सरकार की ओर से चिकित्सा प्रतिपूर्ति का शासनादेश लागू करने पर सरकार का आभार व्यक्त किया है। परिषद ने वरिष्ठ पेंशनर्स को ध्यान में रखकर शासनादेश को व्यवहारिक व सरल बनाने की मांग करते हुए इसे 2021 से ही लागू करने की मांग की है। सभी पेंशनर्स से परिषद की सदस्यता ग्रहण करने की मांग की है। इसके साथ ही संगठन के मुख्य सलाहकार बीडी गुरुरानी की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीर सिंह बिष्ट, संचालन महामंत्री ललित लोहनी, यतीश पंत, पान सिंह, बीडी शर्मा, डीएस नेगी आदि उपस्थित रहे।

### रवि रोटी बैंक संस्था कर रही कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्रों में सेवा



**हल्द्वानी :** कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्रों में रवि रोटी बैंक संस्था सेवा कर रही है। पिछले 10 दिनों से रवि रोटी बैंक कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्रों में तैनात पुलिस कर्मियों, आईटीबीपी, बीएसएफ जवानों के साथ ही आवश्यक सेवा गैस, नगर निगम कर्मचारियों को चाय, फल, भोजन उपलब्ध कराने का काम कर रही है। इसके साथ ही संस्था कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्रों में दवा उपलब्ध करा रही है। संस्था की टीम में अध्यक्ष तरुण सक्सेना के साथ मनीष पाण्डेय, तुषार सक्सेना, हेमंत साह, महावीर, सन्नी, विपिन,नवीन, सूरज, कमल, अंकित आदि सेवारत रहे।

### डीएम वंदना ने घायलों का हालचाल जाना

**हल्द्वानी :** डीएम वंदना सिंह ने शनिवार सायं सुशीला तिवारी अस्पताल में बनभूलपुरा में हुई हिंसा के दौरान घायल हुए लोगों का हाल-चाल जाना। चिकित्सकों ने बताया कि एक युवक ट्रामा आईसीयू में भर्ती है जबकि दूसरा युवक आईसीयू में है। उनका समुचित इलाज किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि उपचार को देखते हुए यदि घायलों को हायर सेंटर रेफर करना जरूरी हो तो उसे रेफर किया जाए। दोनों घायलों के स्वास्थ्य की फीडबैक लेते हुए डीएम ने डॉक्टर को बेहतर उपचार देने दिए जाने के निर्देश दिए।

### साइबर अपराध से सचेत रहने के लिए किया जागरूक



जीडी गोयनका विद्यालय में साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक करते वक्ता।

**भीमताल :** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में विशेष साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी ने भीमताल के जीडी गोयनका विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों को साइबर अपराध के विषय पर जागरूक किया। इस दौरान लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, जेंडर जस्टिस आदि विषयों पर जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी नवाब खान ने किया।

### दीया बिष्ट ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पाई सफलता

**चोरगलिया :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किशनपुर हल्द्वानी की छात्रा दीया बिष्ट ने भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित इंस्पायर अवॉर्ड मानक के लिए वर्ष 2022-23 में प्रथम चरण प्राप्त करने के बाद अब नरेंद्र नगर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी सफलता प्राप्त की है। दीया बिष्ट ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर विद्यालय के साथ ही जिले को भी गौरवान्वित किया है।

### 31 मार्च तक लक्ष्य पूरा करें : सीडीओ

**भीमताल :** विकास भवन सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री दीदी योजना की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर योजना में प्रगति नहीं आने पर वेतन रोकने की चेतावनी दी। बताया कि जनपद को 4000 लक्ष्य दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक 1500 महिलाओं को चिन्हित कर लिया गया है। सीडीओ ने सप्ताह भर के भीतर प्रगति रिपोर्ट सही नहीं होने पर वेतन रोकने की कार्रवाई करने को कहा है। सीडीओ ने अधिकारियों से 31 मार्च तक योजना के लक्ष्य पूरे करने को कहा है।

### 6 माह से नहीं आए घरेलू बिजली कनेक्शन के बिल

**भीमताल :** विकासखंड भीमताल के अंतर्गत हैडिया ग्राम सभा में पिछले 6 माह से घरेलू विद्युत कनेक्शन के बिल नहीं आने से जनता परेशान है। इस संदर्भ में स्थानीय निवासी और मंडल उपाध्यक्ष कमल जोशी ने सहायक अभियंता को पत्र लिखकर शीघ्र से शीघ्र बिल भेजने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया है कि फोन द्वारा पिछले 6 माह से बिल के संदर्भ में विभाग को अवगत कराया जा रहा है पर विभागीय कार्रवाई अभी तक अपेक्षित है। अवगत कराया है कि एक मुश्त अधिक राशि के बिल आने पर ग्रामीण बिल का भुगतान करने पर असमर्थ होंगे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को यथाशीघ्र रीडिंग अनुसार बिजली के बिल देने को कहा है। भेजे गए पत्र में क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रकला जोशी के भी हस्ताक्षर हैं।

### एथेनॉल प्लांट को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

**कालाढूंगी :** चकलुवा क्षेत्र में निमार्णाधीन एथेनॉल प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का विरोध जारी है। ग्रामीणों ने मानकों की जांच करने की मांग करते हुए चौथे दिन धरना जारी रखा। बीते बुधवार से गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले तहसील में चौथे दिन शनिवार को भी ग्रामीणों का धरना जारी रहा। ग्रामीणों का कहना है कि चकलुवा सूरपुर गांव में एथेनॉल प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है जिसका विरोध ग्रामीण विगत दो वर्षों से करते आ रहे हैं। शासन-प्रशासन हमारी अनदेखी कर रहा है। इस दौरान रवि दिगारी, मोहन खोलिया, भुवन पांडे, विनोद बुढलाकोटी, कुंदन बसेडा, पंकज नेगी, ललित कांडपाल, राजू जंतवाल, गिरीश पडलिया, आनंद खनायत, गोपाल बुढलाकोटी, हरीश मेहरा, विक्रम जंतवाल, लाल सिंह जंतवाल आदि उपस्थित रहे।

धर्मस्थल तोड़ने के निर्णय को लेकर सोशल मीडिया का एक गुट डीएम की गिरफ्तारी की मांग उठाता दिखाई दिया


# एक्स पर शुरू हुआ वार...जिलाधिकारी वंदना हुईं ट्रेंड

भूपेश कन्नौजिया, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शनिवार दोपहर अचानक नैनीताल की डीएम वंदना सिंह सोशल मीडिया एक्स में ट्रेंड करने लगीं। यहां दो पक्ष देखने को मिले और देखते ही देखते उनके समर्थकों के आगे विरोधी परास्त नजर आए। दोपहर दो बजे बाद धर्मस्थल तोड़ने के निर्णय को लेकर सोशल मीडिया का एक गुट डीएम वंदना की गिरफ्तारी की मांग भी उठाता दिखाई दिया।

इसे लेकर एक्स पर हैशटेग अरेस्ट वंदना सिंह #ArrestVandanaSingh ट्रेंड करने लगा और राज्य के कई बाहरी क्षेत्रों यहां तक कि विदेशों में रहने वाले संप्रदाय विशेष के लोग इसे खूब शेयर करने लगे। मगर जैसे-जैसे समय बीतता गया रात 8 बजे तक हैशटेग आई सपोर्ट वंदना सिंह #ISupportVandansingh ट्रेंड करने लगा। कई लोग उनके पक्ष में आ गए। आपको बता दें बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा क्षेत्र में मदरसे और मस्जिद को हटाने के दौरान आगजनी और पथराव हो गया था जिसमें तमाम पुलिसकर्मी,निगम कर्मी और पत्रकार घायल हो गए थे जबकि पांच दंगाइयों की मौत हो गई थी। जिसे लेकर शनिवार को समाज के एक वर्ग ने सोशल मीडिया एक्स में डीएम वंदना के निर्णय की खूब आलोचना करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की और उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस दौरान इंडियन अमेरिकन काउंसिल ने तो यहां तक लिख दिया कि डीएम को गिरफ्तार न करने के पीछे सरकार को इतना क्यों सोचला पड़ रहा है? और फैक्ट फाइडिंग टीम की रिपोर्ट को नजरअंदाज किए जाने की बात कही। लेकिन वहीं दूसरे पक्ष ने डीएम के सपोर्ट में मोर्चा खेल दिया और उन्हें त्वरित निर्णय लेने वाला, कानून के दायरे में रहते हुए उचित कार्यवाही करने वाला बताया। बहरहाल देर रात तक करीब साढ़े चार लाख से ज्यादा लोग डीएम के सपोर्ट में देखने को मिले और यह सिलसिला लगातार चलता रहा।




#### जानिए वंदना सिंह के बारे में

- हरियाणा के नसरुल्लागढ़ निवासी वंदना उत्तराखंड कैडर की 2012 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।
- वंदना ने कन्या गुरुकुल भिवानी से संस्कृत ऑनर्स और बीआर अंबेडकर विवि आगरा से एलएलबी की पढ़ाई की।
- 24 साल की आयु में वंदना ने पहले ही प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 8वीं रैंक हासिल की।
- उसके बाद उन्हें सीडीओ पिथौरागढ़ के पद पर तैनाती मिली, उसके बाद वंदना अल्मोड़ा की डीएम बनीं।
- अल्मोड़ा शहर में सीवर लाइन, ड्रेनेज सिस्टम, पार्किंग, पुस्तकालय समेत तमाम ज्वलंत समस्याएं हल कीं।
- मई 2023 में उन्हें नैनीताल जिले की डीएम नियुक्त किया गया। त्वरित निर्णय और अपनी बेबाक शैली के लिए वह पूरे प्रदेश में जानी जाती हैं।

# रामनगर के मंच पर उत्तराखंड की लोक गाथाओं का चल रहा जादू

प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के मंच पर कोटद्वार-रामनगर की शानदार रही प्रस्तुति

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के रंग मंच पर अंतिम दिन कोटद्वार व रामनगर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक गाथाओं का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोला। कोटद्वार के कलाकारों ने श्री कृष्ण नागराज गंगू रमोला की शानदार प्रस्तुति दी। शैल संगीत रंगमंच समिति द्वारा प्रकाश गढ़वाली के निर्देशन में लोक गाथा श्री कृष्ण नागराज गंगू रमोला का कथानक शानदार तरीके से मंच पर रखा।

आशीष कुमार, उत्कर्ष नेगी, प्रकाश गढ़वाली के अलावा शिवानी गौड़, सविता सिंह, आस्था शर्मा के गीतों ने लोकगाथा को और मजबूती प्रदान की। पर्वतीय महिला ग्राम विकास समिति भरतपुरी रामनगर द्वारा प्रस्तुत लोक गाथा रमोल गाथा ने भाव विभोर कर दिया। अमित बुधोड़ी के निर्देशन में रमोल का कथानक गंगू रमोल ओर उनके पुत्र सिधवा ओर विधुवा पर आधारित है। नाटक में दर्शाया गया कि गंगू रमोल रमोली कोट के सामन्त थे। अपनी पत्नी गांगी रमोल को घर मे छोड़कर वह घर मे छोड़कर वह युद्ध करने चले गए। पर जब उनकी पत्नी रमोल पर थी तो उन्हें वरदान स्वरूप दो पुत्रो की प्राप्ति हुई। जिनको लोकलाज के भय से गांगी उन्हें जंगल मे छोड़ देती है। आगे चलकर इन सिधुवा ओर विधुवा का पालन और शिक्षा दीक्षा गुरु गोरखनाथ की देखरेख में होती है। नाटक में दर्शाया गया है कि छल प्रपंच से रमोल के पुत्र सिधवा के लड़के को कालू वजीर मार डालता है। तभी परियों की सहायता से सिधुवा और विधुवा जीवित होते हैं और वह कालू वजीर को मार देते हैं। लोक नृत्य, लोक संगीत के जरिये नाटक को शशक्त बनाने का प्रयास किया गया। भुवन जोशी का नाट्य रूपांतरण शानदार रहा। अमित बुधोडी व ज्योति रावत के गायन से पौराणिक लोक गाथा दमदार बनकर उभरी। कार्यक्रम के अंतिम दिन विधायक दीवान सिंह बिष्ट, अध्यक्ष गिरीश मठपाल, सचिव दीप चंद्र जोशी, मुख्य निर्णायक श्रीश डोभाल, नरेश बिष्ट, डॉ कुसुम भट्ट, कमल बेलवाल, रोहित गोस्वामी, माया रावत,अनुज मिश्रा, भूपेंद्र खाती, नवीन करगेती, मोहन बिष्ट, मानवेन्द्र, मनोज पपनै, वीरेंद्र, विनीत रिखाड़ी, गोपाल कांडपाल, तरुण, गोपाल दत्त रिखाड़ी भावना भट्ट, नीमा मठपाल मौजूद रहे।



पौराणिक लोक गाथा में अभिनय करते कलाकार। ● अमृत विचार

#### लोक नृत्यों की मची रही धूम

**रामनगर।** प्रगतिशील सांस्कृतिक समिति के रंग मंच पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुमाउनी लोक नृत्यों की धूम रही। जनकल्याण समिति बागेश्वर, जोशीमठ, प्रयोगांक नैनीताल के कलाकारों ने जहां कुमाउनी लोक नृत्यों से समां बांधा। जोशीमठ ने झुमैला नृत्य दिखाकर दर्शकों का दिल जीता। प्रयोगांक नैनीताल ने कुमाउनी जागर के साथ अभिमन्यु वध को शानदार रूप से प्रस्तुत करने में कोई कसर नही छोड़ी। देर शाम तक चले कार्यक्रम में लोक कलाकार हुड़के की थाप पर जमकर थिरके।

### सुरा-सुरा हवा चली अपनी साड़ी संभाला...

**रामनगर।** प्रसिद्ध लोकगायिका माया उपाध्याय ने अपनी जादुई आवाज से लोकगीतों का ऐसा सुर छेड़ा कि दर्शक अपने स्थान पर ही झूमते नजर आए। देर शाम तक प्रगितशील सांस्कृतिक परिषद के रंग मंच पर लोक गायिका माया उपाद्याय ने जैसे ही फौज को सिपाही सिपाही आयो रेल मां सुनाया दर्शक वंसमोर की आवाज करते सुनाई दिए। चंदना गाड़ी चली पहाड़ लेन मां,जय बद्री विशाल जय जय पंच प्रयाग,आदु संसारा आदु मुनस्यारा मेरो पराण ज्वार मुनस्यारा, छोरी लछिमा सुरा सुरा हवा चली साड़ी संभाला, राधुली नाथूली को घेरा,राधूली के भालो मानी छ, हाई काकड़ी झिल मा लून पिसो शिल मां ओ माया तू बैठी र छ मयर दिल मां, झूलीधाटा शेर दा को होटला चिट्ठी मां लिख दयूलो माया को टोटल, क्रीम पोडरा घसनी किले ना मेरी निर्मला समझनी किले ना, में नी जानू नोकरी मां दिल्ली भोत दूर चाहा को होटल खोलूलो इत्ती टनकपुर,पहाड़ की चेली छू में नाम छू, मयर मोहिनी, बेडु पाको बारा मासा,ओ चंदू ड्राइवर माठू माठु गाड़ी चला जैसे लोक गीतों पर दर्शक झूमे।



# ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ क्रोध भर गया जलियावाला बाग नाटक

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** भारत रंग महोत्सव के तीसरे दिन अमृतसर निवासी विपिन कुमार के निर्देशन में दिखाया गया जलियावाला बाग फाइल्स नाटक ने जंगे आजादी में शहीद हुए निहत्थे बेकसूर भारतीयों के साथ हुई त्रासदी का ऐसा खाका खींचा कि दर्शकों में गोरी हुकूमत के खिलाफ घृणा के भाव उपजते दिखाई दिए।

बेकसूर लोगों के जुल्म को देख दर्शकों की आंखें कई बार नम होती दिखाई दीं। असल मे जलियावाला बाघ फाइल्स नाटक का कथानक एक डिस आनर इन्क्वारी कमेटी एंड एविडेन्स 1019- 20 में प्रकाशित इंटर कमेटी जांच में प्रकाशित रिपोर्ट की जानकारी पर आधारित है। मंच पर अंकित कुमार, प्रशांत सिन्हा, साहिल खान, जयंत ठाकुर, निशांत चौधरी, अंकित सिंह, शाहिद सिद्दकी, सिद्धार्थ चौधरी, विपिन, अंकुर गुलाटी, अर्पित कुमार, विवेका नंद, जसवंत सिंह मौजूद रहे।



रामनगर में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# राज्य स्तरीय ओपन टेनिस के फाइनल मैच आज होंगे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** चतुर्थ राज्य स्तरीय ओपन टेनिस प्रतियोगिता शनिवार को कई मुकाबले खेले गए। आपिटमम टेनिस एकेडेमी बैलपड़ाव में खेले गए 45+ आयु वर्ग के डबल्स इवेंट में भारत के नंबर-1 व विश्व में 52वें नंबर के खिलाड़ी अविनाश कुंवर व पीके वालिया की जोड़ी ने राजेश कुमार व पूरन सिंह बिष्ट को 7-2 से हराया।

मैंस ओपन के सिंगल्स इवेंट में सहर्ष पांडे ने शिवांग वर्मा को 7-6 से, डबल्स में सहर्ष पांडे व रजत कुमार सती ने मानस तिवारी व सुमित तिवारी की जोड़ी को 7-2 से हराया। 35+आयु वर्ग के सिंगल्स इवेंट में मोहित जगाती ने टीएस मोपवाल को 7-3 से, मोहित सिंह राठौर ने मोहित डबराल को 7-3 से, डबल्स में सौरभ अग्रवाल व मोहित डबराल की जोड़ी ने आशीष बिष्ट व ठाकुर सिंह मोपवाल को 7-4 से मात दी। 45+ आयु वर्ग के सिंगल्स इवेंट में अक्षय साह ने अमर जगाती को 7-6 से, डबल्स इवेंट में ललित मोहन जोशी व रितेश शर्मा की जोड़ी ने मानवेंद्र हरबोला व अमित जोशी को 7-4 से हराया। 55+ आयु वर्ग के सिंगल्स इवेंट में हेम चंद निखुरपा ने प्रेम सिंह रोहिला 7-2 से, अमित जोशी ने गिरीश कांडपाल को 7-1 से हराया।

# शहर को पानी देने वाला जल संस्थान खुद प्यासा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पूरे शहर को पानी उपलब्ध कराने वाला जल संस्थान कार्यालय खुद ही प्यासा हो गया है। तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय परिसर का ट्यूबवेल बीते गुरुवार से खराब है जिससे सैकड़ों परिवारों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

इससे डीएम आवास और चर्च कंपाउंड क्षेत्र में पानी की आपूर्ति होती है। ट्यूबवेल खराब होने के कारण यहां भी आपूर्ति ठप है। दूसरी तरफ इससे जल संस्थान के कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और शौचालय में भी सफाई नहीं हो पा रही है हालांकि कर्मचारियों ने बताया कि कार्यालय में पानी की व्यवस्था के लिये टैंकर मंगाया गया है। भगवानपुर जयसिंह के ट्यूबवेल से सुरभि कॉलोनी, खोलिया पार्क, आनंद विहार और कठघरिया के कुछ हिस्से में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिससे लोग पानी के लिये टैंकरों पर निर्भर हैं।

> परिसर में स्थित ट्यूबवेल से जिन क्षेत्रों में आपूर्ति होती हैं वहां गौला के पानी की भी आपूर्ति होती है इसलिये वहां टैंकर भेजने की जरूरत नहीं है। तीन दिन में इसे ठीक कर लिया जाएगा।
> **-रवींद्र कुमार, एई, जल संस्थान हल्द्वानी**

**अतिक्रमण** — दमुवाढूंगा में बरसाती नाले के पास पीएम आवास योजना से हुआ निर्माण

# सरकारी धन से नाले की जमीन पर बनाया मकान


▸▸ स्थानीय लोगों ने डीएम से की शिकायत, जांच की मांग उठाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रुपया सरकार का, जमीन नाले की और बना दिया पक्का मकान...जी हां ऐसा ही कुछ हुआ है दमुवाढूंगा क्षेत्र में। यहां बरसाती नाले के पास एक मकान का निर्माण पीएम आवास योजना के तहत हुआ लेकिन जिस जमीन पर मकान बना है वह नाले की है। स्थानीय लोगों ने मामले की शिकायत डीएम से करते हुए जांच की मांग की है।

पीएम आवास योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका लाभ आवासहीनों को आवास बनाने के लिए दिया जाता है। इसके लिए लाभार्थी के पास स्वयं की रजिस्ट्री की जमीन होनी चाहिए लेकिन हल्द्वानी के दमुवाढूंगा में चौकाने वाला मामला सामने आया है। यहां बरसाती नाले के पास वार्ड 37 में गंगा देवी पत्नी चंदन राम का आवास है। जिसकी दीवार पर एक लोगो चस्पा है, जिसमें लाभार्थी का नाम, आवास बनने का वर्ष 2022-23, पीएम आवास योजना का नाम और परियोजना क्रियान्वयन इकाई नगर निगम हल्द्वानी का नाम दर्ज है। चर्चा है कि जिस मकान पर लाभार्थी ने योजना का लाभ लिया है उसका निर्माण करीब आठ साल पहले ही हो गया था। मकान बनाने के लिए नगर निगम ने गंगा देवी को पूरा भुगतान कर दिया है। इस मामले की जैसे ही क्षेत्र के लोगों को भनक लगी उनमें रोष फैल गया।

जवाहर ज्योति वार्ड नंबर 37 दमुवाढूंगा निवासी मनोज नाथ गोस्वामी, रोहित, दीपा, सराज, कमल और करन रावत ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच की मांग उठाई है। उनका कहना है कि जिस जमीन पर घर बनाया गया है वह पूर्ण रूप से अवैध है। जब लाभार्थी के पास रजिस्ट्री की जमीन ही नहीं है तो नगर निगम ने किस आधार पर योजना का लाभ दे दिया।



दमुवाढूंगा में नाले की भूमि पर बना पक्का मकान। ● अमृत विचार

### अजय अनेजा बने अध्यक्ष

**लालकुआं :** नगर पंचायत के सभागार में आयोजित पत्रकार महासंघ की बैठक में नगर कार्यकारिणी का गठन करते हुए अजय अनेजा को अध्यक्ष तथा अंजलि पंत को महामंत्री नियुक्त किया गया। गोपाल भट्ट, तिलकधारी लक्ष्मण धपोला तथा प्रेम सिंह दानू को जिला कार्यकारिणी के लिए मनोनीत किया गया।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

| | |
|---|---|
| हल्द्वानी कार्यालय | 7830460114, 9412987555 |
| काशीपुर कार्यालय | 8218100208 |
| रूद्रपुर कार्यालय | 9837804094, 8476843488 |



# अवैध खनन पर की कार्रवाई एक जेसीबी और दो डंपर पकड़े

## एसडीएम के नेतृत्व में अवैध खनन के खिलाफ चलाया अभियान

खबर का असर

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करती प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजपुरा -लक्ष्मीपुर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के नाम पर अवैध खनन की सूचना पर प्रशासन की टीम ने छापामार कार्रवाई की। प्रशासन की कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया और खनन में लिप्त लोग खेतों के रास्ते भागते नजर आए। उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में की गई छापामार कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से एक जेसीबी मशीन तथा खनन से भरे दो डंपर वाहनों को पकड़ लिया। पकड़े गए वाहनों को सीज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

हल्द्वानी मार्ग स्थित काली मंदिर के पीछे रजपुरा लक्ष्मीपुर क्षेत्र में अवैध खनन किए जाने की प्रशासन को लगातार शिकायत मिल रही थी। दो दिन पूर्व अमृत विचार ने अवैध खनन के मामले को प्राथमिकता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक दीपक कुमार, उप निरीक्षक विजय कुमार सहित तहसील प्रशासन व पुलिस टीम ने छापामार कार्यवाही की।

काली मंदिर से 4 किलोमीटर दूर रजपुरा क्षेत्र में टीम ने एक जेसीबी व दो डंपरों को पकड़ लिया। लेकिन तीनों वाहनों के चालक खेतों के रास्ते मौके से भाग गए।

खनन में लिप्त डंपर वाहनों एवं जेसीबी मशीन की नंबर प्लेट भी गायब मिली है। सूत्रों की मानें तो रॉयल्टी बचाने के उद्देश्य से खनन में लिप्त वाहनों की नंबर प्लेटों को हटाने तथा उन्हें ढकने का काम किया गया है। एसडीएम कौश्तुभ मिश्रा का कहना है कि क्षेत्र में किसी कीमत पर अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनन कारोबारी द्वारा किए गए खनन की नपत की जा रही है तथा जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

**सस्ता गल्ला दुकान से राशन चोरी : जसपुर।** चोर ताला तोड़कर कर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान दुकान से राशन चोरी करके ले गए। जानकारी के अनुसार जसपुर के सिटी सेन्टर मार्केट स्थित जसपुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का ताला तोड़कर चोर 3 बोरे गेहूं व 1 बोरा दाल का चोरी करके ले गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

## भाई की शवयात्रा में जा रहे अधेड़ को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**काशीपुर।** एक अधेड़ की तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिला रामपुर तहसील स्वार के नरपत नगर निवासी चिरंजी लाल (50) पुत्र बाबू राम छोले-बताशे की फेरी लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था। बीते शुक्रवार को उसके भाई भगवान दास की मौत हो गई थी। उसी शाम जब वह भाई की शव यात्रा के साथ श्मशान घाट जा रहा था तो रास्ते में तेज रफ्तार बाइक चालक ने चिरंजी लाल को पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

शव यात्रा में शामिल कुछ लोग उसे आनन-फानन मानपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं हादसे की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक मृतक अपने पीछे दो बेटे व दो बेटियों को रोता-बिलखता छोड़ गया है।

# गोल्डन कार्ड से जुड़ी दिक्कतों पर की चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

बैठक

▶▶ नगर निगम सभागार में आयोजित हुई पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की बैठक

**अमृत विचारः** उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ऊधमसिंह नगर की एक बैठक नगर निगम सभागार में आयोजित हुई। इसमें शाखा जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, खटीमा, हल्द्वानी और नैनीताल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सर्वसम्मति से सात प्रस्ताव पास किए गए।

शनिवार को नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने राजकीय पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशन से गोल्डन कार्ड की मासिक कटौती कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में 50 फीसदी करने की मांग का प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावा राजकीय व निजी चिकित्सालय पर निगरानी व गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने, गोल्डन कार्ड धारकों को राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में कैशलेस ओपीडी सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया। राजकीय चिकित्सालय में गोल्डन कार्ड धारकों को पैथोलॉजी जांच के लिए सुविधा देने समेत सात प्रस्ताव पास किये गये।

इससे पूर्व पदाधिकारियों ने प्रांतीय संस्थापक अध्यक्ष स्व. गिरिराज शंकर गर्ग की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष बीएल साह, महासचिव एसके नैयर, सीबी घिडिल्याल, पनवेश गुप्ता, बीएस चौहान, सत्य प्रकाश यादव, लीलांबर जोशी, पीसी जोशी, विद्या, पान सिंह रौतेला, लीलाधर भट्ट, मोहनलाल अरोड़ा, रामबिलास, बीसी जोशी, प्रभाकर तिवारी, विनोद जोशी, जगदीश पटानी, विजयपाल, सुबोध शर्मा, त्रिवेणी सहाय गंगवार, देश राज, राम प्रसाद, गौरी शंकर, गोविंद लाल, हेम चंद्र जोशी, आशा, होशियार, कोहली, जयराम, जगदीश चंद्र, दिग्विजय सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप



नियुक्ति पत्र के साथ सहायक लेखाकार और डीएम। ● अमृत विचार

## डीएम ने 15 सहायक लेखाकारों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार द्वारा प्रदेश के कोषागारों में 223 सहायक लेखाकारों की परीक्षा के बाद नियुक्तियां दी गयी हैं। वहीं ऊधमसिंह नगर जनपद को कुल 15 सहायक लेखाकार मिले हैं। इन सभी को जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नियुक्ति पत्र सौंपे। शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला कोषागार व उप कोषागारों में तैनात 15 सहायक लेखाकारों को जिलाधिकारी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने सभी नवनियुक्त सहायक लेखाकारों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही मन लगाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहली पोस्टिंग में नए-नए अनुभव प्राप्त होते हैं। इसलिए अपने अधिकारियों के नेतृत्व में मन लगाकर और ईमानदारी के साथ कार्य करें। कार्यक्रम में मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉ. संजय कुमार के साथ वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षणार्थी।

# बायोटेक परिषद में 35 छात्र-छात्राओं को दी जा रहीं उपयोगी जानकारियां

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

**अमृत विचारः** बायोटेक्नोलॉजी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध के लिए उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी में व्यापक स्वरूप तैयार किया है। इसको लेकर परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में छह, तीन एवं एक माह के लिए प्रशिक्षण पर देश व प्रदेश से आये 35 छात्र-छात्राओं का अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ।

शनिवार को कार्यक्रम के दौरान परिषद के निदेशक डॉ. कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पादप ऊतक संवर्धन, मृदा रहित खेती, आण्विक जीव विज्ञान एवं पर्यावरणीय जैव प्रौद्योगिकी के मूल तकनीकों में सक्षम बनाकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा। वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की, डॉ. मणिन्द्र मोहन और डॉ. सुमित पुरोहित प्रतिभागी युवाओं को टिश्यू कल्चर, हाइड्रोपोनिक तकनीक, मृदा रहित खेती, आण्विक जीवविज्ञान सहित जल गुणवत्ता जांच, माइक्रोबियल जैव विविधता, मेटाजीनोमिक्स एवं मृदा गुणवत्ता जांच में हो रहे नवीन शोध व तकनीकों की जानकारी देंगे। इसके अलावा शोध प्रबंध और रिपोर्ट बनाना भी सिखाया जाएगा जो परिषद में जमा करना होगा।

परिषद से संस्तुति मिलने के बाद छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय डिग्रियां देगा। उन्होंने बताया कि परिषद में प्रदेश के अलावा देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातक, परास्नातक के 35 चयनित छात्र-छात्राएं छह माह के इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करके छात्र-छात्राएं स्वरोजगार शुरू कर सकेंगे या निजी फर्मों में नौकरियां पा सकेंगे। जीव विज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विषय से स्नातक व परास्नातक कर रहे छात्र-छात्राएं परिषद में संचालित प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।

कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल

पत्रांक : सी-4657/स.क./वाहन अधिग्रहण/2023-24 दिनांक : 17-02-2024

कोटेशन सूचना

जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल के शासकीय उपयोगार्थ एक डीजल / पेट्रोल चालित वाहन टैक्सी बुलेरो या शिफ्ट डिजायर (टैक्सी बुलेरो का प्राथमिकता प्रदान की जायेगी) किराये पर लिये जाने हेतु विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से मोहर बन्द कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। कोटेशन दिनाक 27-02-2024 तक कार्यालय दिवसों में जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में जमा किये जा सकते हैं। (कोटेशनों से साथ निर्धारित शर्तों के प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा) कोटेशन दिनांक-01-03-2024 को मध्यान 01 बजे उपस्थित कोटेशन दाताओं के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। बिना मोहर बन्द एवं निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। दिनांक-26-02-2024 के अपरान्ह 5.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित शर्तों एवं नियमों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। गठित समिति को बिना बताए किसी अथवा समस्त कोटेशनों को अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
नैनीताल

## अखंड महानाम संकीर्तन से पूर्व महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**रुद्रपुर।** संजय नगर खेड़ा में श्री श्री सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन शनिवार से शुरू हो गया है। इसका आयोजन 21 फरवरी तक होगा। इसको लेकर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ भी कलश यात्रा में शामिल हुए। शनिवार को कलश यात्रा संजय नगर से प्रारंभ होकर किच्छा बाईपास रोड स्थित झील पहुंची। जहां महिलाओं ने कलश में जल भरा और उसे लेकर मंदिर में रख दिया। जहां कमेटी के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ ने कहा कि हिंदू धर्म में प्रत्येक पर्व का विशेष महत्व है। ऐसे में अखंड महानम संकीर्तन प्रारंभ हो रहा है जो कई दिन तक चलेगा। इस कीर्तन में सभी लोग बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर प्रभु का स्मरण करेंगे। इस अवसर पर सनी पासवान, राजकोली, अनिल शर्मा, असित वाला, अरुण दास, देवानंद सोनकर, उत्पल जोददार, अमल मंडल, श्रीपद मंडल, उत्तम चौधरी, सपन विश्वजीत सरकार, अर्जुन विश्वास मनोज बैरागी मानस बैरागी समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद थी।

# शौका क्लब ने खानपुर को हराया



दिनेशपुर के दलीपनगर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करतीं कूल्हा की पूर्व प्रधान सुंदरी देवी धर्मशक्तू। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** वरिष्ठ समाजसेवी स्व. प्रेम सिंह धर्मशक्तू की स्मृति में दो दिवसीय अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन उद्घाटन मैच शौका क्लब व खानपुर के मध्य खेला गया। दोनों टीमों ने काफी संघर्ष करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अंत में शौका क्लब ने खानपुर को 17-20 से पराजित किया।शौका क्लब की टीम विजय रही और अगले चक्र में प्रवेश किया।

शनिवार को दलीपनगर में वरिष्ठ समाजसेवी स्व. प्रेम सिंह धर्मशक्तू की स्मृति में आयोजित अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कूल्हा पूर्व प्रधान सुंदरी देवी धर्मशक्तू ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए खेल को खेल की भावना से खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन दिखाने एवं आपसे सहयोग की अपील की। निर्णायक लोकपाल शाही व पुष्कर सामंत ने निभाई। संचालन (कमेंट्री) गणेश मर्तोलिया व मुकेश रावत ने की। आयोजन शौका समाज के अध्यक्ष वीरेंदर सिंह मर्तोलिया व संरक्षक राजा मर्तोलिया ने अतिथियों व खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस मौके पर अतिथियों में देव सिंह धर्मशक्तू, पूर्व सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, भगवत सिंह पांगती, सूरज सिंह धर्मशक्तू, बलवंत सिंह पांगती, उत्तम सिंह धर्मशक्तू, हरीश सिंह मेहता, कुंदन सिंह धर्मशक्तू, चंचल सिंह पानू, धाम सिंह मेहता, चंचल सिंह मार्तोलिया, मनोहर सिंह जंगपांगी, सनी मेहता, कलावती रावत, संतोष ठगुना, जयंती देवी, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, मनोज सुयाल, पंकज धर्मशक्तू रहे।

कार्यालय परियोजना अधिकारी
उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा)
जिला पंचायत परिसर, धारानौला, जनपद-अल्मोड़ा-263601
Tel. 05962-234016 E-mail : alm.uredado@gmail.com

पत्रांक : 376/उरेडा/अल्मोड़ा-सो.पा. प्लान्ट-जि.यो./2023-24 दिनांक : 17 फरवरी, 2024

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या .- 02/Ureda/almora/S P Plant-D.P/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | राजकीय इन्टर कॉलेज खनिया रानीखेत, ब्लॉक ताड़ीखेत अल्मोड़ा में 03 किलोवाट क्षमता के ऑफग्रिड पी.वी. सोलर पावर प्लाण्ट की सर्वे डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग तथा पाँच वर्षीय वारण्टी एवं रख-रखाव का कार्य। |
| 2. | कार्य की लागत (अनुमानित) | रू. 5.00 लाख |
| 3. | धरोहर धनराशि | रू. 0.10 लाख |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू. 1180.00 (GST सहित) |
| 5. | निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की दिनांक व समय | दि. 19-02-2024 प्रातः 10:00 बजे से |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अन्तिम दिनांक व समय | दि. 04-03-2024 प्रातः 11:00 बजे तक |
| 7. | निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | दि. 04-03-2024 सायं 03:00 बजे |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का नाम व पता | परियोजना अधिकारी, उरेडा, जिला पंचायत परिसर, धारानौला, अल्मोड़ा |

अधिक जानकारी कार्यालय / पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

परियोजना अधिकारी
उरेडा अल्मोड़ा

# अनु. जाति में शामिल होंगी उपजातियां

संवाददाता, दिनेशपुर



बैठक में मौजूद बंगाली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार शाह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में दायर याचिका के बाद बंगाली समाज की उपजातियां को अनुसूचित जाति में शामिल करने का रास्ता अब साफ हो गया है। यह बात बंगाली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार शाह ने कही।

शनिवार को बंगाली महासभा द्वारा आयोजित बैठक में शाह ने कहा कि बंगाली समाज की उपजातियां को अनुसूचित जाति के दर्जे की मांग को लेकर समुदाय के लोग वर्षों से संघर्ष कर रहे थे। उत्तराखण्ड राज्य गठन के बाद तीन निर्वाचित सरकारों ने भी कैबिनेट में समुदाय की उपजातियों को अन्य राज्यों की तरह अनुसूचित जाति सूची में शामिल करने का सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेज चुकी है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस मुद्दे के लेकर संघर्ष कर रहे बंगाली महासभा उत्तराखण्ड ने बीते दिनों राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में समस्त साक्ष्यों के साथ रिड दायर कर न्याय की गुहार लगाई थी। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण हाल्दार ने रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया, केंद्रीय समाज कल्याण अधिकारिता, मंत्रालय मुख्य सचिव समाज कल्याण उत्तराखंड व यूपी के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में 14 फरवरी को दिल्ली के लोकनायक भवन में छह दौर की सुनवाई के बाद केंद्र को 30 दिन का समय देते हुए दोनों प्रदेशों में निवास कर रहे बंगाली समाज की उपजातियां को अनुसूचित जाति में शामिल कर उन्हें सभी सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। बैठक के अध्यक्षता चंद्रकांत मंडल व संचालन सरोज मंडल ने किया। बैठक में बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति प्रदेश महामंत्री मनोज राय उर्फ मुन्ना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि सरकार, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, केके दास, अनादिरंजन मंडल, हिमांशु सरकार, नारायण साह, शंकर चक्रवती, समीर राय, विपुल मंडल, कृपासिंधु राय, विकास बैरागी, शिबू राय, शांति बाला, सत्यजीत विश्वास, सुकुमार सरकार, मुकेश कुमार, मधुव्रत राय, दीपक सरकार, गनेष सरकार, तपन साना, गोविंद राय आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया दो भवन स्वामियों का चालान

**किच्छा।** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने भारी पुलिस फोर्स के साथ थाना अंतर्गत नई बस्ती सतुईया क्षेत्र में घर-घर जाकर सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान किराएदारों का पुलिस वेरिफिकेशन न कराने के आरोप में दो भवन स्वामियों का पुलिस द्वारा दस -दस हजार रुपए का कोर्ट चालान किया गया। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में एसआई दीपा अधिकारी सहित पुलिस फोर्स ने नई बस्ती सतुईया क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले इलाके में किराएदारों का सत्यापन किया। थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट ने सभी भवन स्वामियों से किराएदारों को भवन अथवा दुकान दिए जाने की दशा में अनिवार्य रूप से पुलिस वेरिफिकेशन कराए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसने तथा संदिग्ध लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा थाना अंतर्गत क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SURJIT KAUR से बदलकर SURJEET KAUR कर लिया है। मुझे भविष्य में SURJEET KAUR नाम से जाना जाए। निवासी ग्राम सूरजपुर, तहसील जसपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम JAGATAR SINGH से बदलकर JAGTAR SINGH कर लिया है। मुझे भविष्य में JAGTAR SINGH नाम से जाना जाए। निवासी ग्राम सूरजपुर, तहसील जसपुर।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी उधमसिंह नगर

संख्या : जि.रजि.प्रा./स्थाई पंजीकरण/2023-24/1582 दिनांक : 17-02-2024

आवश्यक सूचना

नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) अधिनियम 2010 की धारा 24 से 30 एवं उत्तराखण्ड नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) नियमावली, 2015 के नियम संख्या 16 के अधीन निम्नवत् नैदानिक स्थापनों को अधिनियम / नियमावली में वर्णित प्राविधनों के अन्तर्गत स्थाई पंजीकरण निर्गत किया जाना है। जिसकी सूचना जनसाधरण की जानकारी के लिए और आक्षेप, यदि कोई हो के लिए संम्प्रदर्शित करी जा रही है :-

| क्र सं. | नैदानिक स्थापन का नाम व पता | स्वामी का नाम | प्रभारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | M/S. RUDRAPUR MRI & DIAGNOSTICS PVT. LTD. 28/1,CIVIL LINES, DOCTOR'S COLONY, RUDRAPUR | MR. ANAND RUNGTA (DIRECTOR) | DR. SUBODH SANJAY LAUL MBBS,- Reg- No-8708 |
| 2 | M/S. CITY PATH LAB, BHOOR MOHALIYA KHATIMA | MR. BHAWANI DUTT JOSHI | DR. KALYAN SINGH MBBS,- Reg- No-1888 |
| 3 | M/S. DR. MEHRA SINGH HOSPITAL, BORING WALI GALI, KICHHA-UDHAM SINGH NAGAR. | DR. RAJENDRA SINGH | DR. RAJENDRA SINGH BAMS, Reg- No-UK/SR/AY/083 |
| 4 | M/S. JOSHI CLINIC, 35/1,D1D2 CIVIL-LINE RUDRAPUR | DR. VIJAY KUMAR JOSHI | DR. VIJAY KUMAR JOSHI MBBS,- Reg- No-2038 |
| 5 | M/S.JOSHI PATHOLOGY, 25/1, D1D2 CIVIL LINES RUDRAPUR | DR. VIDYA PRASAD JOSHI | DR. VIDYA PRASAD JOSHI MBBS,- Reg- No-2039 |
| 6 | M/S. AGARWAL HOSPITAL & TRAUMA CENTER, BHURARANI ROAD, ROAD RUDRAPUR | DR. PRAKSHAY AGARWAL | DR. PRAKSHAY AGARWAL MBBS, Reg- No-4188 |
| 7 | M/S.TILARA CHILD CARE CENTER, BHAUNA ROAD BAZPUR | DR. BIJAY KUMAR TILARA | DR. BIJAY KUMAR TILARA MBBS,- Reg-No-1741 |
| 8 | M/S.TURNA MAX SURGICAL HOSPITAL, KICHHA ROAD SITARGANJ. | DR. SUKVINDER SINGH TURNA | DR. SUKVINDER SINGH TURNA MBBS- Reg- No-4210 |

मुख्य चिकित्साधिकारी
उधमसिंह नगर

# अल्पसंख्यकों को दिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभः इकबाल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष इकबाल अहमद ने कहा कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ पात्र अल्पसंख्यक समाज को मिले। इसके लिए अधिकारियों को पारदर्शी तरीके से योजनाओं को संचालित करना होगा। तभी धामी सरकार का उद्देश्य सार्थक होगा।

शनिवार को अल्पसंख्यक आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष इकबाल अहमद ने विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय एवं जन-जानकारी अभियान से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की अल्पसंख्यकों से संबंधित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर अंतिम छोर तक पहुंचने का प्रयास करें। इसमें मौलाना आजाद एजुकेशन फाइनेंस फाउंडेशन योजना, अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम,कब्रिस्तान की चारदीवारी योजना, अल्पसंख्यक बाहुल्य इलाकों में विकास की योजनाएं, अल्पसंख्यक विकास निधि, मदरसा, शिक्षा आधुनिकीकरण की योजना, अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना, संत केसर सिंह स्मृति सहायता कोष, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन आदि महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की। उन्होंने सीडीओ को अनुपस्थित अधीनस्थों का स्पष्टीकरण लेने को कहा। इस मौके पर आयोग के सदस्य तसलीम अहमद, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### चारूबेटा के पास रेल से कटकर युवक की मौत

खटीमा। शनिवार शाम टनकपुर से पीलीभीत जा रही ट्रेन संख्या 05392 लगभग छह बजकर 10 मिनट पर खटीमा से पीलीभीत के लिए रवाना हुई। ट्रेन चारूबेटा गांव के पास पहुंची ही थी कि पटरी के किनारे चल रहा चारुबेटा निवासी युवक हरीश उर्फ नन्हे (22) पुत्र रामचंद्र ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसकी उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना होते ही वहां गांव के लोग जमा हो गए और उन्होंने मृतक की शिनाख्त की। युवक की घर घटनास्थल के ही पास था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। बताया जाता है कि युवक मेहनत मजदूरी करता था और अविवाहित था। स्टेशन मास्टर कुशल कुमार ने बताया कि ट्रेन से युवक के कटने की सूचना मिली है।

### बंद घर से सिलेंडर और मंगलसूत्र चोरी

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में बंद घर से चोरों ने गैस सिलेंडर व मंगलसूत्र चोरी कर लिया। सूचना मिलने पर मकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ट्रांजिट कैंप के मुखर्जी नगर की रहने वाली युवती ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह ग्राम डुंगनपुर यूपी काम के सिलसिले में गई थी और घर पर ताला लगा था। देर शाम को पड़ोसियों ने सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है। जब वह घर पहुंची, तो सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। जांच की तो पता चला कि अलमारी में रखा सोने का एक मंगलसूत्र और गैस का सिलेंडर गायब है। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### डायनेस्टी में 'अभिव्यक्ति द एक्सप्रेशन' कार्यक्रम

खटीमा। डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म में कक्षा तीन से आठ तक के छात्रों की प्रतिभा को उजागर करने हेतु 'अभिव्यक्ति द एक्सप्रेशन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिभावकों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा की परख, आकलन और प्रतिस्पर्धात्मक गुण में वृद्धि हेतु किया गया है। कार्यक्रम में डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, मनीष चंद, विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट, अशोक जोशी, विक्रम नाथ, सुरेंद्र रावत, मनीष ठाकुर, नरसिंह कुंवर, ऊषा भट्ट आदि रहे।



किच्छा टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार



आंदोलन के समर्थन में काशीपुर में सभा करते किसान। ● अमृत विचार

# किच्छा में सड़क पर उतरे सैकड़ों किसान, फ्री कराया टोल प्लाजा

## भारतीय किसान यूनियन व संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किया प्रदर्शन, केंद्र सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप, दिल्ली कूच की चेतावनी

प्रदर्शन

**03** घंटे तक किसानों ने किया हंगामा, केन्द्र सरकार पर लगाया शंभू बॉर्डर पर किसानों का अलोकतांत्रिक तरीके से दमन करने का आरोप, कड़ी निंदा की

**02** वर्ष से अधिक समय बाद भी केंद्र सरकार द्वारा किसी वादे को पूरा नहीं करने पर किसानों ने जताया कड़ा आक्रोश

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन एवं संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले तमाम किसानों ने केंद्र सरकार पर वादा खिलाफी करने का आरोप लगाते हुए जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने देवरिया टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करते हुए कुछ देर के लिए टोल फ्री भी करा दिया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। करीब 3 घंटे तक दर्जनों किसान मौके पर प्रदर्शन करते रहे। किसानों ने जल्द मांग पूरी न होने पर दिल्ली कूच करने तथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले दर्जनों किसान रुद्रपुर किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग 74 स्थित देवरिया टोल प्लाजा पर पहुंचे। किसानों ने टोल प्लाजा पर जोरदार हंगामा करते हुए सांकेतिक रूप से टोल फ्री कर दिया। मौके पर मौजूद एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने प्रदर्शन कर रहे किसानों को शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करने का आग्रह किया। इसके बाद दर्जनों किसान टोल प्लाजा के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी किसानों ने केंद्र की भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी करने का आरोप लगाया। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी ग्रुप) के प्रदेश अध्यक्ष गुरसेवक सिंह माहर ने कहा कि कई महीने तक दिल्ली बॉर्डर पर किसानों के धरना-प्रदर्शन के बाद केंद्र सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस लेने का भरोसा दिलाया था। लेकिन 2 वर्ष से अधिक समय बाद भी केंद्र सरकार ने किसी वादे को पूरा नहीं किया है।

किसान नेता नवतेज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार को वादे की याद दिलाने के लिए सैकड़ों किसान दिल्ली कूच कर रहे थे लेकिन प्रशासन ने शंभू बॉर्डर पर किसानों पर लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़े। घटना में सैकड़ों किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि किसानों का दमन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के उत्तराखंड यूपी प्रभारी बलजिंदर सिंह मान ने कहा कि एमएसपी पर फसल की खरीद, किसानों का कर्ज माफी, लखीमपुर के पीड़ित किसानों को न्याय दिलाने सहित तमाम मांगों पर समझौता होने के बावजूद केंद्र सरकार कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो उत्तराखंड से भी हजारों किसान दिल्ली कूच करेंगे।

करीब 3 घंटे धरना प्रदर्शन करने के बाद किसान वापस लौट गए। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह विर्क, भारतीय किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष गुरसेवक सिंह माहर, भारतीय किसान यूनियन के उत्तराखंड यूपी प्रभारी बलजिंदर सिंह मान, राजेंद्र सिंह, जगदेव सिंह, संतोख सिंह, जितेंद्र सिंह, ध्रुव देव कुशवाहा, दलवीर सिंह, रणजीत सिंह, जोगिंदर यादव, प्रभजोत सिंह, दलजीत सिंह, अनीस अहमद रहे।



किच्छा में प्रदर्शन के दौरान तैनात पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### आसपास के थाना क्षेत्रों से बुलाई पुलिस फोर्स

किच्छा। किसानों द्वारा टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किए जाने की सूचना के बाद हरकत में आए प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिगत आसपास के सभी थाना क्षेत्र से पुलिस फोर्स को मौके पर बुला लिया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल एवं सीओ ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर करीब 3 घंटे तक सुरक्षा व्यवस्था पर तैनात नजर आई। मौके पर फायर ब्रिगेड, आसू गैस छोड़ने वाली मशीन के अलावा पूरी व्यवस्था के साथ भारी पुलिस फोर्स व्यवस्था दुरुस्त करता नजर आया। मौके पर किच्छा कोतवाली निरीक्षक सुंदरम शर्मा, पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट, एसओ जगमोहन पांडे, पंतनगर थाना अध्यक्ष हरेंद्र सिंह डांगी, लालपुर चौकी प्रभारी सतीश शर्मा, दरऊ चौकी प्रभारी दीवान सिंह, कलकत्ता चौकी प्रभारी दिनेश भट्ट, एसआई ओम प्रकाश नेगी सहित दर्जनों पुलिसकर्मी एवं महिला पुलिस टीम मौजूद रही।



खटीमा के टॉल प्लाज़ा पर धरना देते भाकियू चढूनी गुट से जुड़े किसान।

### टोल प्लाजा पर भाकियू चढूनी गुट ने किया धरना-प्रदर्शन

खटीमा। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी गुट) ने एमएसपी की मांग को लेकर दिल्ली कूच के तहत हरियाणा बॉर्डर पर जमे संयुक्त किसान मोर्चे का समर्थन करते हुए टोल प्लाजा पर धरना- प्रदर्शन दिया। भाकियू (चढूनी गुट) के ब्लॉक अध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर के नेतृत्व में किसानों ने सितारगंज रोड पहेनियां स्थित टोल प्लाजा पर एमएसपी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। यहां मनजिंदर सिंह भुल्लर ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा का एमएसपी सहित अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच पूरी तरह जायज है। उन्होंने कहा कि पूर्व में दिल्ली में जब किसान एक साल तक किसान सड़कों पर बैठे थे तो सरकार ने एमएसपी लागू करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक लागू नहीं कर सकी है। सरकार किसानों के खिलाफ दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन का वह पूरी तरह समर्थन करते हैं।

## काशीपुर में भी किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, काशीपुर

आंदोलन

- दिल्ली कूच के लिए तैयार रहने को कहा, महापंचायत के बाद बनेगी आगे की रणनीति
- एमएसपी व अन्य मांगों को लेकर किसानों ने टोल प्लाजा फ्री कराया

**अमृत विचारः** देश के अन्नदाता एक बार फिर सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ खड़े हो ग़ये है और जगह-जगह सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके तहत काशीपुर टोल प्लाजा पर भी किसानों ने धरना प्रदर्शन किया।

शनिवार को किसानों ने खटीमा-हरिद्वार नेशनल हाईवे एनएच-74 टोल प्लाजा पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया और दो घंटे तक टोल प्लाजा को टोल टैक्स फ्री किया। भारतीय किसान यूनियन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने कहा कि सरकार किसानों से किये वादों से मुकर गई है। अभी तक सरकार ने किसानों की एमएसपी व अन्य प्रमुख मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं की है। साथ ही सरकार पर किसानों को शोषण करने का आरोप भी लगाया। वही पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए छोड़े गये आंसू गैस के गोले, पानी की बौछार व उन्हें रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगाने के दौरान 200 से ज्यादा किसानों के घायल होने पर सरकार की घोर निंदा की। कहा कि किसान इन सबसे डरने वाला नहीं है और वह सरकार को इसका जवाब देने को भी तैयार है। कहा कि आज किसानों की यूपी के सिसौली में महापंचायत चल रही है। जिसमें आगे की रणनीति बनने के बाद उस पर काम किया जाएगा।

वहीं उन्होंने किसानों से दिल्ली कूच के लिए तैयार रहने की अपील भी की। साथ ही प्रत्येक गांव से ट्रैक्टर व ट्राली भी दिल्ली ले जाने को कहा। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी। इस दौरान हरविंदर सिंह, सुखवंत सिंह, बलजिंदर सिंह, दीपक चौधरी, सुखविंदर सिंह, हरपिंदर, धर्मेंद्र, राजू बाजवा, अवनीश बेदी, अमनदीप सिंह, राजू छीना, रवि ढींगरा, सुखबीर भुल्लर, मनदीप ढिल्लों, मनप्रीत सिंह, हरविंदर, बलविंदर सिंह, प्रदेश महासचिव अमनप्रीत सिंह, प्रताप विर्क अन्नदाता किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** 14 फरवरी को कार सवार युवक पर स्कॉर्पियो सवार युवकों द्वारा जानलेवा हमला करने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। हमलावरों ने पहले युवक को बाहर निकालने का प्रयास किया और बाद में तलवारों के प्रहार से कार को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि 14 फरवरी को बिगवाड़ा निवासी देवेंद्र सिंह ने तहरीर देकर हुए बताया था कि 14 फरवरी की रात को उसका बेटा गुरप्रीत सिंह अपनी कार से घर लौट रहा था। अचानक पीछा कर रही स्कॉर्पियो पर सवार नवाबगंज यूपी निवासी जगरूप सिंह, बिगवाड़ा निवासी अर्जुन सिंह अपने तीन अन्य साथियों के साथ उतरा और कार सवार युवक को बाहर निकालने की कोशिश करने लगे।

मगर कार से बाहर नहीं खींचने में असफल रहे हमलावरों ने आवेश में आकर तलवारों से कार को क्षतिग्रस्त कर दिया और बेटे को जान से मारने की कोशिश की। चीख पुकार की आवाज सुनकर हमलावर मौके से फरार हो गए।

कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सीसीटीवी कैमरे में कैद हमलावरों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जिसके लिए बगवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी ने टीम बनाकर हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### टैक्सी चालक पर हमला करने वालों की तलाश शुरू

रुद्रपुर। बाजार चौकी इलाके में शुक्रवार की देर शाम मुक्तेश्वर के टैक्सी चालक पर हुए हमला प्रकरण में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। बांस गांव हरतोला मुक्तेश्वर निवासी टैक्सी चालक डूंगर सिंह ने बताया कि 16 फरवरी को वह गांव की प्रधा न ललिता देवी के कहने पर गांधी पार्क में आयोजित त्रिस्तरीय पंचायत प्रशिक्षण कार्यक्रम में टाटा सूमो को बुक कर लाया था। बताया कि शाम साढ़े चार बजे डीडी चौक पर जब प्रधान ललिता देवी ने दरवाजा खोला, अचानक दरवाजा नजदीक ही खड़ी गाड़ी से टकरा गया। इसी बात को लेकर गाड़ी से अचानक कुछ युवक उतरे और अभद्रता करने लगे और मुआवजे के तौर पर 1500 रुपये मांगने लगे, जबकि गाड़ी में कोई नुकसान नहीं हुआ। जब विरोध किया, तो आरोपी चालक ने फोन कर आठ से दस लोगों को बुला लिया और लोहे की राड से हमला करना शुरू कर दिया। उसने भागकर अपनी जान बचाई।

### डीजे पर नाचने को लेकर विवाद में युवक घायल

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद के बाद युवकों ने युवक पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

खानपुर दो थाना दिनेशपुर निवासी राहुल सरकार ने बताया कि 11 फरवरी को वह बहन के यहां कार्यक्रम में शिवनगर गया था। देर शाम को डीजे पर नाचने को लेकर उसका कुछ युवकों से विवाद हो गया। जब वह परिवार के साथ घर लौट रहा था। अचानक सुनील राजपूत, सुमित राठौर, शिवम ने अपने साथियों के साथ उस पर धारदार हथियार से हमला शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर हमलावर फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मांगों को लेकर उपनल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

मांग

- सरकार पर लगाया सौतेला व्यवहार करने का आरोप
- कर्मचारियों ने सरकार से समान कार्य समान वेतन की उठाई मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पांच सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज उपनल कर्मियों ने आक्रोश व्याप्त है। इसमें उपनल कर्मियों ने सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने सरकार से समान कार्य समान वेतन की मांग की है।

शनिवार को उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ शाखा ऊधमसिंह नगर से जुड़े कर्मी कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। इस दौरान उपनल कर्मियों ने कहा कि वे पिछले काफी समय से सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन एलएलपी को वापस लिया जाने, उच्च न्यायालय के निर्णय को लागू किया जोन, उपनल कर्मियों के वेतन में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी किए जाने, उपनल कर्मियों को महंगाई भत्ता दिया जाने, प्रोत्साहन का निर्धारण 0 से 5, 5 से 10 और 10 से 15 वर्ष किया जाने, लगातार पांच वर्ष अधिक समय से कार्य कर रहे कर्मियों के लिए पद सृजित किए जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी मांगों की ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही हैं।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हम आपके बच्चे हैं हमारा ध्यान रखें। उनकी उम्र 40 से 45 वर्ष हो गयी है। उनको नियमित करने की बजाय अब सरकार बिना कारण बताए नौकरी से निकाल रही है। ऐसे में वे कहां जाएंगे। इस अवसर पर संघ के जिला संयोजक मनोज कुमार, जिलाध्यक्ष कमलप्रीत सिंह, यशोदा बिष्ट, महेंद्र कुमार, मनोज पाठक, लक्ष्मण सिंह, मो. यासीन, सलमान रजमा, सुनील, गणेश, अशोक भंडारी, मनीष, पंकज चन्याल समेत कई कर्मी मौजूद रहे।



रुद्रपुर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते उपनल कर्मी। ● अमृत विचार

प्रशिक्षण

प्रतिनिधियों को पंचायत लर्निंग सेंटर और प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट का कराया भ्रमण

# पंचायत प्रतिनिधियों ने साझा किए अनुभव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत गांधी पार्क में कुमाऊं मंडल के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन पंचायत प्रतिनिधियों को ऊधमसिंह नगर स्थित पंचायत लर्निंग सेंटर और काठगोदाम स्थित प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट का भ्रमण कराया गया।

शनिवार को प्रशिक्षण के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को विभाग से संबंधित और केंद्र और राज्य सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही अल्मोड़ा जनपद से आये ग्राम प्रधान राजेश कुमार, नैनीताल के दिनेश जोशी, जसपुर के ब्रह्मानंदन, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रवीन कुमार, बागेश्वर जनपद से आयी रुकमणी दानू ने अपने अनुभव और विचार साझा किये। निदेशालय पंचायतीराज विभाग के सेवानिवृत्त निदेशक डीपी देवराड़ी ने जीपीडीपी के निर्माण विषय पर प्रतिभागियों से विस्तार से जानकारी दी। वहीं स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश गंगवार ने पंचायतों में लागू ई-ग्राम स्वराज, अन्य पोर्टलों के प्रबंधन विषय पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था की मजबूती के लिए निर्वाचित जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी भूमिका का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। ताकि गांवों का विकास हो सके।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर/जिला पंचायत राज अधिकारी निदेशालय पंचायतीराज पूनम पाठक, परामर्शदाता पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार मोहित गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार, प्रदेश अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन भास्कर संभल, जिला संयुक्त निदेशक पंचायतीराज राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह सहित बड़ी संख्या में कुमांऊ मंडल से आये त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।



प्रशिक्षण के समापन पर मौजूद अतिथि और जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### युवक पर हमला करने के 5 आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में युवक पर हुए जानलेवा हमला करने के पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि 13 फरवरी को आवास विकास निवासी दिनेश चंद्र होटल से खाना लेकर लौट रहा था। तभी चार से पांच युवकों ने युवक को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर हमला करने वाले बजरंग बिहार फुलसुंगी निवासी सुमित राठौर, अमित राठौर, खेड़ा बस्ती निवासी विशाल उर्फ नन्नू, ठाकुरनगर निवासी सुनील राजपूत उर्फ सिक्का और शिवम कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# कांग्रेसियों ने किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयकर विभाग कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शनिवार को कांग्रेस की विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता आवास विकास स्थित आयकर विभाग कार्यालय पर एकत्र हुए। जहां भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज यह विरोध प्रदर्शन मोदी सरकार की तानाशाही तथा कांग्रेस के बैंक खाते आयकर विभाग द्वारा फ्रीज किए जाने पर किया जा रहा है। महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बॉंड को निरस्त किए जाने के बाद केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री गुस्से में हैं। इसी वजह से मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और युवा कांग्रेस के बैंक खातों को चुनाव से ठीक पहले सील कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि आयकर विभाग को भाजपा के खाते सील करने चाहिए। आरोप लगाया कि भाजपा को असंवैधानिक चुनावी बॉंड के जरिये हजारों करोड़ रुपये मिले हैं। विरोध प्रदर्शन में मनोज जोशी एडवोकेट, अरुण चौहान, महिला कांग्रेस कमेटी की महानगर अध्यक्ष पूजा सिंह संदीप सहगल एडवोकेट, जय सिंह गौतम, अल्का पाल, आरिफ सैफी, जितेंद्र सरस्वती, अब्दुल कादिर, अनीस अंसारी, अफसर अली, रवि ढींगरा, रईस परवाना, राहुल रमनदीप कंबोज, जसपाल सिंह, अनमोल सिंह, विवेक कौशिक आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




काशीपुर में आयकर विभाग कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## एक नजर

### पुलिस ने अवैध शराब बेच रहे आरोपी को दबोचा

**काशीपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान कच्ची शराब बेचते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया है। कटोराताल चौकी इंचार्ज विपुल जोशी ने गश्त के दौरान ईदगाह गेट के बगल में कच्ची शराब बेच रहे मोहल्ला अल्ली खां निवासी चन्द्रपाली को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने करीब 52 पाउच कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान कर उसे कोर्ट में पेश किया।

### कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शक्तिफार्म।** अवैध कच्ची शराब ले जाते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में युवक के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज किया। शुक्रवार को शक्तिफार्म वार्ड नंबर 3 निवासी संजय मंडल (36) पुत्र गणेश मंडल अवैध कच्ची शराब ले जा रहा था। पुलिस ने उसे कुशमौठ तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि युवक के पास से 10 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी टीम में कांस्टेबल भारत भूषण एवं भवान सिंह शामिल थे।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**शक्तिफार्म।** शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नाजायज चाकू के साथ 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान टैगोर नगर स्थित तीनपानी तिराहे से टैगोर नगर निवासी 20 वर्षीय देव अधिकारी पुत्र अशोक अधिकारी को चाकू के साथ गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी एवं कांस्टेबल भारत भूषण शामिल थे।

### महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती मनाई

**काशीपुर।** आर्य समाज ने महर्षि दयानन्द सरस्वति की 200वीं जयंती मनाई। द्रोणासागर स्थित आर्य समाज मंदिर में यज्ञ एवं प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें महर्षि द्वारा दिये गये उपदेशों एवं नियमों पर चलने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश गुप्ता, अतुल कुमार, अवधेश अग्रवाल, शिवचरन विश्नोई, वीरेंद्र चौहान, लक्ष्मी गर्ग, शशिप्रभा, कुमकुम, सूरज प्रभा, प्रभाकर पाठक, सुरेश तिवारी, मयंक गुप्ता, राजीव घई, विमल गुड़िया, विकल्प गुड़िया, विजय शर्मा, संजय अग्रवाल, महेंद्र लोहिया आदि उपस्थित रहे।

# भूमिधरी अधिकार लेकर ही दम लेंगे किसान

## बीस गांव के 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन रहा जारी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बीस गांव के 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन शनिवार को भी जारी रहा। जिसमें आंदोलनकारियों के हौसले बुलंद हैं। किसान, मजदूर, व्यापारी अपने जज्बे को बरकरार रखे हुए हैं।

पिछले साढ़े छह माह से भी अधिक समय से धरना प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक भूमिधरी अधिकार वापस नहीं मिल जाते, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि एक अगस्त से तहसील परिसर में धरना दे रहे किसान भूमिधरी अधिकार मिलने तक आंदोलन करने का संकल्प लेकर डटे हुए हैं। सरकार द्वारा मजबूत आश्वासन देने के बाद भी समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो सका है। कहा कि बाजपुर के बुजुर्ग भी अनशन करने को मजबूर हैं। ऐसे में सरकार को अपने आश्वासन के अनुरूप बाजपुर के 20 गांव के हजारों परिवारों को यथाशीघ्र न्याय देना चाहिए और समस्या का हल करना चाहिए। इस मौके पर हरमंदर सिंह बरार, जनकवि बल्ली सिंह चीमा, अमरनाथ शर्मा, देवेश प्रताप सिंह, राजकिशोर सिंह आदि मौजूद थे।



बाजपुर तहसील परिसर में प्रदर्शन करते किसान, मजदूर और व्यापारी। ● अमृत विचार

# मामले को लेकर मार्च में बाजपुर आएंगे राकेश टिकैत

**मुलाकात**

▸▸ **बाजपुर के किसान नेताओं ने मुजफ्फरपुर में किसान नेता टिकैत से की मुलाकात**

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बाजपुर तहसील परिसर में बीस गांव के 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर जारी किसान आंदोलन को लंबा समय होने के बाद भी सरकार द्वारा मामले का समाधान न करने को राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत ने गंभीरता से लिया है।



मुजफ्फरनगर में राकेश टिकैत से मुलाकात करते बाजपुर के किसान। ● अमृत विचार

शनिवार को मुजफ्फरनगर में उन्होंने अपने आवास पर बाजपुर के किसान नेताओं से भूमि बचाओ आंदोलन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा सरकार द्वारा लगातार आश्वासन देने के बावजूद समाधान न करने पर निराशा व्यक्त की। किसानों के प्रतिनिधि मंडल को चौधरी राकेश टिकैत ने मार्च के पहले सप्ताह में बाजपुर आने की बात कही है। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि चौधरी राकेश टिकैत के साथ किसान आंदोलन के मौजूदा हालातों पर भी विचार विमर्श हुआ। चौधरी राकेश टिकैत ने शीघ्र ही बाजपुर भूमि बचाओ आंदोलन में आने की बात कही है। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय किसान यूनियन प्रदेश सचिव बिजेंद्र सिंह डोगरा, ब्लाक अध्यक्ष प्रताप सिंह संधू, गुरमीत सिंह पिंकू व दारा दिलेर रंधावा आदि शामिल रहे।

# रैली से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



आईजीएल द्वारा निकाली जागरूकता रैली में शामिल अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा वाहन चालक एवं ट्रांसपोर्ट के साथ सड़क सुरक्षा माह के तत्वावधान में जागरूकता रैली तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।शनिवार को संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमल पांडे ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने सड़क तथा वाहनों के सुरक्षित क्रियान्वयन पर अपने विचार रखें।

इस दौरान एआरटीओ विमल पांडे का सुरक्षा प्रस्तुतीकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बाद में सैकड़ों प्रतिभागी वाहन चालकों, ट्रांसपोर्टरों को सम्मानित किया गया। उसके बाद सभी ने परिसर में एक जागरुकता रैली भी निकाली। जिससे यातायात नियमों का पालन करने और हेलमेट का प्रयोग करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का संचालन विक्रांत चौधरी ने किया। यहां अधिशासी निदेशक आलोक सिंघल, डॉ. आरके शर्मा, मंजूनाथ रायसारंग खाती, एचसीएस मेहरा, उमेश जोशी, आरसी उपाध्याय, चंदन सिंह, मनीष शेरोंन आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दुकानों के आगे फड़ लगाने पर दुकानदार पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** नगर निगम क्षेत्र की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर निगम व प्रशासन संयुक्त रूप से अभियान चलाएगा। साथ ही अतिक्रमणकारियों की वीडियों करा उन पर जुर्माना लगाएगा। जिसको लेकर प्रशासन ने तैयारी कर ली है।

नगर निगम में एसडीएम अभय प्रताप सिंह, नगर आयुक्त विवेक राय व तहसीलदार पंकज चंदौला ने बैठक कर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दुकान के आगे जा रही नाली से बाहर या उस पर सामान रखने की किसी को भी अनुमति नहीं होगी। अतिक्रमण हटाने से पूर्व वहां की वीडियोग्राफी कराई जाएगी और अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही समय-समय पर उस क्षेत्र का निरीक्षण भी किया जाएगा। दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर दोगुना जुर्माना लगाया जाएगा।

वहीं बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी भी दुकान के आगे फड़ व ठेला नहीं लगने दिया जाएगा। जिस दुकान के आगे यह पाया जाता है उस दुकानदार पर भी जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने शीघ्र ऐसे दुकानदारों से अपने आगे लगे फड़ वालों को हटाने की चेतावनी भी दी है।

# भाईचारे का प्रतीक है समाजवादी पार्टी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल का काशीपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी भाईचारे का प्रतीक है। उत्तराखंड देवभूमि में आपसी सौहार्द को बिगाड़कर डबल इंजन की सरकार अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना चाहती है। कहा कि उत्तराखंड देवभूमि में भाजपा नफरत की राजनीति को बढ़ावा दे रही है और विपक्ष की भूमिका निभाने में कांग्रेस कमजोर साबित हो रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि प्रत्येक कार्यकर्ता जनता से जुड़ी हुई समस्याओं को लेकर आंदोलन को तेज करें, आज जनता को भाजपा बरगलाने का काम कर रही है।



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जिला प्रभारी अरविंद यादव ने कहा कि भाजपा की कोरी घोषणाओं से आज लोग खुद को ठगा महसूस कर रही है। आज उत्तराखंड का युवा रोजगार की तलाश में अन्य शहरों में पलायन कर रहा है और उत्तराखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा ने कहा कि किसानों के साथ भाजपा सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। समाजवादी पार्टी किसानों के साथ खड़ी है। इस दौरान मोहम्मद नाजिम सैफी, शाहरुम खान, टोनी पठान, कुलदीप शर्मा, डॉ. जमील मंसूरी, मोहम्मद यामीन मंसूरी, मोहम्मद दिलशाद हुसैन रहे।

# ब्लॉक प्रमुख नामधारी का स्वागत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** भाजपा कार्यकर्ताओं ने देहरादून में भाजपा में शामिल हुए ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी का यहां पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर पार्टी में स्वागत किया।

नौसर मंडल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्य की अध्यक्षता एवं नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा के संचालक में हुए कार्यक्रम में सभी मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों, मंडल मोर्चो के अध्यक्षों, जिला पंचायत सदस्य, बीसीसी और ग्राम प्रधान शामिल हुए। अपने संबोधन में ब्लाक प्रमुख नामधारी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कार्यशैली से प्रभावित होकर एवं प्रदेश के विकास के लिए उनकी दृढ़ संकल्प को देखते हुए भाजपा परिवार के साथ जुड़कर क्षेत्र का विकास करना चाहते हैं। रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि धीरे-धीरे भाजपा का कुनबा बढ़ता जा रहा है। पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह खड़ायत एवं सतीश गोयल, क्षेत्र पंचायत सदस्य रविंद्र राणा, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला, देवेंद्र चंद, अमित कुमार पांडे, नीलू गुप्ता, तारिक मलिक, अमरजीत सिंह, कुलवंत सिंह, करनैल सिंह, राम पांडे



ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# छात्रवृत्ति: 21 विद्यार्थियों को 2.67 लाख रुपये आवंटित

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मुख्यमंत्री मेधावी उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत 21 विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 2.67 लाख रुपये की धनराशि आबंटित कर दी गयी है।

प्रभारी प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत स्नातक के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर तथा तृतीय वर्ष के कला , विज्ञान , वाणिज्य संकाय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 21 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि हस्तांतरित कर दी गयी है। बताया कि स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, भूगोल, गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान एवं वाणिज्य में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति हस्तांतरित करने की प्रक्रिया की रही है। यहां नोडल अधिकारी डॉ मनीष बेलवाल, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ धीरज गहतोड़ी, केएस नितवाल रहे।

### तीन, दो और डेढ़ हजार प्रतिमाह है छात्रवृत्ति

प्राचार्य प्रो . आशुतोष कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री मेधावी उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति प्रथम विधार्थी को 3000, द्वितीय को 2000 और तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 1500 रुपए प्रति माह दी जा रही है। यह भी बताया कि प्रथम चरण में 21 विद्यार्थियों को 6-6 माह की छात्रवृत्ति आवंटित की गई है।

**आयोजन** नन्हे-मुन्ने बचों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जीता दर्शकों का दिल

# धूमधाम से मना फाउंडेशन एकेडमी का वार्षिकोत्सव

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** उन्डेशन एकेडमी का वार्षिकोत्सव (संग्रह) उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से धूम मचाई। शनिवार को फाउन्डेशन एकेडमी के वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि तहसीलदार लीना चंद्रा व शिशु मनोचिकित्सक मीता जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि तहसीलदार लीना चंद्रा ने छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य होंगे। इस दौरान एकेडमी के नर्सरी से कक्षा 1 तक के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ट्रिब्यूट टू ऋषि कपूर, एलेक्सा डांस, वॉलीवुड डांस की प्रस्तुति ने रंग जमा दिया। वहीं सैफ बर्डस ग्रैंड पेरेंट्स ने दर्शकों को नैतिक संदेश भी दिए। इसके अलावा पहाड़ी लोकनृत्य, भांगड़ा एवं गिद्दा डांस ने लोगों को थिरकने को मजबूर कर दिया। प्रधानाचार्या संदीप कौर ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।



मुख्य अतिथि तहसीलदार लीना चंद्रा को सम्मानित करते प्रबंधक एनएस धालीवाल।

इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक एनएस धालीवाल, प्रबंध निदेशक संदीप सिंह धालीवाल, फाउन्डेशन एकेडमी की प्रधानाचार्या श्रीमती संदीप कौर, रेड रोज कांवेंट स्कूल की प्रधानाचार्या नूपुर चन्द्रा, संजय सिंह, जय किशन अरोरा, अजय गाबा, भूपेंद्र सिंह धालीवाल, सुभाष गुंबर, किरण कौर, सिल्की चंद्र खेड़ा, संजय सिंह, साची बत्रा, अमरजीत सिंह, सतीश बत्रा, राहुल अनेजा, मनोज गुंबर, परमजीत पम्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



फड़ व्यवसायी को प्रतिबंधित वस्तुओं की जानकारी देती नगर निगम की टीम।

### तहबाजारी को लेकर नगर निगम ने चलाया अभियान

**काशीपुर।** नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाओ व तहबाजारी को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 5500 रुपये जुर्माना वसूला और करीब तीन किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की। शुक्रवार देर शाम सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने टांडा उज्जैन क्षेत्र में छापा मारा। जहां टीम ने तहबाजारी के तहत दुकानदारों की रसीदों की जांच की। इस दौरान टीम ने आठ चालान कर 5500 रुपये जुर्माना वूसला। साथ ही तीन किलो दो सौ ग्राम पॉलीथीन जब्त की। वही दोबारा पॉलीथिन का प्रयोग करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी छी गई। टीम में स्वास्थ्य लिपिक अब्दुल सलीम, डाटा एंट्री ऑपरेटर धनवीर सिंह, विक्रांत यादव, जगदीश सिंह सैनी आदि शामिल रहे।



बाजपुर में अवैध खनन में सीज किए गए वाहनों के साथ प्रशासनिक टीम।

### कागजात न दिखाने पर चार वाहन किए सीज

**बाजपुर।** शनिवार को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने राजस्व प्रशासन की टीम के साथ खनन वाहनों की औचक की। कोसी कांटा, बंधा रोड व सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में खनन वाहनों को रुकवाकर उनके कागजात आदि चेक किए गए। इस दौरान चार वाहन चालक कागजात मौके पर उपलब्ध नहीं करवा सके। जिसके चलते इन सभी वाहनों को अवैध खनन में मानते हुए सीज कर दिया गया। जिन्हें बाद में नजदीकी स्टोन क्रशरों की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन व ओवरलोडिंग नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है। इधर प्रशासन की इस कार्रवाई से खनन कारोबारियों व वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। कई लोग अपने वाहनों को लेकर अन्य रास्तों से निकल गए। टीम में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, हल्का पटवारी दीपक कुमार, भीम सिंह आदि शामि रहे।



बाजपुर में मझरा-प्रभु में मतदान की शपथ ग्रहण करते मोहल्लावासी व शिक्षक।

### मतदान जागरूकता को रैली निकाली, शपथ दिलाई

**बाजपुर।** चुनाव का पर्व, देश का गर्व के तहत राजकीय इंटर कालेज बरहैनी में मतदाता जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलवाई। प्रभारी प्रधानाचार्य कौशल किशोर मौर्य ने कहा कि देश हित में हमको अपना मतदान अवश्य करना चाहिए। इसके पश्चात स्कूली बच्चों ने जन-जागरूक्ता रैली निकाली। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी लीलाधर पलड़िया, शिक्षक चंद्र प्रकाश गौतम, अमित अग्रवाल, आशुतोष जोशी, विशाल कुमार, सुनील सक्सेना, सुरेश भट्ट आदि मौजूद थे। वहीं मोहल्ला मजरा प्रभु वार्ड नंबर एक में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा के आगामी सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदाताओं ने शपथ ली। इस मौके पर युवा नेता आदित्य चानना, विनोद वाल्मीकि, मन्नू चानना, शिवम सक्सेना, शक्ति सैनी, गुड्डू अहमद, राजू सागर, रिशु जलवा आदि रहे।

### दहेज हत्या के पांच आरोपी साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त

**काशीपुर।** द्वितीय एडीजे कोर्ट ने दहेज हत्या के पांच आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया है। गांव सरवरखेड़ा निवासी यासीन मोहम्मद यासीन ने 12 मई 2022 को कुंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी पुत्री का विवाह रामपुर रोड, बरेली निवासी मुशीर सुल्तान के साथ किया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसकी पुत्री को पति मुशीर सुल्तान व ससुराली प्रताड़ित करते थे। आरोप लगाया कि ससुरालियों के दबाव में 11 मई को उनकी पुत्री ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। 05 जुलाई 2022 को न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाहों को प्रस्तुत किया गया। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश नेगी ने की। संबंधित पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए द्वितीय एडीजे रीतेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने पति सहित पांच आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।



खटीमा के नोजगे पब्लिक स्कूल में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 215 छात्र-छात्राएं सम्मानित

**खटीमा।** नोजगे पब्लिक स्कूल में 'प्रतिभा का शिलालेख 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 215 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह का शुभारम्भ दर्जा राज्यमंत्री राजपाल सिंह, व्यापार मंडल प्रदेश संगठन मंत्री उमेश अग्रवाल, डॉ. नवीन भट्ट, आलोक कुमार, नरेंद्र सिंह रौतेला, सीआरसी समन्वयक आरसी भट्ट, जगजीत सिंह धामी, प्रबंधिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षणेत्तर प्रतियोगिताओं में जैसे सीबीएससी क्लस्टर, खेल महाकुंभ, क्विज ओलम्पियाड, वीवीएम, एनसीसी, वाद-विवाद, स्पेल बी, बाल वैज्ञानिक, क्रिकेट, फुटबाल, ताइक्वांडो, वॉलीबाल, ओलम्पियाड, रंगोली, संगीत, नृत्य, बैडमिंटन, खो-खो, मलखम्भ, गायन आदि में प्रतिभाग करने वाले 215 विद्यार्थियों को प्रबंधिका सुरेंद्र कौर ने "मेडल व गमले में पौधा" उपहार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन प्रभा ज्याला, संजय कुमार, अमन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर आरपी पन्त, भूपेन्द्र सिंह सौन, विनय नगरकोटी, वीरेन्द्र सिंह, सुमित घोष, मनु चावला, मोहित राजपूत, संतोष सिंह, बालकृष्ण थापा, मंजू रावत, मीनू सक्सेना, मुकेश पाण्डेय, जगत मेहरा, राजू भट्ट, दीपा भट्ट, हरप्रीत कौर, कृपाल चन्द ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कांग्रेस ने खाते फ्रीज करने के विरोध में किया प्रदर्शन

## भाजपा पर तानाशाही और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप, आयकर विभाग के खिलाफ भी की जमकर नारेबाजी

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में आयकर विभाग के कार्यालय प्रांगण में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को आयकर विभाग के कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा है कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतर आई है और विपक्ष को कमजोर करने की लगातार साजिश कर रही है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ता ढूंगाधारा स्थित आयकर कार्यालय परिसर में एकत्र हुए। यहां उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार के साथ ही आयकर विभाग के विरोध में जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में देश में सबसे अधिक चंदा भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है। लेकिन आयकर विभाग की नजर उस तक नहीं पहुंच रही है। लेकिन कांग्रेस पार्टी को परेशान करने के लिए डबल इंजन सरकार लगातार साजिशें रच रही है। यही कारण है कि मोदी सरकार द्वारा मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए उनके बैंक खाते फ्रीज करा दिए हैं।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने कहा कि कांग्रेस ने क्राउडफंडिंग के जरिए जो पैसा जमा किया है। उसका अधिकांश हिस्सा सौ रुपये तक की धनराशि के रूप में इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को जनता द्वारा डोनेट किया गया है। जो आम जनता का देश के निर्माण के लिए दिया हुआ छोटा छोटा सहयोग है। किसी उद्योगपति अथवा पूंजीपति द्वारा पार्टी को कोई दान नहीं दिया गया। अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि इलेक्टोरल बांड के जरिए गलत तरीके से अपने खातों को भरने वाली भाजपा कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ने से रोकने के लिए इस तरह की हरकतें कर रही है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा को ऐसी नीतियों का मुंहतोड़ जवाब आने वाले चुनावों में देश की जनता देगी।

प्रदर्शन के दौरान तारा चंद्र जोशी, पीतांबर पांडे, मनोज सनवाल, राजेंद्र बोरा, गीता मेहरा,दिनेश पिल्खवाल, बीके पांडे, रमेश लटवाल, सुनील कर्नाटक, दीपक कुमार, ललित सतवाल, अरविंद रौतेला, संजू सिंह, निर्मल रावत, रुचि कुटोला, बाल विक्रम सिंह रावत, पवन मेहरा, विक्रम बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, दानिश खान, अमित बिष्ट, संजय कुमार, हेमा जोशी, मुन्नी पांडे, राधा राणा, पदमा गैढा, खष्टी बिष्ट, आशा, मधु, गोविंद, नितिन, दीपेश आदि मौजूद रहे।

## राज्य आंदोलनकारियों ने पेंशन की उठाई मांग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने प्रदेश सरकार से उन्हें पेंशन दिए जाने और आश्रितों के चिन्हीकरण के मानक स्पष्ट किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को भेजे ज्ञापन में राज्य आंदोलनकारियों ने कहा है कि उन्हें पेंशन दिए जाने की घोषणा को दो वर्ष से अधिक समय हो गया है। शासनादेश भी एक साल पहले जारी हो गया है, लेकिन अभी तक पेंशन मिलना शुरू नहीं हुई है। शासनादेश में राज्य आंदोलनकारी के पति अथवा पत्नी को ही आश्रित मानते हुए पेंशन का पात्र माना गया है। जबकि शासनादेश में जिन राज्य आंदोलनकारियों के पति व पत्नी में कोई जीवित नहीं हैं, उनके संबंध में कोई स्पष्ट व्याख्या नहीं है। ऐसे बहुत से राज्य आंदोलनकारियों के परिवार जिनमें पति, पत्नी दोनों की मृत्यु हो चुकी है। वह काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। नौकरी के योग्य होने के बाद भी युवाओं के पास रोजगार के कोई अवसर नहीं हैं। ऐसे में राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों के पुत्र पुत्रियों को चिन्हित किया जाना काफी जरूरी है। संगठन ने सरकार से अपनी मांग पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में ब्रह्मानंद डालाकोटी सदस्य जिला पंचायत शिवराज बनौला व दौलत आदि आंदोलनकारियों ने हस्ताक्षर किए हैं।

## सार-संक्षेप


टनकपुर में रोडवेज के आरएम पवन मेहरा को ज्ञापन देते रोडवेज के मृतक आश्रित।

### वंचित रहे रोडवेज के मृतक आश्रितों को नौकरी दी जाए

**टनकपुर :** नौकरी से वंचित रहे रोडवेज के मृतक आश्रितों को नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर रोडवेज मृतक संगठन का प्रतिनिधि मंडल रोडवेज के आरएम पवन मेहरा से मिला जहां उनके माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि अभी भी रोडवेज के कई मृतक आश्रितों को नौकरी नहीं मिल पाई है। उन्हें शीघ्र ही नियुक्त प्रदान दिया जाए। जिसमें कहा गया है कि जिन मृतक आश्रितों को अभी तक नौकरी नहीं मिली है उनके घर की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गंगा गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में आरम से मिलने वालों में सुमित कुमार, तारा देवी, शांति देवी, कुलदीप कुमार, सोनी सिंह, मोहित गुप्ता, देवकी देवी, विनोद कुमार, शिबू, विकास कुमार, किरन देवी, कृष्णा तिवारी गिरधर सिंह, उमा शंकर गंगवार, तिलक राम आदि मौजूद रहे।

### कर्मचारियों की जायज मांगों पर कार्रवाई करे सरकार

**अल्मोड़ा :** बीएसएनएल के अल्मोड़ा मंडल के कर्मचारियों ने अपनी ग्यारह सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। शनिवार को कर्मचारियों की बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वह लंबे समय से वेतन संशोधन, नॉन एग्जीक्यूटिव के लिए नई पदोन्नति नीति लागू करने, श्रमशक्ति के पुनर्गठन की समीक्षा करने समेत 11 सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई की मांग रहे हैं। लेकिन कर्मारियों की मांगों पर सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में बीएसएनएल की दशा लगातार खराब होती जा रही है। लेकिन उसे मजबूत करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। कर्मचारी संगठन निगम की मजबूती के लिए कई बार फोर और फाइफ जी सेवाओं को शुरू करने की मांग भी कर चुके हैं। लेकिन सरकार और निगम की उदासीनता के चलते इन मांगों पर भी कोई गौर नहीं कर रहा है। कर्मचारियों ने कहा है कि वह अपनी इन मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज करते आ रहे हैं। लेकिन अगर इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो कर्मचारी उग्र आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। बैठक में राकेश वर्मा, गिरीश चंद्र, भवगती देवी समेत अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### सीवर लाइन का शीघ्र निर्माण न हुआ तो आंदोलन

**अल्मोड़ा :** नगर के जाखन देवी क्षेत्र में बन रही सीवर लाइन का कार्य निर्धारित समय के बाद भी पूरा ना होने पर अब स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है। नगर के व्यापारियों ने शीघ्र कार्य पूर्ण ना होने पर बीस फरवरी को विभाग के अधिकारियों के घेराव और उसके बाद उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। नगर के प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा है कि जाखनदेवी क्षेत्र में सीवर लाइन के निर्माण का कार्य काफी समय से चल रहा है। लेकिन विभाग इस कार्य को निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी पूरा नहीं कर पाया है। जिस कारण इधर उधर जाने वाले राहगीरों, बुजुर्गों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार संघ ने कहा है कि इस संबंध में कई बार विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर उनसे शीघ्र निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग भी की गई। लेकिन आज तक सीवर लाइन का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य के चलते रोडवेज समेत अन्य वाहनों का यात्रा मार्ग बदलना पड़ा है। व्यापारियों ने कहा है कि वह विभाग की इस लापरवाही पर बीस फरवरी को अधिकारियों का घेराव करेंगे। इसके बाद भी शीघ्र निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

# उपनल कर्मचारियों का गुस्सा बरकरार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से कार्य बहिष्कार पर चल रहे उपनल कर्मियों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। उपनल कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर शनिवार को भी धरना दिया। उपनल कर्मचारियों ने धरना सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह उच्च न्यायालय के निर्णय को लागू करने, उपनल कर्मचारियों के वेतन में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने, महंगाई भत्ता देने, पांच वर्ष से अधिक समय तक कार्य करने पर पद सृजित करने जैसी जायज मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों को पूरा करने के लिए कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे कर्मियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

संगठन ने कहा है कि उनकी मांगों पर शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। धरना सभा में जिला महामंत्री शेखर भट्ट, निशांत गोस्वामी, पूरन मेहरा, सुनील टम्टा, कमल बनकोटी, मुन्नी भाकुनी, किरन मठपाल, कमला बिष्ट, अंजलि साह, राजेंद्र कार्की, बलवंत सिंह, कैलाश जोशी, लतिषा कनवाल, दिनेश परिहार आदि रहे।

# उपनल कर्मियों ने जारी रखा कार्य बहिष्कार

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत


प्राचार्य डॉ . आभा शर्मा को ज्ञापन देते महाविद्यालय के उपनल कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वेतनवृद्धि समेत सात सूत्रीय मांगों को लेकर उपनल कर्मियों का कार्यबहिष्कार शनिवार को भी जारी रहा। टनकपुर में भी उपनल कर्मचारियो ने प्रदर्शन कर धरना दिया और कार्य बहिष्कार पर रहे। वही चम्पावत कलक्ट्रेट में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की। कहा कि सरकार लगातार उनकी उपेक्षा कर रही है। जब तक मांगें नहीं मानी जाती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

मोर्चा के संयोजक संदीप कलखुडिया तथा पवन डुंगरिया के नेतृत्व में हुई सभा में कहा कि उपनल कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी करने, पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कार्मिकों के पद सृजित करने, किसी भी कर्मचारी को सेवा से न हटाने, मृतक आश्रित को नौकरी देने, माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत प्रयोगशाला सहायकों को उच्च शिक्षा की तरह कुशल श्रेणी में बदलने, उर्जा विभाग में स्थगित महंगाई भत्ता बहाल करने की मांग दोहराई। इस दौरान अनिल सिंह, चंचल जोशी, राकेश बिष्ट, भूपेंद्र जोशी, संतोष चौबे, कीर्ति चंद्र ओली, ललित रैंसवाल, भुवन चंद्र, दीपक पंत, नीरज कलखुडिया, केदार नाथ, पंकज सिंह नेगी, कृष्ण चंद्र जोशी, गोपाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**बनबसा :** राजकीय महाविद्यालय बनबसा के उपनल कर्मी पारिश्रमिक विसंगतियो और सेवा शर्तों मे सुधार की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार पर गए। शनिवार को उपनल कर्मियों ने प्राचार्य डॉ आभा शर्मा को दिए ज्ञापन मे कहा कि वह वर्ष 2014 से निरंतर कार्यरत है। कहा कि वह महाविद्यालय की सेवा अल्प पारिश्रमिक पर कर रहे है। सभी अपने परिजनों की आजीविका पर निर्भर है। सेवा शर्ते बहुत ही कष्टकारी है जिससे उनके ऊपर हमेशा बेरोजगार होने का खतरा बना रहता है। महंगाई लगातार बढ रही है और चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध नही है। उपनल क्रमियो ने इन सभी विसंगतियो को दूर किए जाने की मांग की है ।

# महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेस उठाएगी आवाज

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में कांग्रेस के नारी न्याय सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य में पिछले छह सालों में महिलाओं के साथ सबसे अधिक उत्पीड़न और दुष्कर्म की घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन प्रदेश सरकार इन घटनाओं के दोषियों को सजा देकर महिलाओं को न्याय दिलाने में लगातार नाकाम साबित हुई है। लेकिन कांग्रेस पार्टी प्रदेश में बढ़ रही महिला उत्पीड़न की घटनाओं को किसी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी और इनके खिलाफ बुलंद आवाज उठाएगी।

शनिवार को कांग्रेस कार्यालय अल्मोड़ा में महिला कांग्रेस द्वारा नारी न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं के लिए न्याय की लड़ाई लड़ना काफी मुश्किल हो गया है। पिछले छह सालों का रिकार्ड देखा जाए तो प्रदेश में महिलाओं के साथ उत्पीड़न, दुष्कर्म और उनकी हत जैसे कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन वर्तमान सरकार इन घटनाओं को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। प्रदेश सचिव लता तिवारी ने कहा कि आए दिन इस तरह की घटनाओं के सामने आने के बाद भी प्रदेश की धामी सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने और उनके अधिकारों की सुरक्षा करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। बैठक में तय किया गया कि महिला हिंसी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए कांग्रेस पार्टी आवाज बुलंद करने का काम करेगी। इसके लिए प्रत्येक विकास खंड में नारी न्याय सम्मेलनों का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं को सुना जाएगा और उन्हें न्याय दिलाने और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मनोज तिवारी ने प्रतिभाग किया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, प्रकाश चंद्र जोशी, शोभा जोशी, दीपा साह, निर्मला कांडपाल, जया जोशी, गीता पांडे, फेमिना खान, तारा भंडारी, हंसा बिष्ट, राधा तिवारी, हंसा मर्तोलिया, राधा टम्टा, सरस्वती, किरन, बीना पांडे, पुष्पा आदि महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

## हथकरघा प्रदर्शनी में उमड़ रहे हैं लोग

**रानीखेत, अमृत विचार:** सेना के नरसिंह मैदान में हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट हथकरघा प्रदर्शनी में भारी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। प्रदर्शनी में बच्चों की मनोरंजन के लिए लगाए गए झूले आदि आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यहां लगे स्टालों में भी लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

इस प्रदर्शनी में दूरदराज क्षेत्र से लोग पहुंच रहे हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, नाव, ड्रैगन, मिकी माउस जंपिंग, नैनो कार आदि लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त हथकरघा एवं हैंडलूम स्टालों में भी लोग दन, कालीन, कारपेट सहित गर्म कपड़े खरीद रहे हैं। यहां लगे खाने के स्टालों में विभिन्न व्यंजनों का आनंद भी लोग ले रहे हैं।


## वर्ग पहेली-346

**बाएं से दाएं**

3. अलग-अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता, परदादा।

**ऊपर से नीचे**

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं; पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहाँ मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।




### वर्ग पहेली - 345 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | म | | 2 गे | | 3 लो |
| | | | रु | | न |
| 4 अ | ति | दु | सा | ह | |
| | | | रु | | |
| 5 प | रो | प | का | र | |
| पु | | | री | | 6 चा |
| 7 पी | ना | | | | रा |

### सुडोकू -63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |

## सप्ताह भी से पानी के लिए हाहाकार, आंदोलन की दी चेतावनी

**टनकपुर, अमृत विचार :** नगर से लगे कार्की फॉर्म में पिछले एक सप्ताह से पेयजल संकट से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों द्वारा जल संस्थान के अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी अभी तक पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई है जिससे गुस्साए लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र पानी सप्लाई सुचारू नहीं हुई तो वह आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। बताया कि पिछले एक सप्ताह से पानी की एक बूंद भी ना आने से यहां के लोगों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। कार्की फॉर्म वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष नवल किशोर तिवारी, जगदीश तिवारी,शेखर पांडेय,हरीश तिवारी, चंदन बिष्ट, शंकर,नवीन आदि लोगों ने आरोप लगाया है कि जल संस्थान द्वारा इस क्षेत्र में पानी का टैंकर भी उपलब्ध नहीं करा रहा है जिससे दिक्कत आ रही है। जल संस्थान के जेई विपिन कलोनी ने कहा है कि स्टेडियम के सामने जल संस्थान के पंप हाउस में 15 एचपी की मोटर खराब हो गई है जिसे ठीक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो दिन के भीतर इस क्षेत्र में पानी की सप्लाई सुचारु हो जाएगी।

## अधिकारी को हटाने के लेकर पंचायत प्रतिनिधि हुए मुखर

**टनकपुर, अमृत विचार :** जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा के पंचायती प्रतिनिधियों ने सिंचाई विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनका टनकपुर क्षेत्र से शीघ्र स्थानांतरण करने की मांग उठाई है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को भेजें शिकायती पत्र में चेतावनी दी है कि यदि उनका शीघ्र स्थानांतरण नहीं हुआ तो वह आंदोलन के लिए विवश होंगे। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में पंचायती प्रतिनिधियों का आरोप है कि उनके द्वारा तीन वर्ष पूर्व भेजे गए विकास कार्यों के प्रस्ताव पर अभी तक कार्रवाई नहीं की गई है जिससे क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। उन पर आरोप है कि उनके द्वारा जनप्रतिनिधियों का सम्मान नहीं किया जाता है और ना ही उनके द्वारा दिए गए समस्याओं का निस्तारण हो पाता है। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख मोहन चन्द,मोहनपुर की ग्राम प्रधान राधिका चन्द, आमबाग की ग्राम प्रधान मोहिनी चन्द,ज्ञानखेड़ा के ग्राम प्रधान नरी राम, बीडीसी सदस्य गीता सेठी, अशोक पाल, सुंदर आर्या,प्रेम ज्याला, पूर्व बीडीसी सदस्य हरिओम सेठी समेत तमाम पंचायती प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08 .15 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज आपको विपरीत लिंगी जातकों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें। आपको अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए।

**वृष:** आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। समाज में आपकी छवि निखरेगी।

**मिथुन:** आज आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। अपना चरित्र अच्छा रखें।

**कर्क:** आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में आपकी आय में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के लिए परिवार की सहमति मिल सकती है। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**सिंह:** आज रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। विरोधी आपसे क्षमा मांग सकते हैं। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आप दूसरों की सहायता करने का काफी प्रयास करेंगे। सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे।

**कन्या:** आज चंचलता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। यदि आप झूठ बोलते हैं तो आपको समस्या होगी।

**तुला:** आज मुख में छाले आपको परेशान कर सकते हैं। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक बातों में समय बर्बाद न करें। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव घटने से आप प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी को आज आप कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। पिता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको प्राप्त होगा।


**धनु:** आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। उधार देने से आपको बचना चाहिए। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिये प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मकर:** आज व्यापार में आपको नया प्रयोग करने से पहले ठीक तरह से जांच-पड़ताल कर लेना चाहिए। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है।

**कुंभ:** आज पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है।

**मीन:** आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 09 .23 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
दरार — सुबह : 10 .00
अनाड़ी — रात : 07 .00

**Sony Max**
चक दे इंडिया — सुबह : 08 .37
तारा वर्सेज बिलाल — रात : 09 .40

**Sony Pix**
ए मैन कॉल्ड ओटो — सुबह : 10 .10
2012 — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
क्यों ! हो गया न — सुबह : 10 .30
फ्लाइट — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
हम तुम्हारे हैं सनम — सुबह : 11 .36
यह जवानी है दीवानी — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं...
पति- (कमेंटरी के अंदाज में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

# पुस्तक समाजः एक नया और जीवंत समाज



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> पुस्तक रचनाकार की अंतर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है,जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।"

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिंतन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम्, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, ''पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।"

मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं।

पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है।

पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत् प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं।

पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा।" कालिदास, तुलसी, निराला, पी.बी. शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्सातीं। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं।

पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है।

शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में मनुष्य का अमरत्व है। पुस्तकें हमारे स्वयं पुनर्सृजन और पुनर्नवा गतिशीलता का उपकरण है। पढ़ना, सुनना, जानना चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाता है। यहां नवसृजन के अवसर हैं और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं पुस्तकें। प्राइमरी की पहली कक्षा में ही पुस्तक प्रणाम सिखाया गया था। प्रतिदिन पढ़ाई शुरू करने के पहले पुस्तक को सिर माथे लगाना ज्ञान प्राप्ति की तैयारी है। अध्ययन में विनम्रता की भूमिका है। यह मस्तिष्क की ग्राह्यता बढ़ाती है।

पुस्तकें माता पिता और आचार्य एक साथ हैं-शब्द रूप में। शब्द संसार वास्तविक संसार की तरह विराट है। शब्द और वाक्य संसार का वर्णन करते हैं। शब्द संसार को धारण करती है वाणी। शतपथ के ऋषि ने ठीक ही वाणी को विराट बताया है। पुस्तकें हम सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं। हम उपभोक्ता वस्तुओं पर तमाम खर्च करते हैं। लेकिन पुस्तकों की कीमत का रोना रोते हैं। पुस्तकों के साथ होना सौभाग्यशाली होना है। मुझे नहीं पता कि स्वर्ग या नर्क होते हैं या नहीं होते। स्वर्ग के बारे में अनुमान करता हूं कि वहां पुस्तकालय जरूर होंगे। न हों तो काहे का स्वर्ग? नरक में तो पुस्तकालय होने ही चाहिए नहीं तो प्रसाद को विषाद समझने की गल्ती होती रहेगी। मुक्ति की बेचैनी में पुस्तकें ही मार्गदर्शन कर सकती हैं। पुस्तकों को सब जगह होना चाहिए। जहां जहां पुस्तकें वहां वहां ज्ञान ज्योति।

# पांचाल का हिस्सा था फर्रुखाबाद



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बीते दिनों फर्रुखाबाद जाना हुआ। फर्रुखाबाद अपने दामन में जितना इतिहास समेटे है,लगता है उसे अभी तक पूरी तरह से खोला नहीं जा सका है। अभी बहुत शोध की जरूरत है और इसके साथ ही साथ लगता है जिले को भी शायद उतनी महत्ता नहीं हासिल हो सकी जिसका वह हकदार है।

फर्रुखाबाद छठी शताब्दी ईसा पूर्व के पांचाल महाजनपद का हिस्सा था। पांचाल के ही राजा उपनिषदों के शीर्ष विचारक प्रवाहण जैवलि थे जिन्होंने श्वेतकेतु को ब्रह्म/आत्मा का ज्ञान दिया था। महाभारत काल में जहां के राजा द्रुपद थे और जहां की ही पांचाली थी। पांचाल राज्य की राजधानी काम्पिल्य अथवा कम्पिल थी। काम्पिल्य जैन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की जन्मभूमि भी है। यहां संकिसा में गौतम बुद्ध भी आए थे और स्त्रियों के लिए भी यहां संघ के द्वार खोले। यहां अशोक स्तंभ था,यहां ह्वेनसांग आया था। कुछ वर्ष पूर्व तक फर्रुखाबाद का ही हिस्सा इत्र नगरी कन्नौज भी था। कन्नौज पांचाल देश का एक प्रमुख नगर था और जिसका प्राचीन नाम कान्यकुब्ज था। छठी शताब्दी में हर्षवर्धन जैसे शासक की राजधानी कन्नौज थी। मैं पड़ोस के कोसल महाजनपद के बैसवाड़ा (रायबरेली) का रहने वाला हूं और महान हर्षवर्धन मेरे पूर्वजों में थे।

मध्य युग में मुगल सम्राट के आदेश पर इस इलाके के सूबेदार के रूप में मोहम्मद खां बगंश (अफगानी पठान) यहां आए और उन्होंने वर्ष 1714 में आसपास के 52 गांवों को एकीकृत करके मुगल बादशाह फर्रुखसियर के नाम से मुख्यालय बनाकर उसका नाम फर्रुखाबाद रखा। मुगल बादशाह फर्रुखसियर कभी फर्रुखाबाद नहीं आए। कुछ दिन बाद वह इलाहाबाद सरकार के भी प्रमुख बनाए गए और उसी पद के दायित्वों को निभाते हुए एक दिन उन्होंने सेना के साथ मुगल साम्राज्य के विरोधी छत्रवाल को महोबा के जैतपुर किले में जा घेरा। किले पर घेरा कई महीनों चला। छत्रसाल ने मराठा सरदार बाजीराव से मदद मांगी। बाजीराव के आते ही बंगश घेरा छोड़कर भाग लिए। रात्रि में विजय उत्सव मनाया गया और छत्रसाल ने पारसी पत्नी की बेटी मस्तानी की शादी वाजीराव से कर उन्हें अपने इलाके का एक तिहाई हिस्सा भी दिया। 1857 की क्रांति के समय मस्तानी के ही बंशज अली बहादुर बांदा के नवाब और झांसी की रानी के साथी थे। मैं महोबा का कप्तान रहा और अक्सर जैतपुर के किले में जाकर शांति से बैठता था। किले के अंदर सुंदर झील भी थी। मेरे पसंदीदा शायर दाग देहलवी की तीन बेटियों वाली नानी (वज़ीर खानम उर्फ़ छोटी बेगम की मां) अकबाई बाई डेरेवाली फर्रुखाबाद की ही थी। रामपुर के नवाब सैयद यूसुफ़ अली ख़ान बहादुर मंझली को पसंद कर ले गए थे और बिल्कुल कश्मीरन लगने वाली छोटी वज़ीर खानम के तीसरे पति के रूप में प्यार करने/शादी करने वालों में नवाब लोहारू भी थे,जिन्होंने बाद में दिल्ली के अंग्रेज रेजीटेंट फ्रेजर की हत्या की थी। मिर्ज़ा ग़ालिब से भी पूछताछ हुई थी और नवाब लोहरू को फांसी हुई थी। इन्हीं नवाब लोहारू के बेटे नवाब दाग थे। वजीर खानम के चौथे पति दिल्ली सम्राट बहादुर शाह ज़फ़र के बेटे फ़खरू साहब थे। इस कहानी के लिए फ़ारूक़ी साहब के उपन्यास 'कई चांद थे सरे आसमां' ज़रूर पढ़े।

भवाली में नीम करोरी बाबा की ध्यान स्थली कैंची धाम (भवाली) आजकल दर्शनार्थियों की भीड़ से भरा रहता है,पर नीम करौली बाबा की कर्म स्थली नीम करोरी भी फर्रुखाबाद जिले में है। फर्रुखाबाद देश का सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाला जिला है। 100 के लगभग कोल्ड स्टोरेज है यहां। यही हाल कन्नौज का है। कुटीर उद्योग के रूप में यहां का वस्त्र छपाई और जरी वस्त्र उद्योग बहुत प्रसिद्ध है।

# चिकित्सकीय परिप्रेक्ष्य में 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

हिंदी कहानी के सशक्त कहानीकार पं.चंद्रधर शर्मा गुलेरी की एक कहानी 'उसने कहा था' पचास के दशक में अत्यंत लोकप्रिय कहानियों में से एक थी। उसका मुख्य पात्र सिख सैनिक लहना सिंह है। वह विश्व युद्ध में ब्रिटेन की तरफ से जर्मनी की सेनाओं से लड़ाई लड़ रहा था। इसी दौरान एक जर्मन भेदिया उसके क्षेत्र में आ गया और मित्रता बढ़ाने के लिए उसे सिगरेट देते हुए बोला कि पूर्व में मैंने अपने अधीनस्थ सिखों के साथ खूब सिगरेट का आनंद लिया है। बुद्धिमान लहना सिंह तुरंत ताड़ गया कि यह ब्रिटिश पल्टन में आया कोई जासूस जर्मन सैनिक है जिसे भारत के सिखों के सिगरेट न पीने के विषय में कुछ अता-पता नहीं है। उसने आव न देखा ताव उस जर्मन जासूस की वहीं कपाल क्रिया कर दी। यह कहानी जब लिखी गई तब यह शत प्रतिशत सच था कि सिख युवक या युवती सिगरेट-धूम्रपान कतई नहीं करते। तम्बाकू हाथ नहीं लगाते। परंतु तेजी से बदलते आज के समाज में क्या हम ये बात दृढ़ता से कह सकते हैं कि सौ प्रतिशत सिख सिगरेट नहीं पीते। तम्बाकू नहीं खाते। शायद 99 प्रतिशत सिख विशेषतः सरदारनी महिलाएं धूम्रपान अभी भी नहीं करती हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखकर हम अपने चिकित्सा विद्यार्थियों को हमेशा यह आगाह करते हैं कि सिख पंथ के लोगों से धूम्रपान या सिगरेट के विषय में पूछते समय बहुत सावधानी बरतें जिससे उनकी धार्मिक भावना आहत न पहुंचे। क्या आप धूम्रपान करते हैं या तम्बाकू खाते हैं? यह सीधे-सीधे पूछने की गलती कभी मत करें। आज जब हृदया घात (दिल का दौरा), ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की महामारी हमारे चारों तरफ विकराल रूप में फैली हुई है। इन सब बीमारियों का एक प्रमुख कारण तम्बाकू और धूम्रपान है। हमें कभी-कभी कुछ ऐसे उदाहरण सिख मरीजों के मिल जाते हैं,जो उस पक्की लकीर के अपवाद होते हैं कि सिख धूम्रपान नहीं करतें हैं। इसलिए हर चिकित्सक को इस अपवाद का ध्यान अपने मन-मस्तिष्क में विशेषतः उस समय जब उसे किसी अनसुलझी समस्या से सामना करना पड़े जरूर रखना चाहिए। यहां पर मानव मन के इसी पहलू को दर्शाती हुई एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा।


एक छत्तीस वर्षीय संभ्रांत सिख परिवार की महिला को घर पर रात में अचानक चक्कर आता है। छाती में दर्द की शिकायत होती है। घर वाले उसे निकट के अस्पताल में ले आते हैं। ईसीजी की जांच होती है। ईसीजी में दिल में गड़बड़ी के कुछ संदेहास्पद चिन्ह मिलते है। ईको टेस्ट किया जाता है,उसमें भी कुछ असामान्य बातें मिलती हैं। अलबत्ता खून के टेस्ट में हृदया घात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। उसने इसके पूर्व किसी अन्य दिल की बीमारी, ब्लड प्रेशर या डायबिटीज होने से इंकार किया। किसी प्रकार की गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन की बात पूछने पर उसने बताया कि वह ऐसी कोई गोली नहीं लेती वरन थायरॉयड के लिए विगत पांच वर्षों से नियमित औषधि लेती है। किसी अन्य प्रकार की औषधि या गोली से उसने पूर्णतः इंकार कर दिया। धूम्रपान के विषय में पूछने पर भी उसने प्रथम दृष्टया मना कर दिया। सीने में दर्द, ईसीजी व ईको में गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए उसे गहन चिकित्सा कक्ष में रखने का निर्णय लिया गया,परंतु वह मानी नहीं और अपनी मर्जी से घर चली गई।

घर पर उसे फिर सीने में अत्यंत तीव्र दर्द उठता है और वह अर्धरात्रि में अस्पताल लाई जाती है। पुनः ईसीजी किया गया। इस ईसीजी में तीव्र हृदयाघात के चिन्ह साफ साफ उभर आते हैं। विज्ञान सम्मत प्रोटोकॉल के अनुसार हृदय धमनी का एंजियोग्राफी करने निर्णय किया गया। एंजियोग्राफी के बाद पता चला कि उसकी बांयी हृदय धमनी की मुख्य शाखा में पूर्ण अवरोध था। कैथिटर द्वारा अवरोध हटाया गया। नस पूर्ण रूप से अवरोध मुक्त की गई। हृदय नलिका में पूर्ण रक्त प्रवाह पुनः लौट आया। उसके अंदर औषधियुक्त छल्ला भी लगाया लगा जिससे भविष्य में उस नलिका में फिर अवरोध न हो सकें। परंतु एक बात चिकित्सकों को परेशान कर रही थी कि आखिर इस इक हरे बदन की चुस्त-दुरुस्त महिला को हार्ट अटैक क्यों पड़ा? उसे न ब्लड प्रेशर है न ही डायबिटीज। वह गर्भ निरोधक गोलियों को लेने से भी इंकार कर रही है। फिर इसे इतना तेज दिल का दौरा क्यों पड़ा? कहीं न कहीं दाल में कुछ काला अवश्य है? हम लोग किसी महत्वपूर्ण जोखिम बिन्दु को पकड़ नहीं पा रहें हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सक ने दूसरे दिन सबेरे फिर पूछा क्या आप किसी प्रकार की गोली या तम्बाकू आदि का सेवन करती हैं? सिख महिला सकपका गई। बोली आप इतना पूछ रहें हैं तो बता रही हूं। मैं क्लब में जाकर धूम्रपान करती हूं। सिगरेट के अलावा गांजा भी पीती हूं। शराब से भी परहेज नहीं करती,परंतु आप यें बातें मेरे परिवार को कतई न बताएं। अब तस्वीर साफ थी कि उस महिला को इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

सिखों के धूम्रपान न करने की लक्ष्मण रेखा को लांघने वाले प्रकरण हमें यह सोचने के लिए बाध्य अवश्य करते हैं कि हम इस बात का ध्यान मरीज से बात करते समय और उनका परीक्षण करतें समय विशेषतः मुंह के अंदर धूम्रपान या तम्बाकू का निशान मिलने पर हम उनसे इस विषय में बड़ी संजीदगी से एक पूछ जरूर लें। अब 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना नहीं रहा।

# शिक्षा, मूढ़वर्ग और लोक संस्कृति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की आवाज आज भले ही सुनाई नहीं दे रही, किंतु एक जमाना था कि महामना मालवीय और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के नेतृत्व में वह साहित्य के जागरण का ज्योतिस्तंभ था। महात्मा गांधी इससे जुड़े थे और उन्होंने सन् 1917 में इंदौर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले साहित्य ने जनता के गहरे स्तरों में जाकर जागरण की ज्योति जगाई थी। हिन्दी साहित्य की वह धारा लोक की कसौटी पर खरी उतरी थी,लेकिन आजादी के बाद एक नए प्रकार का रीतिकाल आ गया। साहित्य दरबारों में हाजिरी लगाने लगा,पुरस्कार पाने लगा,अपनी जी हजूरी पर इतराने लगा। उस मनःस्थिति में संस्थाएं लड़खड़ाने लगीं,नागरी प्रचारिणी सभा हो या सम्मेलन हो, वह जमाना आया कि राहुलजी को काम नहीं मिल सका था,वे श्रीलंका गए। निरालाजी और नागार्जुन के जीवन की कहानी किसी से छिपी नहीं है,शास्त्रीजी के जमाने में जब गोपाल प्रसाद व्यास को पद्मश्री देने के लिए बात आई तो व्यासजी ने शास्त्रीजी के पास जाकर कहा कि स्वतंत्रता-आंदोलन में एक भारतीय आत्मा माखनलाल चतुर्वेदी को भुला दिया गया? तब उनको पद्मभूषण दिया गया था। किसी जमाने में सम्मेलन पत्रिका बहुत प्रतिष्ठित पत्रिका थी। सन् 1973 में सम्मेलन पत्रिका ने लोक संस्कृति अंक निकाला था और उसका संपादन श्री रामनाथ सुमन ने किया था। जब लोक संस्कृति अंक का संपादन कर रहे थे, तब उनकी मनः स्थिति क्या थी, इसे हम उनके संपादकीय में समझ सकते हैं। उन्होंने लिखा कि "ऐसा हुआ है कि शिक्षा-मूढ़वर्ग जब हमारी संस्कृति की उस धारा को छोड़कर पथ-भ्रष्ट हो गया है, जब वह धारा से कटकर दूर चला गया है और जीवन की गुलकारियां उसके आत्म-ओज पर छा गई हैं, तब भी अशिक्षित सामान्य जनता ने अपने युग-युग के संचित आदर्शों को अपने हृदय के रक्त से सींचकर जीवित रखा है। मस्तिष्क के अहंकार में जय संपन्न एवं सभ्य वर्गों के पांव डगमग हो गए हैं, तब शताब्दियों की अमृत ज्योति को देश के अगणित जनपदों में फैले अदृश्य हृदयों की स्नेह धारा प्राप्त हुई है। जाति के जीवन की वाणी इस अटपटे बैन में, उनकी अकृत्रिम वाणी में, उनकी व्यथा एवं अनुभूति में, उनके रोने और गाने में, उनके जीवन क्रम में सिमिट-सिमिट कर फिर-फिर जी उठी है।"

श्री रामनाथ सुमन ने लिखा था कि "जब साहित्य राजप्रसादों के विलास-कक्ष में बंद हो गया, तब प्रणय का पावनकारी मुक्तिनाद ग्राम वधूटियों एवं ग्राम-तरुणों के कंठों में अमराइयों के बीच फूटा, तब साहित्य की सरस्वती सहस्रधा होकर लोक-कंठ पर तरंगित हुई, तब संस्कृति अतर्क्य विश्वासों एवं प्रेरणाओं का आधार लेकर मीरा की भक्ति के चरणों में घुंघरू बन गई, तब यह लक्ष-लक्ष ग्राम निवासों की दीवारों पर शिल्प बनकर उभरी,तब उसने सहस्र शिलाओं को जीवित अहल्या का रूप दिया, संगीत और वाद्य उसकी झंकार से मुखरित हो गए। जीवन अगणित तरंगों में अगणित वाद्यों में बजा और अगणित गीतों में फूट उठा। यही सब समष्टिगत आत्म प्रकाश लोक संस्कृति है।

# दुनिया के महाकाव्य



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्राचीन महाकाव्यों में बहुतेरे चमत्कारिक और अलौकिक प्रसंग मिलते हैं,जैसे कि हनुमान जी एक ही छलांग में समंदर पार कर गए, सीता जी धरती से पैदा हुईं, महर्षि अगस्त्य घड़े में पैदा हुए, आदि आदि। आज कई एक लोग इन चमत्कारों का मजाक उड़ाते हैं,मानो यह सिर्फ भारत के महाकाव्यों में होता हो। हमें जानना चाहिए कि दुनिया में जितने भी महाकाव्य हैं, वे सभी ऐसे ही चमत्कारों से भरे पड़े हैं। दरअसल महाकाव्य साहित्य की वह विधा है जिसकी कहानी पार्थिव जगत की घटनाओं और आकाशीय चमत्कारों के बल पर आगे बढ़ती है। इन चमत्कारों का मजाक उड़ाना साहित्य के बारे में अपनी घोर अज्ञानता का परिचय देना है।

युगबोध का अभाव साहित्यिक कृतियों के अर्थ का अनर्थ बना देता है। प्राचीन काल का साहित्य वर्तमान की आंखों से नहीं,बल्कि प्राचीन काल की आंखों से पढ़ना चाहिए। तभी आप अपने पुरखे लेखकों का सही आंकलन कर सकते हैं।

महाकाव्यों का युग मानव सभ्यता और संस्कृति का शैशव काल है। बच्चों को चमत्कार बहुत भाते हैं। अतः यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं कि दुनिया के सारे महाकाव्य समान रूप से अलौकिक प्रसंगों से भरे हुए हैं। महाकाव्य मानव सभ्यता और संस्कृति के शैशव काल की गाथाएं हैं,लेकिन आज अगर कोई इन प्रसंगों को सचमुच सही मानता हो तो उसकी मूर्खता का कोई जवाब नहीं।

# राम मंदिर के दौर में माता सीता की चर्चा



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> सीता जिनकी भारत पूजा करता है,पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है।

देश अभी भी पिछली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह से निकला नहीं है। इस पृष्ठभूमि में माता सीता पर चर्चा करना समीचीन रहेगा। माता सीता के बिना श्रीराम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और पुरुष हैं। खैर,ये सभी तथ्य बहुत मशहूर हैं। हालांकि सुखद आश्चर्य यह है कि एक अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम ने सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखी है। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित की है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती है। सीता की जीवन यात्रा एक महिला की बुद्धिमत्ता, साहस और निःस्वार्थ बलिदान की कहानी है।


अपनी किताब में लेखिका सीता के बचपन, परिवार और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से लिखती हैं। लेखिका ने पहला अध्याय 'मिथिला में बचपन' लिखा है। इस अध्याय को इस भाव से लिखा गया है मानो वह (सीता) अपनी कहानी खुद लिख रही हों। "मेरा जन्म प्राचीन साम्राज्य विदेहनगरी,जिसे मिथिला भी कहा जाता है, में एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मेरे पिता जनक महाराज के घर में सेवा करते थे"। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता का जन्म जनकपुर में हुआ था। जनकपुर का प्राचीन नाम मिथिला तथा विदेहनगरी था। भगवान श्रीराम से विवाह के पहले सीता ने ज्यादातर समय यहीं व्यतीत किया था। महाभारत काल में जनकपुर एक जंगल के रूप में था।

378 पृष्ठों की इस पुस्तक में डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, जंगल में वापसी आदि विषयों पर लिखा है। उन्होंने एक अध्याय सीता और उनके पुत्रों क्रमशः लव और कुश को भी समर्पित किया है। महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के लिए राम द्वारा सीता को वन में निर्वासित करने की घटना, जब वह पांच महीने की गर्भवती थीं, रामायण की सबसे परेशान करने वाली और समझ से परे घटनाओं में से एक है। यह घटना भगवान के प्रति विश्वास की गंभीरता से परीक्षा लेता है और कुछ मामलों में वास्तव में इसे तोड़ देता है जिससे कुछ लोग भगवान राम के प्रति कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वे भूल जाते हैं कि यह एक दिव्य लीला है और भगवान जो करते हैं उसे करने के उनके अपने कारण हैं और वे हमेशा हमारी छोटी समझ के दायरे में नहीं होते हैं।

सीता जिनकी भारत पूजा करता है,पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं,जिन्होंने भारत और हिंदू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया।

फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग विख्यात विशेषता यह है,वे रामकथा के मर्मज्ञ और हिंदी के विद्वान थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रंथ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रंथ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। खैर डेना मरियम ने 1990 के दशक के अंत में अंतर-धार्मिक आंदोलन में काम करना शुरू किया जब उन्होंने वर्ष 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं के मिलेनियम विश्व शांति शिखर सम्मेलन के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 40 से अधिक वर्षों तक डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह समय है जब माता सीता का गहराई से अध्ययन करने वाले पाठक और विद्वान उनसे मिलकर यह समझें कि वह भारत और हिंदू धर्म से इतनी गहराई से क्यों जुड़ी हुई हैं। अंत में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण पुस्तक 'रुक्मिणी एंड द टर्निंग ऑफ टाइम' भी लिखी है।

# जीवन का ऋण



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

चार्वाक दर्शन अनुमानों के आधार पर जीवन जीने को सही नहीं मानकर प्रत्यक्ष अनुभूति को ही उचित मानता है। चार्वाक दर्शन के 'यदा जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणम् कृत्वा घृतम् पिवेत्' सूत्र को परिभाषित करते विद्वानों ने 'जब तक जीओ सुखपूर्ण जीवन जीओ, ऋण लेकर घी पीओ' का अर्थ निकाला कि जीवन में आनंद के लिए उधार रुपया-पैसा लेना पड़े तब भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह रुपया स्वरूप बनाने तथा पैसा आत्मा की प्यास बुझाने से है।

चार्वाक मत की इस परिभाषा पर चिंतन मनन करने से प्रतीत होता है कि इसकी गहराई में कुछ और भी भाव निहित है। इस सूत्र में 'घृत' शब्द पर मंथन करने की जरूरत है। घृत अपने आप में दूध के मथे जाने के बाद तैयार होने वाला पदार्थ है। यह तो सामान्यतया लोग जानते हैं दूध को गर्म करने के बाद नवनीत (मक्खन) से घृत निकलता है। मनुष्य का जीवन भी तो नौ माह गर्भ में 'मां' के अंश से पोषित होकर जन्म लेने और मातृ-दुग्धपान से होता है। इसी दुग्ध को आगे चलकर घृत बनाने के लिए मनुष्य को मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों से शक्ति उधार लेकर उसमें व्याप्त घृत-अंश का सदुपयोग करना है। इस स्थिति में कुंडलिनी जागृत होती है। लोकजीवन में एक मुहावरा 'घी के दीए जलाना' प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ ही है कि आनंद मनाना। जिस आनंद और सुख की बात चार्वाक के सूत्र में है,वह यही है कि कल्पना के आधार पर किसी सुख के पीछे नहीं भागना,बल्कि कुदरत द्वारा बहुमूल्य शरीर में जो धन छुपा है, उससे ऋण लेकर घृत पीआ जाए। वैसे भी मनुष्य पंचमहाभूतों पृथ्वी,जल,अग्नि, आकाश तथा वायु के ऋण से ही जीवन व्यतीत करता है। इस ऋण की अदायगी के लिए इन पंचमहाभूतों की रक्षा करनी चाहिए।

## एक नजर

### हर चेक पोस्ट पर स्थापित किया जाए सीसीटीवी

**देहरादून :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शनिवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में निर्वाचन के संबंध में प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर, पुलिस बल व केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में पुलिस, आबकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने पुलिस व केंद्रीय पुलिस बल की तैनाती, इंटर स्टेट व इंटर डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग व हर चेक पोस्ट पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा व सर्विलांस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस व आबकारी विभाग के सर्विलांस व चेक पोस्ट अलग-अलग, हथियार लाइसेंस धारकों की सूची का सत्यापन व हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण के साथ निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान में प्रवर्तन गतिविधियों में लगे सभी नोडल एजेंसियों को कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अवैध शराब का भंडारण करने वालों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस निर्वाचन स्टेट नोडल अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. निलेश आनंद भरणे, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय जोगदंडे, उप पुलिस महानिरीक्षक पी. रेणुका देवी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल, प्रताप शाह आदि उपस्थित रहे।

# चंपावत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन

## स्वास्थ्य सचिव बोले- सेवाओं में सुधार के हो रहे प्रयास, गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं पर फोकस

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** जनपद चंपावत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर गैरीगोठ को स्वास्थ्य सेवा में बेहतर कार्य के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) सर्टिफिकेशन दिया गया है। उत्तराखंड के किसी स्वास्थ्य केंद्र को पहली बार यह पुरस्कार मिला है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने इस उपलब्धि के लिए गैरीगोठ टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनके मुताबिक प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा देने का प्रयास किया जा रहा है।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। राज्य के सभी अस्पतालों में बुनियादी ढांचा मजबूत हुआ है। प्राथमिकता के आधार पर राज्य के अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता में वृद्धि तथा गुणवत्तापूर्ण हेल्थकेयर की बढ़ती मांग के चलते निरंतर बढ़ती आबादी की स्वास्थ्य संबंधित जरूरतों को पूरा करने के लिए निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जा रहा है। सरकार व निजी क्षेत्र के सम्मिलित प्रयासों से हर क्षेत्र तक स्तरीय हेल्थकेयर सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही जन-समुदाय के जीवन की गुणवत्ता को भी सुधार करने के प्रयास हो रहे हैं।

राज्य सरकार ने हरिद्वार मेडिकल कॉलेज, हर्रावाला देहरादून स्थित 300 बेड के सुपर स्पेशलिटी कैंसर अस्पताल, मोतीनगर हल्द्वानी स्थित 200 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, हरिद्वार स्थित 200 बेड के एमसीएच सेंटर को लीज-ऑन एंड ट्रांसफर मॉडल पर निजी क्षेत्र के सहयोग से संचालित करने का निश्चय किया है।

### हर मानक पर फिट रहा केंद्र

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत गर्भवती महिलाओं की देखभाल, नवजात की देखभाल, किशोर अवस्था के दौरान स्वास्थ की देखभाल, गर्भावस्था व प्रसव के दौरान देखभाल, परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक सेवाएं और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, संचारी रोगों का प्रबंधन: राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, सामान्य संचारी रोगों का प्रबंधन, गंभीर साधारण बीमारियों, छोटी बीमारियों के लिए सामान्य बाह्य रोगी देखभाल, गैर-संचारी रोगों और टीबी और कुष्ठ रोग जैसी पुरानी संचारी बीमारियों की जांच, रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन, बुनियादी मौखिक स्वास्थ्य देखभाल, सामान्य नेत्र एवं ईएनटी समस्याओं की देखभाल आदि मानक तय किये जाते हैं। इनके आधार पर ही एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन किया जाता है।

### 2 लाख 16 हजार की मिलेगी धनराशि

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक स्वाति भदौरिया ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को प्राप्त करने के लिए विगत 1 वर्ष से प्रयास किया जा रहा था। जिसके लिए समय-समय पर सीएमओ एवं राज्य स्तर पर समन्वय स्थापित कर समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही प्रशिक्षण हेतु राज्य स्तर एवं रीजनल कुमाऊं मंडल रुपेश मंमगाई ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। गैरीगोठ से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संजय सामंत एवं उनकी पूरी टीम एएनएम, आशाओं के भरकस प्रयासों के उपरान्त ही राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों का प्रमाणीकरण की अहर्ता प्राप्त की गयी है। जिसका उद्देश्य आरोग्य मंदिर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना है। स्टेट क्वालिटी नोडल ऑफिसर डॉ. मुकेश राय ने कहा भारत सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर गैरीकोठ को दो लाख 16 हजार की धनराशि से सम्मानित करेगा।

## पात्रों तक योजना का लाभ पहुंचाएं

**देहरादून, अमृत विचार:** राज्यमंत्री अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार ने विकास भवन सभागार देहरादून में अनु. जाति के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की व संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी माह में एक बार ब्लॉक स्तर पर भ्रमण कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र की परेशानी पर चर्चा करें।

उन्होंने निर्देश दिए विभिन्न वर्गों के जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ पहले मिले, इसके लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को धरातल पर जाकर योजना की प्रगति जांचने के निर्देश दिए साथ ही महिला समूहों की आर्थिकी बढ़ाने हेतु उनको प्रशिक्षित करते हुए स्वरोजगार से जोड़े। उन्होंने कहा जिन विभागों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है वे सफलता की कहानी की डॉक्यूमेंट्री भी बनाएं जिससे अन्य लोग भी इससे प्रेरित हों तथा योजनाओं की जानकारी मिल सके। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, विक्रम सिंह, सुनील कुमार, गोवर्धन, डॉ. विद्याधर कापड़ी, लतिका सिंह, शशिकांत गिरी, मीना बिष्ट, विद्यादत्त सोमनाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



कैनाल कालोनी के सरकारी भवन में लगी आग का दृश्य।

### आग लगने से घर में रखा सामान हुआ स्वाह

**बनबसा :** कैनाल कॉलोनी के एक सरकारी भवन में अज्ञात कारणों से लगी आग से घर में रखा सारा सामान स्वाह हो गया। पुलिस व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार गत शुक्रवार देर रात बनबसा स्थित यूपी सिंचाई विभाग की कैनाल कॉलोनी निवासी संजीव कुमार पुत्र नन्हे लाल, जो कि एनएचपीसी में अस्थाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं, वह रात्रि में परिजनों के साथ पास में विवाह समारोह में गए हुए थे। इसी दौरान उनके आवास में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग ने पास के दो अन्य घरों को भी अपनी जद में लिया, जिसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना के बाद थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण व शारदा बैराज पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने एनएचपीसी दमकल की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल व पुलिस टीम ने मिलकर आग पर काबू पा लिया।



महिला समूह के सदस्य मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लेते हुए।

### महिला समूह को दिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**रानीखेत :** चिड़ियानौला नगर पालिका परिषद सभागार में महिला समूह की सदस्यों को मशरूम उत्पादन के लिए प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उन्हें मशरूम से तैयार होने वाले खाद्य पदार्थों को बनाने की विधि प्रशिक्षक द्वारा बताई गई। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट व नगर पालिका परिषद प्रशासक वरुणा अग्रवाल ने कहा कि सरकार की योजनाओं, जिसमें पीएम स्वनिधि, स्वत : रोजगार योजना के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूह को लाभान्वित किया जाना है। तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण में 37 महिला सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। अधिशासी अधिकारी प्रवीण सक्सेना ने बताया कि निकाय क्षेत्र के अंतर्गत गठित समस्त स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण के उपरांत उक्त व्यवसाय प्रारंभ कर देना चाहिए, जिससे वह अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ कर अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को व्यवसाय हेतु हर संभव सरकार से मिलने वाली सहायता प्रदान की जाएगी।

### अखोड़िया के दर्जनभर गांवों में तेंदुए का आतंक

**बैरती, अल्मोड़ा :** अखोड़िया- नौगांव न्याय पंचायत क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में तेंदुए ने लोगों की नाक में दम कर रखा है। अभी दो रोज पहले सदी गांव में दुधारू गाय को मारने के बाद गत सायं बमनगांव में ग्राम प्रधान बिपिन चंद्र की गाय पर भी तेंदुए ने जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। ग्रामीणों के हो हल्ला करने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। इससे पूर्व अखोड़िया- नौगांव- निवासी खुशाल सिंह की दो बकरियां भी तेंदुए ने मार दीं। क्षेत्र में आवारा मवेशियों व पालतू कुत्तों का भी निवाला बना चुका तेंदुआ अब सरेआम आबादी के पास भी विचरण करता हुआ देखा गया है। न्याय पंचायत के सदी गांव, मेहलचौरा, महाकालेश्वर, बमनगांव, दड़माड़, पुरियागजार, बसेगाड़, बाबिलधार, सीमापानी, नौगांव- अखोड़िया एवं खिताड़ी आदि गांवों में तेंदुए के बढ़ते आतंक से ग्रामीण भयभीत हो चले हैं। ग्राम प्रधान बमनगांव बिपिन चंद्र, सामाजिक कार्यकर्ता मंगल फुलारा, कुन्दन बिष्ट आदि ने वन विभाग से गश्त तेज कर तेंदुए के बढ़ते आतंक से लोगों को निजात दिलाने की मांग की है।

# बॉर्डर पर पुख्ता की जा रहीं सुविधाएं

**संवाददाता, टनकपुर**



सीमा क्षेत्र से लगे बीओपी का मौका मुआयना करते एसएसबी के डीजी दलजीत सिंह चौधरी।

**अमृत विचार:** शनिवार को एसएसबी के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने पंचम वाहिनी के अंतर्गत आने वाले सीमा क्षेत्र से लगे तीन बीओपी का मुआयना कर जवानों की समस्या भी सुनी। उन्होंने कहा कि नेपाल से लगी भारतीय सीमा पूरी तरह सुरक्षित हैं। सीमा पर स्थित सभी आधारभूत सुविधाओं को तेजी से बढ़ाया जा रहा है।

डीजी चौधरी ने मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन भी किए। इस दौरान मां पूर्णागिरि धाम के पुजारी पंडित गिरीश तिवारी ने पूजा-अर्चना कराने के साथ डीजी को मां पूर्णागिरि धाम के आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी।

भारत व नेपाल के बीच पांच राज्यों से 1751 किमी की सीमा लगी है। डीजी दलजीत सिंह चौधरी ने भारत-नेपाल सीमा से लगे पंचम वाहिनी के अंतर्गत आने वाली तीन बीओपी कलढुंगा, ठुलीगाड़ और बूम का मुआयना किया। सीमा क्षेत्र में संचार व बिजली व्यवस्था बेहतर किए जाने के भी निर्देश दिए। डीजी ने कहा कि सीमा पर आधारभूत ढांचे को लगातार बेहतर किया जा रहा है। इस अवसर पर एसएसबी रानीखेत के महानिरीक्षक अमित कुमार, पंचम वाहिनी के कमांडेंट अनिल कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार, उप कमांडेंट चंद्रशेखर सी पाटिल, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. घनश्याम पटेल आदि मौजूद रहे।

## फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले पर मुकदमा दर्ज

**देहरादून, अमृत विचार:** ओएफडी स्टेट, रायपुर निवासी शिवानी मूयाल पुत्री जगदीश सिंह को नौकरी दिलाने के लिये अवनीत भट्ट नामक व्यक्ति ने फर्जी पहचान पत्र दिखाकर डीएम देहरादून के फर्जी हस्ताक्षर वाला फर्जी नियुक्ति पत्र दिया था।

शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि अवनीत ने उनकी पुत्री शिवानी को जिलाधिकारी कार्यालय देहरादून में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति के लिये फर्जी नियुक्ति पत्र दिया। उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए डीएम सोनिका ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे जिस पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट, देहरादून में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में मतदान केंद्रों के भवन वर्तमान स्थिति, नाम परिवर्तन, सहायक मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाने आदि पर विमर्श किया गया। साथ ही, ईआरओ व एईआरओ कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई। उन्होंने राजनैतिक दलों से बीएलए की सूची निर्वाचन कार्यालय को देने को कहा। साथ ही, पार्टियों से अनुरोध किया कि वे अपने स्तर पर भी बूथ का निरीक्षण करें। उन्होंने दलों से वोटर लिस्ट में क्षेत्रवार नाम जांचने व मतदाताओं को जागरूक करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने समस्त एआरओ को निर्देशित किया कि वोटर लिस्ट में डूप्लीकेसी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, सहायक निदेशक सूचना बीसी नेगी, भाजपा केअरविन्द कुमार जैन, सीपीआई (एम) के अनन्त आकाश, बसपा के जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# परिसंपत्तियों के जरिए बढ़ाएंगे जिपं की आय

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार :** जिला पंचायत की सामान्य बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष उमा बिष्ट की अध्यक्षता में धारानौला स्थित जिला पंचायत सभागार में हुई। इस दौरान सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की जनसमस्याओं को सदन में रखा। साथ ही उनके निराकरण के लिए कार्रवाई की मांग भी उठाई गई। बैठक में तय किया गया कि जिला पंचायत की आय को बढ़ाने के लिए उसकी परिसंपत्तियों का सदुपयोग किया जाएगा।

बैठक के दौरान सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, कृषि, औद्योगिकी, स्वास्थ्य, विद्युत से संबंधित समस्याएं प्रमुखता से रखी गई। गर्भवती महिलाओं को अनावश्यक रेफर किए जाने व लंबित पड़े भुगतान की समस्याएं भी सदस्यों ने जोर शोर के साथ उठाई। इसके अलावा सदस्यों ने सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाए जाने, जिला पंचायत के आय में वृद्धि हेतु जिला पंचायत संपत्तियों का उपयोग करने, जिला पंचायत की संपत्तियों की सुरक्षा हेतु तारबाड़ व उन्हें किराए पर दिए जाने के प्रस्ताव भी सदन में रखे गए । बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की 15 वां वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की कार्य योजना को ई ग्राम स्वराज पोर्टल में अपलोड किए जाने व बिना लाइसेंस के फेरी व्यवसाय को करने पर भी अर्थदंड वसूलने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में विधायक द्वाराहाट मदन सिंह बिष्ट, कांता रावत, आकांक्षा कोंडे, आरसी पंत आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्णागिरि में पांच व टनकपुर में चार हाई मास्क लाइट लगेंगी

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** जिला पंचायत की बैठक में पूर्णागिरि में पांच व टनकपुर में चार हाई मास्क लाइट लगाए जाने समेत तमाम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय ने कहा कि बोर्ड बैठक में जो भी मामले रखे जाते हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। विभिन्न सदस्यों ने अपने क्षेत्रों से सड़क निर्माण व सुधारीकरण की मांग, वन भूमि हस्तांतरण के कारण लंबित सड़क मार्गों को शीघ्र बनाने की बात कही।

बैठक में जिला चिकित्सालय व दूरस्थ क्षेत्रों के केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, गर्भवती महिलाओं को चिकित्सालय में ही प्रसव कराने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया। सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। परियोजना अधिकारी उरेडा ने बताया कि जिले के 99 गांवों में पांच-पांच सोलर स्ट्रीट लाइट व वनराजी गांव खिरद्वारी में 30 सोलर लाइट लगाई जा रही हैं। जिला प्लान से विभिन्न क्षेत्रों में 36 सोलर स्ट्रीट लाइट लगा दी गई हैं। साथ ही, पूर्णागिरि में पांच तथा टनकपुर में चार हाई मास्क लाइट शीघ्र ही लगाई जाएंगी।

विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लोहाघाट के पुल्ला में विद्युत सब-स्टेशन स्वीकृत हो गया व भूमि भी उपलब्ध हो गई, शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भगवत पाटनी ने किया। इस दौरान कई विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग द्वारा चालाई जा रही योजनाओं की जानकारी दीं। बैठक में उपाध्यक्ष जिला पंचायत एलएम कुंवर, प्रतिनिधि अध्यक्ष वन विकास निगम प्रकाश राय आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश

## गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई को कोर्ट ने 2 मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान बीती पेशी पर दर्ज किया गया था।

यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

# दस लाख में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने वाले दबोचे

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** भमोरा थाना क्षेत्र से एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा में दस लाख रुपये में पास कराने का ठेका लेने वाले साल्वर गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक कार, नौ ब्लूटूथ, छह प्रवेश पत्र, डिवाइस और नकदी बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सरगना थाना खैर अलीगढ़ निवासी पंकज शर्मा, शिवम चौधरी, सतवीर सिंह और थाना इस्लाम नगर बदायूं निवासी गौरव शर्मा के रूप में हुई है। सभी के खिलाफ भमोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

एसटीएफ सीओ अब्दुल कादिर के नेतृत्व में गठित टीम को सूचना मिली कि भमोरा क्षेत्र में पुलिस भर्ती परीक्षा में साल्वर गिरोह सेंध लगाने की कोशिश में है। एसटीएफ की टीम ने थाना क्षेत्र के महेश गुप्ता के घर पर दबिश देकर सरगना समेत चार लोगों को दबोच लिया। टीम ने आरोपियों के कब्जे से ब्लूटूथ, डिवाइस, छह सिम कार्ड, चार फर्जी मोहर, सात मोबाइल फोन, छह बैट्री सेल, अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र, बैंक की चेकबुक, पासबुक, एटीएम, चार हजार कैश, समेत एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी बरामद की है। पूछताछ में गिरोह के सरगना पंकज शर्मा ने बताया कि पहले उसकी योजना ऑनलाइन परीक्षा में धांधली करने की थी, इसलिए ऑनलाइन परीक्षा का पूरा सेट-अप तैयार किया था, लेकिन परीक्षा ऑफ लाइन होने के कारण उसकी योजना सफल नहीं हो पाई। जिसके बाद वह पेपर आउट कराने और परीक्षा पास कराने के नाम पर ठगी की कोशिश की।

## पुलिस ने आठ वाहन चोर दबोचे

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस ने बरातघरों और अन्य स्थानों से बाइक चोरी करने वाले गिरोह के सरगना समेत आठ वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी हुईं 16 बाइक बरामद की गई हैं। वाहन चोरों ने बरेली के अलावा बदायूं और दिल्ली में भी बाइक चोरी की थीं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बदायूं निवासी राकेश, यशपाल, दयाशंकर, अवधेश, मुनीश पाल, जहीर, अजीत और आंवला के प्रदीप के रूप में हुई है।

राकेश ने बताया कि वह बेरोजगार है। वह बाइक चोरी करता है। वह साल 2020 में वाहन चोरी में जेल गया। जेल से आने के बाद उसने यशपाल, प्रदीप, अजित के साथ मिलकर थाना आंवला के कई बैंक्वेट हाल के बाहर से और थाना मीरगंज, भमोरा, सुभाषनगर क्षेत्र से बाइक चोरी कीं। यशपाल बाइक अपने गांव के मुनीश, जहीर, दयाशंकर अवधेश को 15 से 20 हजार में बेच देता था।

# महिलाओं की परीक्षा छूटी पहुंचीं एसएसपी कार्यालय

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** व्यवस्था के दावों के बीच अव्यवस्थाओं ने परीक्षार्थियों को हलकान कर दिया। दो महिला अभ्यर्थियों को इधर-उधर इतना दौड़ाया कि उनकी परीक्षा छूट गई। दोनों एसएसपी कार्यालय पहुंचीं । परीक्षा केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों की लापरवाही के कारण परीक्षा छूटने का आरोप लगाते हुए दोबारा परीक्षा कराने की मांग की।

प्रेमनगर क्षेत्र के अशरफ खां छावनी निवासी पूनम और सुभाष नगर की रहने वाली आरती आर्य ने बताया कि शनिवार की पहली पाली में उनकी परीक्षा थी। व समय से अपने सेंटर इस्लामियां इंटर कॉलेज पहुंच गई थीं। कालेज में तैनात कर्मचारी उन्हें इधर से उधर भगाते रहे। प्रवेश पत्र गलत बताया तो कभी कोई और कमी बताते रहे। इसके बाद बायोमेट्रिक का सर्वर डाऊन होना बता कर प्रवेश नहीं दिया जिसके कारण दोनों की परीक्षा छूट गई।

परेशान हाल दोनों अभ्यर्थी दोबारा परीक्षा कराने की मांग का प्रार्थना पत्र लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंची। एसएसपी व अन्य बड़े अफारों के न होने पर पुलिस कर्मियों ने रविवार को आने को कहा। इसके बाद व्यवस्थाओं को कोसते हुए दोनों चली गईं।

# मोहनलालगंज लोस सीट से चौधरी होंगे सपा प्रत्याशी

**संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोहनलालगंज सीट (लखनऊ) से पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शनिवार को आरके चौधरी के नाम सार्वजनिक किया है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा परिवारिक हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से मना कर देने के बाद आरके चौधरी को पार्टी प्रत्याशी बनाया है।

दरअसल, राजधानी लखनऊ से सटी हुई मोहनलालगंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान इस सीट पर भाजपा के कौशल किशोर पिछले दो चुनावों से जीत दर्ज कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपना राजनीतिक करियर बहुजन समाज पार्टी से शुरू किया था और वह बसपा के संस्थापक सदस्य भी थे। आरके चौधरी अपने अंबेडकरवादी और समाजवादी विचारों के लिए काफी लोकप्रिय हैं। चौधरी बसपा सरकार में मंत्री रहे थे लेकिन पार्टी सुप्रीमो से बढ़ते मनमुटाव की वजह से बसपा का साथ छोड़ दिया था। साल 2019 का चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, हालांकि वह चुनाव हार गए थे। इसके बाद फिर वह सपा में शामिल हुए और अब अखिलेश ने उन्हें मोहनलालगंज सीट से उम्मीदवार घोषित किया है।

## सार-संक्षेप

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगे 50 हजार

**बरेली :** सुभाषनगर निवासी महिला ने रिश्तेदार पर अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर जेवर और दो लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि अब आरोपी इन्स्टाग्राम पर वीडियो अपलोड कर 50 हजार रुपये की मांग कर रहा है। महिला की शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी और उसकी चाची के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला के मुताबिक उनकी बहन की सुसराल हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में है। तीन साल पहले वह बहन के बेटे जन्म पर उनके घर गई थीं। वहीं पर बहन की ननद के बेटे ने उनका नहाते हुए अश्लील वीडियो बना लिया। एक दिन व्हाट्सएप पर आरोपी ने उनकी अश्लील फोटो भेज दी और रुपये की मांग करते हुए मिलने को कहा। नौ जुलाई 2023 को आरोपी के कहने पर वह दोनों बेटियों के साथ अपने जेवर और पति के दो लाख रुपये लेकर अलीगढ़ चली गईं। इस मामले में उनकी मां ने बिसौली थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी के माफी मांगने पर वह पति और बेटियों के साथ रहने लगीं। आरोप है कि 14 फरवरी को आरोपी ने उनके पति के नाम से फर्जी इन्स्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील वीडियो और फोटो रिश्तेदारों को भेज दिए और 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी।

### डीआरएम रेखा बनीं स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयर

**बरेली :** गोरखपुर स्थित पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय पर आयोजित 68 वें रेल सप्ताह समारोह में इज्जतनगर मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव को स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला है। महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने उन्हें यह पुरस्कार दिया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार दिए गए। महाप्रबंधक ने इज्जतनगर मंडल को अंतरमंडलीय परिचालन, विद्युत, लेखा, कार्मिक, कर्षण वितरण कार्यकुशलता पर शील्ड दीं।

### अभिनेता पंकज धीर ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या :** धारावाहिक महाभारत में कर्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता पंकज धीर शनिवार यहां रामलला का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने हनुमानगढ़ी पहुंचे हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद लिया। अभिनेता पंकज धीर ने कहा कि अयोध्या आकर अभिभूत हूं। पहली बार यहां आया हूं। जितना सोचा था, अयोध्या का वैभव उससे अधिक दिख रहा है। रामलला का आशीर्वाद लेकर मुंबई जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि किसी फिल्म की शूटिंग करने का मौका अयोध्या में मिला तो जरूर आऊंगा।

### शिवरात्रि पर गंगाजल उपलब्ध कराएगा डाक विभाग

**बरेली :** महाशिवरात्रि पर प्रधान डाकघर समेत सभी डाकघरों में गंगाजल की बिक्री की जाएगी। इसके लिए डाक विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है। प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि शहर के सभी शिव मंदिरों में गंगा जल का स्टॉल लगाएगा। प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि और सावन माह में यह स्टॉल लगाए जाते हैं। प्रधान डाकघर द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए एक माह पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। गंगोत्री व ऋषिकेश से गंगाजल का स्टॉक मंगाया जाता है। इस बार तकरीबन 200 लीटर गंगाजल मंगाया गया है। 250 एमएल की बोतल 30 रुपये और 500 एमएल की बोतल 50 रुपये में दी जाती है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार गंगोत्री से लेकर ऋषिकेश तक गंगा जल निर्मल और स्वच्छ है जिसके कारण इसकी मांग अधिक है।

### प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 25 दिनों में एक करोड़ का कारोबार

**अयोध्या :** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होते ही रामनगरी के सैकड़ों परिवारों को रोजगार से नए अवसर मिले हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से अब तक महज 25 दिनों में यहां के व्यापारी एक करोड़ से अधिक का कारोबार कर चुके हैं। थोक कारोबारी अश्वनी गुप्ता ने का कहना है कि सबसे अधिक खरीदारी रामलला की तस्वीर की हो रही है। उनका कहना है कि रामलला की तस्वीर को लेकर हर दिन लगभग 1000 रुपये की तस्वीर की बिक्री हो रही है। इसके अलावा चाभी का छल्ला, स्टैन्डी, स्टिकर, बिल्ले, झंडा, टी-शर्ट, मूर्ति छपी हुई फाइबर प्लेट और अन्य सामान भी शामिल हैं।

## पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने संदेशखालि का दौरा करके कहा...

# हम उत्पीड़ित बच्चे की मां से करेंगे बात

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) की छह सदस्यीय टीम ने राजनीतिक रूप से अशांत क्षेत्र संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए शनिवार को वहां का दौरा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि संदेशखालि में बदमाशों ने सात माह के बच्चे को उसकी मां की गोद से छीनकर फेंक दिया था। बच्चे का फिलहाल उपचार किया जा रहा है। आयोग की सलाहकार सुदेशना रॉय ने पत्रकारों से कहा कि हम स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर आए हैं। हमारा कर्तव्य राज्य के हर बच्चे को सुरक्षा देना है और यह भी देखना है कि उनके अधिकार सुरक्षित हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हम कथित तौर पर उत्पीड़ित बच्चे की मां से बात करेंगे।

आयोग की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि का दौरा किया, जिसका नेतृत्व इसकी अध्यक्ष तूलिका दास ने किया। दास ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें पता चला कि कोई व्यक्ति एक घर में घुस आया और बच्चे को मां की गोद से फेंक दिया। उन्होंने कहा, ''हमने खुद ही परिवार से मिलने का फैसला लिया। हम बच्चे की मां से मिले...वे भोजन, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा चाहते हैं। हमने उन्हें वह सब प्रदान किया है।

बता दें कि एक महीने से अधिक समय पहले तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शेख शाहजहां के परिसर की तलाशी के लिए ईडी के इलाके में जाने के बाद संदेशखालि में तनाव पैदा हो गया था।



डब्ल्यूबीसीपीसीआर की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए वहां का दौरा किया। • एजेंसी

### केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर

पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले उत्तर 24 परगना के अशांत संदेशखाली में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

## बिलकीस बानो मामला: दोषी ने पैरोल के लिए न्यायालय का किया रुख

**अहमदाबाद।** वर्ष 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या से संबंधित मामले के एक दोषी ने अपने परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने का अनुरोध करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया है। रमेशभाई चंदना ने अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने के अनुरोध को लेकर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। चंदना और 10 अन्य को पिछले महीने तब वापस जेल भेज दिया गया था जब उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार द्वारा उन्हें दी गई छूट को रद कर दिया था। इससे पहले, मामले के एक अन्य दोषी प्रदीप मोधिया को उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका सात से 11 फरवरी तक पैरोल पर रिहा किया गया था।



## वायुसेना ने वायु शक्ति अभ्यास में दिखाया क्षमताओं का प्रदर्शन

**जोधपुर/नई दिल्ली।** राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब पोखरण रेंज में शनिवार को भारतीय वायुसेना ने अभ्यास 'वायु शक्ति-2024' के तहत युद्ध और हमला करने की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। राफेल, एसयू-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000, तेजस, सी-17 और सी-130जे सहित भारतीय वायुसेना के 120 से अधिक विमानों ने ''आकाश से वज्रपात'' की टैगलाइन को ध्यान में रखते हुए अभ्यास में भाग लिया। लड़ाकू विमानों ने जमीन और हवा में दुश्मन के ठिकानों को निशाना बना नष्ट किया। एक राफेल विमान ने हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल से भी सफलतापूर्वक निशाना साधा।

### एक नजर

#### दिल्ली के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यह घटना शनिवार को सुबह उस समय हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में 10 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और बचाव अभियान जारी है।

#### गुरुग्राम में 1.28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**गुरुग्राम (हरियाणा)।** गुरुग्राम में साइबर अपराधियों ने पहले एक व्यक्ति को यह बताया कि उसके द्वारा भेजे गए पार्सल में मादक पदार्थ है और फिर उसे गिरफ्तारी की धमकी देकर उससे एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 83 निवासी आशीष सरीन ने साइबर अपराध दक्षिण पुलिस थान में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें एक व्यक्ति ने कूरियर कंपनी का कार्यकारी बताकर फोन किया और बताया कि उनके द्वारा भेजे गए पैकेट में मादक पदार्थ मिला है जिससे उसे जमानत करानी पड़ेगी। इसके बाद उसने जमानत के नाम पर उससे 1.28 करोड़ रुपये ऑनलाइन ठगी कर ली।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 10 लोगों की मौत

विरुधुनगर (तमिलनाडु), एजेंसी

• मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12



बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई। विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा-शुरुआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया कि यह मानवीय गलती से से हो सकता है। हमने एक अंतर-विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है।

## गुजरात में 5 पुलिसकर्मियों समेत 19 लोगों पर मामला दर्ज

भुज, एजेंसी

गुजरात के कच्छ जिले में एक कंपनी के एक कर्मचारी के अपहरण और जबरन वसूली के संबंध में दो पुलिस अधीक्षक (एसपी) और तीन अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने

### अपहरण, जबरन वसूली का मामला

इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा रखी थी। रोक हटने के लगभग एक महीने बाद अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को दो पुलिस अधीक्षकों, तीन उपाधीक्षकों, एक उप-निरीक्षक और इलेक्ट्रोथर्म लिमिटेड के मालिकों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सीआईडी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कच्छ जिले के गांधीधाम के निवासी परमानद सीरवानी ने दिसंबर 2015 में अपहरण और जबरन वसूली के लिए कंपनी के दो मालिकों और 11 अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

## राजद के साथ सत्ता साझा करने के दौरान गड़बड़ियां हुईं, की जा रही जांच : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि जब राज्य में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) सत्ता में थे उस वक्त कई गड़बड़ियां हुईं और अब उनकी जांच की जा रही है। दरअसल बिहार सरकार ने उन विभागों द्वारा लिये गये सभी फैसलों की समीक्षा का आदेश दिया है जिनका प्रभार राज्य की पूर्व 'महागठबंधन' सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव और राजद के दो मंत्रियों ललित यादव व रामानंद यादव पास था। कुमार ने इसी संबंध में मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर यह बात कही।

## दिल्ली विस में आप सरकार का विश्वास प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लाया गया विश्वास प्रस्ताव शनिवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। विश्वास प्रस्ताव के दौरान सदन में आम आदमी पार्टी (आप) के 62 में से 54 विधायक मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है और यही वजह है कि उस पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। उन्होंने पूर्व में आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भले ही भाजपा इस साल का लोकसभा चुनाव जीत जाए लेकिन आप 2029 के चुनावों में देश को उससे मुक्त कराएगी।

## सीधे ज्ञापन देने पर कर्मी को बर्खास्त नहीं किया जा सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

• सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए की टिप्पणी की

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी को केवल इसलिए बर्खास्त नहीं किया जा सकता क्योंकि उसने उचित माध्यम को दरकिनार कर सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी थी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की पीठ ने जिला न्यायपालिका के एक कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए यह टिप्पणी की।

छत्रपाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और मुख्यमंत्री सहित उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य अधिकारियों को सीधे अभ्यावेदन भेजने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जब आर्थिक तंगी में होता है तो वह



सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकता है, लेकिन यह अपने आप में बड़े कदाचार की श्रेणी में नहीं आता है जिसके लिए उसे सेवा से बर्खास्त किये जाने की सजा दी जाये। अपीलकर्ता ने बरेली जिला अदालत के अन्य कर्मचारियों के उदाहरणों का हवाला दिया है जिन्होंने सीधे वरिष्ठ अधिकारियों को अभ्यावेदन भेजा था लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को रद् करते हुए छत्रपाल को बहाल करने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने 2019 में बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका को खारिज कर दिया था। छत्रपाल को बरेली जिला न्यायालय में अर्दली, चतुर्थ श्रेणी के पद पर स्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। बाद में उनका तबादला कर दिया गया और उन्हें बरेली की एक बाहरी अदालत नजारत शाखा में 'प्रोसेस सर्वर' के रूप में तैनात कर दिया गया। हालांकि वह नजारत शाखा में काम करने लगे, लेकिन उन्हें एक अर्दली का पारिश्रमिक दिया जा रहा था। नजारत शाखा जिम्मेदार प्रक्रिया सेवा एजेंसी है। वरिष्ठ अधिकारियों को कई अभ्यावेदन देने के बाद, उन्हें जून 2003 में निलंबित कर दिया गया और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई थी।

## सड़क दुर्घटना में आप विधायक समेत पांच घायल

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले के घोगरा गांव में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक करमबीर सिंह घुमन और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करमबीर सिंह घुमन होशियारपुर जिले के दसुया से विधायक हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब घुमन कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार में तलवाड़ा शहर की ओर जा रहे थे। उनकी कार रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार में उनके साथ चार अन्य लोग भी सवार थे। दुर्घटना में घुमन के अलावा, उनके निजी सहायक शुभम, सुरक्षाकर्मी अमृतदीप सिंह, कार चालक जस्सा सिंह और दलजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया।

# कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1865, राज श्री 1365, फ़ॉर्चुन कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6850–7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10800, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी** – डालमियां 4000, पीलीभीत 3970, नवाबगंज 3960, बहेड़ी नई 3970 रुपये।

# सरकार ने एफसीआई की अधिकृत पूंजी बढ़ाई

## 21,000 करोड़ रुपये की वृद्धि से ब्याज का बोझ होगा कम, सब्सिडी पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये कर दी है। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एफसीआई केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी है जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद करता है। यह रणनीतिक भंडारण भी बनाए रखता है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरित करता है। मंत्रालय ने बयान में कहा-अधिकृत पूंजी में वृद्धि अपने अधिदेश को प्रभावी ढंग से पूरा



करने में एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कहा गया कि एफसीआई कोष की जरूरत को पूरा करने के लिए नकद ऋण, अल्पकालिक ऋण, अर्थोपाय आदि का सहारा लेता है। अधिकृत पूंजी में वृद्धि से ब्याज का बोझ कम होगा, आर्थिक लागत कम होगी और अंततः सरकारी सब्सिडी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूंजी के इस प्रवाह के साथ एफसीआई अपनी भंडारण इकाइयों के आधुनिकीकरण, परिवहन नेटवर्क में सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी काम करेगा। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ये उपाय फसल के बाद के नुकसान को कम करने और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न के कुशल वितरण के लिए जरूरी हैं।

### कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ा

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की देख-रेख में भारत से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात साल दर साल 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह जानकारी एपीडा के 38वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शनिवार को बयान जारी करके की गई है। जानकारी के अनुसार एपीडा की स्थापना 13 फरवरी 1986 को प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। वर्ष 1987-88 में इन उत्पादों का निर्यात मात्र 60 करोड़ डॉलर के बराबर था, जो 2022-23 में कृषि निर्यात 26.7 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। यह इस क्षेत्र के निर्यात में 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से विस्तार दर्शाता है। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत का कुल कृषि निर्यात 53.1 अरब डॉलर रहा जिसमें एपीडा के अंतर्गत आने वाले उत्पादों का योगदान 51 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीडा वर्ग में 23 प्रमुख वस्तुओं में से 18 समूहों की वस्तुओं निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा था। इस अवधि में ताजे फलों के निर्यात में 29 प्रतिशत तथा प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बासमती चावल और ताजी सब्जियों के निर्यात का निर्यात भी अच्छा खासा बढ़ा है।

## एरिच ग्रुप (जर्मनी) ने पुणे में नए संयंत्र का किया उद्घाटन

**पुणे।** एरिच ग्रुप ने शनिवार को पुणे के चाकन औद्योगिक क्षेत्र में नए उत्कृष्ट विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया, यह संयंत्र कंपनी की वैश्विक विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस संयंत्र में कंपनी देश और विश्वभर के लिये गहन मिश्रक, संबंधित संयंत्र उपकरण और नियंत्रण प्रणालियों का उत्पादन करेगी। पुणे का संयंत्र तीन एकड़ ज़मीन पर फैला हुआ है और यह एरिच इंडिया के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एरिच समूह को धातुकर्म, रेफ्रेक्ट्रीज, सिरेमिक, एग्रोकेमिकल्स, फाउंड्री, बैटरी, कार्बन उत्पाद और कई अन्य उद्योग क्षेत्रों में अपनी अनूठी मिश्रण और प्रसंस्करण तकनीक के लिये दुनिया भर में एक मजबूत बाजार स्थिति प्राप्त की है। चाकन संयंत्र के उत्पादन के साथ, एरिच इंडिया अपनी क्षमता बढ़ाने और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिये तैयार है।

## हिमाचल बजट: सुक्खू ने दूध के लिए एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की

शिमला, एजेंसी

• मुख्यमंत्री ने 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार का 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कृषि क्षेत्र पर खासतौर से जोर देते हुए गाय और भैंस के दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का ऐलान किया गया।

सुक्खू ने अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि एमएसपी गाय के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। राज्य में वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध के लिए एमएसपी घोषित करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सभी दुग्ध सहकारी



समितियों की देनदारियों को माफ कर दिया जाएगा और दूध खरीद तथा प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। राजस्व प्राप्तियां और राजस्व व्यय क्रमशः 42,153 करोड़ रुपये और 46,667 करोड़ अनुमानित हैं। इसका अर्थ है कि अनुमानित राजस्व घाटा 4,514 करोड़ है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,550 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,350–47,550 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,800 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,700 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,900 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## बंधन बैंक पश्चिम बंगाल सरकार के राजस्व संग्रह के लिए अधिकृत

कोलकाता, एजेंसी

• बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक

बंधन बैंक को पश्चिम बंगाल की कर और गैर-कर प्राप्तियों के संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। निजी ऋणदाता ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अधिदेश बैंक को सरकारी रसीद पोर्टल तंत्र (ग्रिप्स) के माध्यम से राजस्व इकट्ठा करने में सक्षम बनाएगा।

बैंक ने कहा कि इस अधिदेश के आधार पर लोग इस पोर्टल का उपयोग करके संपत्ति कर, मोटर वाहन कर और व्यावसायिक कर जैसे विभिन्न करों का भुगतान कर सकेंगे। भुगतान संग्रह प्रक्रिया को संचालित करने के लिए बैंक जल्द ही पश्चिम बंगाल सरकार के साथ खुद को एकीकृत करेगा। बंधन बैंक के सरकारी मामलों के प्रमुख देबराज साहा ने कहा कि बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक है। राज्य में बैंक की 1,700 से अधिक लेनदेन शाखा हैं। 'ग्रिप्स' पश्चिम बंगाल सरकार को विभिन्न कर और गैर-कर भुगतान करने के लिए एक ऑनलाइन इंटरनेट-आधारित मंच है।

## ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को दी क्लीन चिट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ट्रांजैक्शंस की जांच में फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला है। द हिंदू की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) नॉन-कंप्लायंस के कुछ अन्य मामलों के चलते कंपनी के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। ईडी ने इस हफ्ते की शुरुआत में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की थी।

ईडी की यह कार्रवाई आरबीआई के पेटीएम की सब्सिडियरी कंपनी को 29 फरवरी से नए डिपॉजिट्स स्वीकार करने से रोक लगाने के कुछ दिनों बाद हुई है। हालांकि, अब आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक में डिपॉजिट और अन्य ट्रांजैक्शंस की डेडलाइन को 15 मार्च तक बढ़ा दिया है।

31 जनवरी को जारी सर्कुलर में आरबीआई ने कहा था कि 29 फरवरी के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक के अकाउंट में पैसा जमा नहीं किया जा सकेगा। इस बैंक के जरिए वॉलेट, प्रीपेड सर्विसेज, फास्टैग और दूसरी सर्विसेज में पैसा नहीं डाला जा सकेगा।

### ईडी ने पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से की थी पूछताछ

ईडी को कंपनी के फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस की जांच करने का काम सौंपा गया था। ईडी फेमा और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत वॉयलेशन या क्राइम की जांच करता है। इससे पहले, ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ आबीआई की कार्रवाई के बाद पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से पूछताछ की थी और उनसे डॉक्यूमेंट्स हासिल किए थे।

• लेनदेन की जांच में फेमा के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष टीम ने पहले मैच में चिली को रौंदा

**विश्व टेटे टीम चैंपियनशिप**

**बुसान (कोरिया), एजेंसी।** भारतीय पुरुष टीम ने शनिवार को चिली को आसानी से 3-0 से हराकर विश्व टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप में अपना अभियान जीत से शुरू किया। स्टार भारतीय पैडलर (टेबल टेनिस खिलाड़ी) शरत कमल (95 रैंकिंग) ने दुनिया के 53वें नंबर के निकोलस बुरगोस पर जीत हासिल की। फिर भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी और मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन हरमीत देसाई ने इसी लय को जारी रखते हुए गुस्तावो गोमेज को हरा दिया। जी साथियान को ओलिवारेस फेलिप के खिलाफ पहले गेम में थोड़ी चुनौती मिली लेकिन उन्होंने जीत हासिल की। इस जीत से भारत दो अंक लेकर ग्रुप तीन में दक्षिण कोरिया (चार अंक) और चिली (तीन अंक) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अब भारतीय टीम रविवार को पोलैंड से भिड़ेगी, जिसके बाद उसका सामना सोमवार को दक्षिण कोरिया और मंगलवार को न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय महिला टीम रविवार को हंगरी के सामने होगी।

### अलकराज अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने इतालवी क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी पर जीत के साथ अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब की आउटडोर क्ले पर एक घंटे 40 मिनट के खेल में जीत हासिल करने के लिए 27 रिटर्न पॉइंट जीते। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अलकराज ने अपने 153वीं रैंक के प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि पहले सेट में वह इतने ऊंचे स्तर पर खेले। उनकी सर्विस वापस करना और हवा के साथ चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वापसी करना वास्तव में कठिन था। मुझे लगता है कि मैंने दूसरे सेट में बेहतर खेला। उसका स्तर थोड़ा नीचे चला गया, साथ ही उसकी सर्विस खराब हो गई। फाइनल में जगह बनाने के लिए अलकराज का शनिवार को चिली के निकोलस जैरी या अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी से मुकाबला होगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने द.अफ्रीका को 284 रन से दी मात

**पर्थ, एजेंसी।** द. अफ्रीका की दूसरी पारी में डेल्मी टकर और क्लो ट्राइटन की जुझारू पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं ने एक पारी और 284 रनों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की। यह ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत थी, जिसने 2001 में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी और 140 रनों को पीछे छोड़ दिया था। यह पारी के अंतर से उनकी सबसे बड़ी जीत भी थी। वाका में एलिसा हीली ने टॉस जीता और क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। डार्सी ब्राउन ने प्रोटियाज के पांच बल्लेबाजों को आउट कर उन्हें मात्र 76 रन पर रोक दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में द. अफ्रीका की महिलाओं का अब तक का सबसे कम स्कोर था। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (78) और एलिसा हीली (99) के अर्धशतकों के साथ अपनी बल्लेबाजी पारी पर नियंत्रण कर लिया जबकि एनाबेल सदरलैंड के शानदार दोहरे शतक ने मेजबान टीम को आगे बढ़ने में मदद की।

### एफआईएच प्रो लीग: भारत ने आयरलैंड को 1-0 से हराया



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** गुरजंत सिंह के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार रात कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण का समापन किया। गुरजंत सिंह 60वें मिनट में भारत की ओर से एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी थे। भारत ने मैच में आक्रमण शुरुआत की उन्हें मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर तीसरे मिनट में मिला, लेकिन हरमनप्रीत की ड्रैग-फ्लिक को आयरिश डिफेंडर ने पोस्ट के पास बचा लिया। आयरलैंड ने हमला किया, हालांकि 11वें मिनट में मैथ्यू नेल्सन का शॉट गोलपोस्ट से बाहर चला गया। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की मगर असफल रहे। उन्होंने संभावित गोल करने के मौके बनाए और क्रमशः 20वें और 24वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन आयरिश रक्षा ने गोल से रोक दिया। भारत ने गुरजंत के फील्ड गोल के जरिए गतिरोध तोड़ दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब लीग के अपने रिटर्न मैच खेलने के लिए राउरकेला जाएगी। भारत राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में 19 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा।

# जायसवाल का शतक, भारत ने इंग्लैंड पर कसा शिकंजा

## तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन यशस्वी के 104 और शुभमन के नाबाद 65 रन से भारत को 322 रन की बढ़त

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**राजकोट, एजेंसी**





भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (104 रन रिटायर्ड हर्ट) के तीसरे टेस्ट शतक और शुभमन गिल के नाबाद 65 रन से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बनाकर मैच में शिकंजा कस दिया। जायसवाल (133 गेंद, 9 चौके, 5 छक्के) ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और श्रृंखला में दूसरा शतक जड़कर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। इससे भारत की कुल बढ़त 322 रन की हो गई है।

दिन का खेल समाप्त होने तक गिल (120 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) के साथ दूसरे छोर पर रात्रि प्रहरी कुलदीप यादव 3 रन बनाकर खेल रहे हैं। जायसवाल के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद रजत पाटीदार क्रीज पर उतरे लेकिन वह खाता भी नहीं खोल सके और रेहान अहमद का शिकार हो गए। जायसवाल ने आक्रामक बल्लेबाजी की शुरुआत जेम्स एंडरसन के ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाकर 19 रन बनाकर की। अगले ओवर में टॉम हार्टले पर 2 छक्के जड़ दिए। इंग्लैंड ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बदलाव किया लेकिन जायसवाल की आक्रामकता बनी रही। इस बल्लेबाज ने फिर अहमद पर दो रिवर्स स्वीप शॉट लगाए। मार्क वुड की गेंदबाजी पर जायसवाल थोड़े शांत हुए लेकिन तब वह 90 रन के करीब पहुंचे तो एक एक रन लिए। वुड पर चौका लगाकर उन्होंने तीसरा शतक पूरा किया। लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज को पीठ में खिंचाव से रिटायर होना पड़ा। इंग्लैंड को पहली पारी में 319 रन पर समेटने के बाद खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरे सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (19) का विकेट जल्दी गंवा दिया। रोहित जो रूट की गेंद पर स्लॉग स्वीप शॉट लगाने की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। वहीं गिल ने पांचवां अर्धशतक जड़ा। भारत की कोशिश विकेट बचाते हुए बढ़त में इजाफा की थी क्योंकि अभी काफी समय बचा है। रविवार को टीम इस बढ़त को 400 से आगे बढ़ाना चाहेगी। रोहित के जल्दी आउट होने के बाद भारत की चिंता बढ़ सकती थी क्योंकि बढ़त इतनी ज्यादा नहीं थी लेकिन जायसवाल और गिल ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 155 रन की भागीदारी निभाई। दोपहर के सत्र में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने रविचंद्रन अश्विन की अनुपस्थिति में अच्छी गेंदबाजी करते हुए भारत को पहली पारी में 126 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 290 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद पूरी टीम 71.1 ओवर में 319 रन पर सिमट गई। इसमें सिराज ने 84 रन देकर 4 विकेट झटके जबकि कुलदीप ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः 1 और 2 विकेट लिए। अश्विन ने शुक्रवार देर रात परिवार में चिकित्सीय आपात स्थिति के कारण टेस्ट से हटना पड़ा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (41) ने जडेजा (51 रन देकर 2 विकेट) पर हावी होने का प्रयास किया लेकिन उनकी टाइमिंग सही नहीं थी और बुमराह ने डीप मिडविकेट पर कैच लेकर लंच के बाद बड़ा विकेट दिया। अगली गेंद पर बेन फोक्स (13) सिराज की गेंद पर आउट हो गए और उनका कैच रोहित ने मिड ऑन पर लपका। सिराज ने फिर रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन के विकेट झटके। वहीं जडेजा ने टॉम हार्टले का विकेट लिया। सुबह बुमराह (54 रन देकर 1 विकेट) और कुलदीप (77 रन देकर 2 विकेट) ने भारत को दबदबा बनाने में मदद की। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने रात की 133 रन की पारी को 153 रन में तब्दील किया। उनकी 151 गेंद की पारी में 23 चौके और 2 छक्के जड़े थे। वह कुलदीप का शिकार हुए। इंग्लैंड ने सुबह 2 विकेट पर 207 रन से खेलना शुरू किया। इंग्लैंड ने जो रूट (18) का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में 9 रन ही जोड़ सके। वह जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रिवर्स शॉट खेलकर दूसरी स्लिप में खड़े यशस्वी जायसवाल को कैच दे बैठे। यह 21 पारियों में नौवीं दफा है जब बुमराह ने इंग्लैंड के इस बल्लेबाज का विकेट लिया।

### भारतीय टीम ने पूर्व कप्तान की याद में बांह पर बांधी पट्टी

भारतीय खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट के तीसरे दिन पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ की याद में बांह में काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1951 से 1962 के बीच 11 टेस्ट खेलने वाले दत्ताजीराव का 13 फरवरी को निधन हो गया था। दत्ताजीराव पूर्व बल्लेबाज और कोच अंशुमन गायकवाड़ के पिता थे। बीसीसीआई ने कहा कि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर की याद में बांह पर काली पट्टी पहनेगी।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी-445) | दूसरी पारी 196/2 (51 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल रिटायर्ड हर्ट | 104 | 133 | 9/5 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट | 19 | 28 | 3/0 |
| शुभमन गिल खेल रहे हैं | 65 | 120 | 6/2 |
| रजत पाटीदार का अहमद बो हार्टले | 00 | 10 | 0/0 |
| कुलदीप यादव खेल रहे हैं | 03 | 16 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 05, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, **गेंदबाजी:** एंडरसन 6-1-32-0, रूट 14-2-48-1, हार्टले 15-2-42-1, वुड 8-0-38-0, अहमद 8-0-31-0

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 319/10 (71.1 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन | 15 | 28 | 2/0 |
| बेन डकेट का गिल बो कुलदीप | 153 | 151 | 23/2 |
| ओली पोप पगबधा बो सिराज | 39 | 55 | 5/1 |
| जो रूट का जायसवाल बो बुमराह | 18 | 31 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 04 | 0/0 |
| बेन स्टोक्स का बुमराह बो जडेजा | 41 | 89 | 6/0 |
| बेन फोक्स का रोहित बो सिराज | 13 | 37 | 2/0 |
| रेहान अहमद बो सिराज | 06 | 13 | 1/0 |
| टॉम हार्टले स्ट जुरेल बो जडेजा | 09 | 17 | 2/0 |
| मार्क वुड नाबाद | 04 | 03 | 1/0 |
| जेम्स एंडरसन बो सिराज | 01 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 20, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, 3-224, 4-225, 5-260, 6-299, 7-299, 8-314, 9-314, 10-319, **गेंदबाजी:** बुमराह 15-1-54-1, सिराज 21.1-2-84-4, कुलदीप 18-2-77-2, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 10-0-51-2

## अश्विन ने राजकोट टेस्ट से नाम लिया वापस



**राजकोट, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन ने पारिवारिक कारणों के चलते इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच से नाम वापस ले लिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार देर रात इसकी पुष्टि करते हुए बयान जारी किया कि अश्विन पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट से हट गए हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में बीसीसीआई और टीम अश्विन का पूरा समर्थन करती है। बीसीसीआई चैंपियन क्रिकेटर और उनके परिवार को अपना हार्दिक समर्थन देता है। खिलाड़ियों और उनके प्रियजनों का स्वास्थ्य और भलाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोर्ड अश्विन और उनके परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। बयान में कहा गया कि बोर्ड और टीम अश्विन को हर आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी और आवश्यकतानुसार समर्थन देने के लिए संचार के रास्ते खुले रखेगी। टीम इंडिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान प्रशंसकों और मीडिया की समझ और सहानुभूति की सराहना करती है। अश्विन ने दूसरे दिन जैक क्रॉली का विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में अपना 500वां विकेट मनाया। वह टेस्ट इतिहास में 500 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले नौवें गेंदबाज बन गए और अनिल कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।

# महिला टीम पहली बार पहुंची चैंपियनशिप के फाइनल में

## सेमीफाइनल में पूर्व चैंपियन जापान को 3-2 से हराया, स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद

**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**



भारतीय महिला टीम ने शनिवार को रोमांचक सेमीफाइनल में दो बार की पूर्व चैम्पियन जापान को 3-2 से हराकर पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, जिससे पहला स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें जीवंत हैं। तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दुनिया की 23वें नंबर की जोड़ी ने पहला युगल, दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अस्मिता चालिहा ने दूसरा एकल और 17 वर्षीय अनमोल खरब ने निर्णायक एकल जीतकर भारत को खिताबी भिड़ंत तक पहुंचाया। भारतीय महिला टीम रविवार को फाइनल में थाईलैंड के सामने होगी।

भारत ने 2016 और 2020 के चरण में पुरुष टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते थे। जापान की टीम हालांकि अकाने यामागुची, युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा तथा मायु मातसुमोटो और वाकाना नागाहारा के बिना खेल रही थी। उसने भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की। पीवी सिंधू पहले एकल में अया ओहोरी के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी। तृषा और गायत्री ने पहले युगल ने नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की जोड़ी को हराकर भारत को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अस्मिता ने फिर नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और क्रास शॉट और स्मैश से उलटफेर भरी जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। तनीषा क्रास्टो को चोट लगी है, जिससे सिंधू ने अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाई लेकिन वे रेना मियायूरा और अयाको साकुरामोटो की जोड़ी की बाधा पार नहीं कर सकी और हार गई। अब दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं। अनमोल ने नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाया।

### अनमोल शीर्ष खिलाड़ियों को हरा सकती है : गोपीचंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में अनमोल खरब के शानदार प्रदर्शन के बाद मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा कि वह निर्भीक और समझदार खिलाड़ी है जो शीर्ष खिलाड़ियों को हरा सकती है। फरीदाबाद की 17 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने जापान के खिलाफ निर्णायक मैच में दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार इस फाइनल में पहुंचाया। अनमोल दिसंबर 2023 में सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियन बनी थीं। उन्होंने बुधवार को अपने ग्रुप मैच में चीन की वु लुओ यु पर तीन गेम में रोमांचक जीत हासिल की थी। यह उनका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है।

# दोहरा शतक जड़ संजीत ने रचा इतिहास

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**रणजी ट्रॉफी**



**अमृत विचार:** छत्तीसगढ़ के बल्लेबाज संजीत देसाई ने इकाना स्टेडियम में हो रहे रणजी मैच के दूसरे दिन शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने 15वें प्रथम श्रेणी मैच में पहला शतक जड़ा और उन्होंने दोहरे का सफर तय किया। उत्तर प्रदेश के खिलाफ संजीत ने 202 तो कप्तान अमनदीप खरे ने 114 रनों की पारी खेली। इससे छत्तीसगढ़ ने पहली पारी में 414 रनों का स्कोर खड़ा किया। उत्तर प्रदेश की टीम पहली पारी के लिए मैदान में पहुंची। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मेजबान उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश 304 रन पीछे है। सौरभ कुमार 55 और कप्तान नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं।

संजीत ने 113 और अमनदीप 70 रन की पारी को आज आगे बढ़ाया। पांचवें विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों में 332 गेंदों पर 212 रन की साझेदारी की। अमनदीप ने 151 गेंद पर 114 रन (15 चौके और 1 छक्का) बनाए। टीम का स्कोर जब 212 रन था, तब अमनदीप को आकिब खान ने नितीश राणा के हाथों कैच कराया। दूसरे छोर पर टिके संजीत आठवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें अटल बिहारी ने शोएब के हाथों कैच कराया। संजीत ने 356 गेंदों पर 23 चौकों और 4 छक्कों की सहायता से 202 रन बनाए।

### सौरभ कुमार के 300 विकेट


उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 55 रन देकर 5 विकेट चटकाए। सौरभ प्रथम श्रेणी मैचों में 300 विकेट लेने का आंकड़ा पार कर गए। उन्होंने 70वें मैच तक अपने विकेटों की संख्या 302 पहुंचा दी है। आकिब खान ने 3, अटल बिहारी और यश दयाल ने 1-1 विकेट लिए।

### सौरभ और नितीश ने संभाला मोर्चा

उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 40 रन के योग पर अभिषेक गोस्वामी (4), प्रियम गर्ग (6), कर्ण शर्मा (6) पवेलियन लौट गए। सौरभ कुमार और कप्तान नितीश राणा ने मोर्चा संभाला। दोनों स्कोर 110 रन तक ले गए। खेल खत्म होने तक सौरभ 55 और नितीश 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ के रवि किरन ने 2, आशीष चौहान ने 1 विकेट लिया।

# बॉलीवुड हलचल

## कबीर के साथ फिर काम करेंगे सलमान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान एक बार फिर से कबीर खान की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सलमान खान ने निर्देशक कबीर खान के साथ सुपरहिट फिल्म एक था टाइगर में काम किया। इसके बाद सलमान खान और कबीर खान की जोड़ी बजरंगी भाईजान में साथ नजर आयी। लंबे समय के बाद यह जोड़ी एक बार फिर से नजर आ सकती है। कबीर खान इन दिनों साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग में व्यस्त है। सलमान खान दोबारा कबीर खान के साथ काम करने पर विचार कर रहे हैं। सलमान खान ए आर मुरुगदास की फिल्म के बाद कबीर सिंह की फिल्म कर सकते हैं।

### वेबसीरीज शोटाइम में सुपरस्टार के किरदार में हैं राजीव



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजीव खंडेलवाल वेबसीरीज शो टाइम में सुपरस्टार के किरदार में नजर आएंगे। राजीव इन दिनों वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। राजीव ने शो टाइम में सुपरस्टार अरमान सिंह का किरदार निभाया है। राजीव ने बताया, शो टाइम में मेरा किरदार कई सुपरस्टार्स से प्रेरित है। इस सीरीज में कई कलाकार की कहानी को दिखाया जाएगा। मैं उनका नाम नहीं लूंगा, लेकिन मुझे यकीन है कि सीरीज देखकर आपको उनमें से कुछ की याद जरूर आएगी। राजीव ने कहा, शो टाइम में वह कहानियां हैं जो हमने सुपरस्टार्स के बारे में सुनी हैं। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। शुरू में शो टाइम करने से मैंने ना कह दिया था। मुझे लगा कि यह कुछ बहुत अलग है। मैं कभी भी अरमान के किरदार से खुद को जोड़ नहीं पाया हूं।

## घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश




**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री शुभी शर्मा एवं अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके निर्माता और निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं। अजय श्रीवास्तव एवं यश कुमार ने कहा कि घरवाली बाहरवाली फिल्म को लोगों ने खूब सराहा था। उसी वक्त हमने इसके सीक्वल का फैसला किया था और हम इसकी शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हमारी इस फिल्म की कहानी फैमिली प्रो है और इसमें लोगों को संस्कार, व्यवहार और इमोशन के साथ एक हेल्दी मनोरंजन मिलने वाला है। फिल्म की कहानी पर ज्यादा अभी बात नहीं की जा सकती लेकिन इसके हाइलाइट्स ऐसे होने वाले हैं जो आपको फिल्म के प्रति आकर्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह फिल्म भी पहली फिल्म की अपेक्षा लोगों में ज्यादा पसंद की जाएगी। शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए कई मायनों में खास है। सबसे पहले की इस फिल्म में मेरा किरदार बेहद दमदार है और मैं अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हूं। दूसरी बात यह भी है कि इन दोनों भोजपुरी में कई अच्छी फिल्में बन रही हैं उनमें से जो स्क्रिप्ट मुझे पसंद आती है मैं उसे हां करने में देर नहीं लगती। घरवाली बाहरवाली-3 लोगों को अपनेपन का फील देगी और मैं समझती हूं कि यह फिल्म हर कोई अपने घर परिवार में या फिर दोस्तों के साथ मिलकर देख सकेंगे। गीत संगीत और संवाद बेहद सुग्राही है। मैं अपील करुंगी कि जब यह फिल्म रिलीज हो तो आप सभी जरूर इसे देखें और अपना प्यार एवं आशीर्वाद दें। उल्लेखनीय है कि अजय श्रीवास्तव निर्मित और निर्देशित फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 के लेखक संजय राय हैं, जबकि फिल्म में यश कुमार और शुभी शर्मा के साथ गरिमा दीक्षित, नीलम पांडेय, जयप्रकाश सिंह, धनंजय सिंह और रविकांत यादव भी प्रमुख भूमिका में दिखेंगे।

## शुभी शर्मा और देव सिंह की फिल्म 'सास हैं कि डायन' बनकर तैयार



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री शुभी शर्मा और अभिनेता देव सिंह की आने वाली फिल्म सास हैं कि डायन की शूटिंग पूरी हो गई है। निर्माता अंशुमान सिंह और निर्देशक राजकुमार प्रसाद राजू फिल्म सास हैं कि डायन लेकर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर देव सिंह ने बताया कि इसमें मेरा किरदार कुछ अलग है, जिसे करके खूब मजा आया उम्मीद करता हूं कि यह दर्शकों को भी पसंद आएगा। मुझे अभिनेता के तौर पर हर तरह के किरदार को निभाने की ललक रही है और जब भी मुझे यह मौका मिलता है तो मैं उसे करता हूं। इस फिल्म में एक से एक दिग्गज कलाकार हैं। उनके साथ काम करके एक अलग ही अनुभूति हुई। वहीं, शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म सीधा-सीधा परिवार के सेंटीमेंट पर आधारित है। जब मुझे इसका ऑफर आया था। तब मैं भी टाइटल सुनकर चौंक गई थी, लेकिन कहानी ने मुझे इस फिल्म से जोड़ लिया और आज यह फिल्म तैयार है। जास मोशन पिक्चर के बैनर से बनी फिल्म के कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म के लेखक सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा हैं। डीओपी हरीश सावंत और संगीत अमन श्लोक का है। फिल्म में देव सिंह और शुभी शर्मा, ऋचा दिक्षित, रितेश उपाध्याय, रामसूजन सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, रोहित सिंह मटरू, जाफरी, सहिस्ता रॉय और रागिनी दुबे हैं।

### कुछ रीत जगत में हेमराज का किरदार चुनौतीपूर्ण : धर्मेश



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता धर्मेश व्यास का कहना है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आने वाले शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में 'हेमराज' का किरदार निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। धर्मेश व्यास और ख़ुशी राजपूत ने नंदिनी के सास-ससुर हेमराज रतनशी और चंचल रतनशी की भूमिका निभाई हैं। धर्मेश व्यास ने बताया, कुछ किरदार यह बताने के लिए बनाए जाते हैं कि समाज में क्या नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा ही हेमराज का किरदार है। हालांकि मैं इसके खिलाफ हूं जो परंपरा के नाम पर छिपा हुआ है, इसलिए हेमराज का किरदार निभाना एक चुनौती है और साथ ही मेरे लिए ऐसी प्रथाओं के खिलाफ जागरूकता पैदा करने और बातचीत शुरू करने का एक मौका भी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### मुंबई में 31.6 लाख के मादक पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार

**ठाणे।** नवी मुंबई में 31.6 लाख रुपये मूल्य की मेथिलीन डाइऑक्सी-मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) और ब्राउन शुगर रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम कोपरखैरने इलाके से संदिग्ध रूप से घूम रहे आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 63 ग्राम एमडीएमए और 253 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी कीमत 31.6 लाख रुपये है। आरोपी मोहम्मद शमीम इस्माइल अंसारी उर्फ सैम, खालिदा खातून मोहम्मद अजीम अंसारी और आफिया खातून हयात मोहम्मद अंसारी को गिरफ्तार किया गया जबकि उनकी साथी रुकसाना अंसारी फरार है।

### ईरान: सिरफिरे ने अपने ही 12 रिश्तेदारों को मारी गोली, मौत

**तेहरान।** ईरान के दूरदराज ग्रामीण इलाके में 30 वर्षीय एक सिरफिरे शख्स ने शनिवार को अपने 12 रिश्तेदारों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह गोलीबारी दशकों में हुई सबसे घातक घटना है। करमान प्रांत के न्याय विभाग के प्रमुख इब्राहिम हामिदी ने बताया कि बंदूकधारी ने पारिवारिक विवादों के कारण एक गांव में सुबह-सुबह अपने पिता, भाई और अन्य रिश्तेदारों पर गोलियां चला दीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावर की अभी पहचान नहीं हुई है और उसने कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल का इस्तेमाल किया। ईरान में किसी भी हिंसक घटना में मरने वालों की संख्या ये सबसे अधिक है।

### गुजरात में तटवर्ती गांव से पुलिस ने शेरनी का शव बरामद किया

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले के एक तटीय गांव में शेरनी का शव बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि, शेरनी की मौत अरब सागर में डूबने से हुई है। उन्होंने कहा-शेर का समुद्र में डूबना कोई बहुत सामान्य घटना नहीं है। बता दें, पुलिस ने मामले में किसी भी तरह की साजिश की आशंका से इनकार कर दिया है। जूनागढ़ के प्रभारी मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) के.रमेश ने शनिवार को बताया कि वन क्षेत्र में धारा बंदर गांव के तट पर पांच से नौ साल की उम्र की शेरनी मृत मिली थी। पीएम रिपोर्ट में पता चला कि शेरनी की मौत पानी में डूबने से हुई।

### ब्रिटेन: हत्या के आरोप में भारतीय मूल के युवक को उम्रकैद की सजा

**लंदन।** लंदन की एक अदालत ने महिला की हत्या के 30 साल पुराने मामले में भारतीय मूल के एक युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संदीप पटेल को 1994 में लंदन के वेस्टमिंस्टर इलाके में मरीना कोप्पेल नामक महिला के फ्लैट पर चाकू मारकर उनकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोषी मानते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस ने कहा-मजबूत साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई गई है।

## तेलंगाना में बदमाशों ने 20 कुत्तों को मारी गोली, 5 जख्मी जांच में जुटी पुलिस टीम

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के महबूबनगर जिले में गुरुवार रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने 20 आवारा कुत्तों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। गोलीबारी में पांच कुत्ते बुरी तरह जख्मी भी हैं। पुलिस को घटना के बारे में शुक्रवार को पता चला। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस गांव में गोलीबारी के बाद लोग काफी डरे हुए हैं।

स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता अदुलापुरम गौतम ने कहा, 'स्थानीय लोगों ने बताया कि आधी रात के बाद कार में कुछ नकाबपोश आए और कुत्तों पर बंदूक से गोलियां चला दीं। इस घटना में लगभग 20-25 कुत्ते मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हमने इस घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अज्ञात बदमाशों की पहचान की जा रही है। शुरुआती जांच में एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया है कि कार में आए एक व्यक्ति ने ही अपराध को अंजाम दिया है। पंचायत अधिकारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शस्त्र अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## हैदराबाद में आकार ले रही गूगल की भव्य इमारत

*तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक भव्य इमारत आकार ले रही है। ये है, सर्च इंजन गूगल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस। जो शहर के वित्तीय इलाके गच्छीबावली क्षेत्र में बन रहा है। करीब 1500 लोग दिन-रात इसे बनाने में जुटे हैं, फिर भी इसके 2026 तक पूरा होने की संभावना कम है। यहां काम कर रहे प्रोजेक्ट इंजीनियरों ने बताया कि ऑफिस 30 लाख वर्ग फीट में बन रहा है, जिसका अभी करीब 20% ही काम हुआ है। इसे पूरा बनने में अभी 7 साल और लगेंगे।*

**1000** करोड़ रु. की लागत से तैयार हो रहे ऑफिस में 18 हजार कर्मचारी कर सकेंगे काम

**30** लाख वर्ग फीट में हैदराबाद में बन रहा है गूगल का दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय

### सबसे बड़ा ऑफिस माउंटेन व्यू

गूगल का ऑफिस 35 लाख वर्ग फीट में बना अभी हैदराबाद के कोंडापुर में गूगल का जो दफ्तर है, उसमें 7 हजार कर्मचारी है। जबकि गूगल का सबसे बड़ा ऑफिस अमेरिका के कैलिफोर्निया के माउंटेन व्यू में है, जो करीब 35 लाख वर्ग फीट में फैला हुआ है।








### अंडाकार में बनेगी इमारत

अभी नींव का बेस बन चुका है। उसके ऊपर चार बड़े त्रिकोणीय स्तंभ बन रहे हैं। इनके ऊपर 23 मंजिला ऑफिस की अंडाकार इमारत खड़ी होगी, जिसमें एक साथ 18 हजार कर्मचारी काम कर सकेंगे। प्रोजेक्ट की लागत 1000 करोड़ रुपये है।

### हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम्स हॉल

ब्रिटिश फर्म ऑलफोर्ड हॉल मोनाघन मॉरिस ने इसे डिजाइन किया है। ये भारत में कंपनी का पहला निर्माण है। इस ऑफिस को हरेक मंजिल पर सूरज की रोशनी और ताजी हवा रहेगी। छत ऐसे डिजाइन की गई है कि उसे कभी भी खोला या बंद किया जा सके। इसमें 7 कैफेटेरिया होंगे। हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम हॉल भी डिजाइन किए जाएंगे।

### अभी भारत का सबसे बड़ा ऑफिस सूरत डायमंड बुर्स

भारत में सबसे बड़ा ऑफिस कॉम्प्लेक्स सूरत डायमंड बुर्स है, जो 71 लाख वर्ग फोट में बना है। यदि कैंपस की बात करें तो इंफोसिस का मैसूर कैंपस है, जो 350 एकड़ यानी डेढ़ करोड़ वर्ग फीट में है। सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन फरवरी 2015 में शुरू हुआ था। अप्रैल 2022 में इसका काम पूरा हुआ। एसडीबी को सूरत की डायमंड इंडस्ट्री ने मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग दोनों के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में स्थापित किया है। सूरत दुनिया के 92 फीसदी नेचुरल डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग करता है।



पाकिस्तान: चुनाव में धांधली की जिम्मेदारी लेते हुए नौकरशाह ने दिया इस्तीफा, सीईसी पर लगाया आरोप

## मुख्य जज- ईसी चुनाव धांधली में शामिल

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में आम चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद एक हफ्ते का समय गुजर चुका है। लेकिन नई सरकार का गठन नहीं हो पाया है। इस बीच, एक वरिष्ठ नौकरशाह ने चुनाव में सभी धांधलियों की जिम्मेदारी लेते हुए शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजे) हालिया चुनाव में हुईं गड़बड़ियों में शामिल थे।



रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए चुनावों को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। पीटीआई आम चुनाव में धांधली और जनादेश की चोरी का आरोप लगा रही है।

चट्ठा ने रावपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार चुनाव हा रहे थे, उन्हें जीत दिलाई गई थी। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, मैं इन सभी गलत कामों की जिम्मेदारी ले रहा हूं।

मैं आपको बता दूं कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) भी पूरी तरह से धांधली में शामिल थे। चट्ठा ने चुनाव परिणामों में हेराफेरी की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश की पीठ में छुरा घोंपा गया है, जिस वजह से उन्हें नींद नहीं आती है। उन्होंने कहा, मैंने जो अन्याय किया है, उसके लिए मुझे सजा मिलनी चाहिए।



### चुनाव में धांधली के विरोध में सड़कों पर पाकिस्तानी अवाम

कराची पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए चुनावों में धांधली को लेकर विपक्ष खुलकर सड़कों पर आ गया है। सिंध प्रांत में भुट्टो-जरदारी परिवार की पार्टी पीपीपी के खिलाफ बने ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के हजारों प्रदर्शनकारियों ने जामशोरो में हाइवे को जाम कर दिया। जीडीए का आरोप है कि सिंध में पीपीपी को जीताने के लिए सेना और प्रशासन ने जमकर गड़बड़ियां की है। लोगों को संबोधित करते हुए जीडीए प्रमुख पीर पागरा ने कहा कि आम चुनाव में पीटीआई के निर्दलीय प्रत्याशियों को परेशान किया गया, लेकिन चुनाव आयोग सोता रहा।

### पीएमएलएन ने पीटीआई की मांग की आलोचना की

पाकिस्तान मुस्लिम-लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आम चुनाव में कथित धांधली में अमेरिकी दखल की जांच की मांग की आलोचना की और कहा कि यह पाकिस्तान पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी है। इमरान खान ने गुरुवार को अमेरिका को संदेश दिया था कि उसे पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली पर चिंता जतानी चाहिए। इसके बाद पीएमएल-एन की नेता मरियम औरंगजेब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, हम गुलाम नहीं हैं। यह पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन ने चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ अमेरिका से मदद मांगने को लेकर पीटीआई की आलोचना और उसे याद दिलाया कि आपके अनुसार अमेरिका ने आपकी सरकार गिराने के लिए साजिश रची थी।



## थोड़ा मतभेद न्यायपालिका कार्यपालिका में जरूरी: कौल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत टकराव लोकतंत्र में नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए अच्छा है। यह बात सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शनिवार को कही। वह सांसदों को 'संसद रत्न' पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, संविधान में लोकतंत्र के नियंत्रण और संतुलन का जिक्र है, जो एक प्रशासन, एक विधायिका और अदालत का प्रावधान करता है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, हमारे यहां पहले 'पहले आओ-पहले पाओ' की आवधारणा पर आधारित लोकतंत्र है। इसलिए, सरकार के पास पचास फीसदी से कम मत होंगे, वहां कोर्ट व्यवस्था पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। कौल ने आगे एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश का हवाला दिया और कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत तनाव अच्छा है। लेकिन अगर दोनों के बीच बहुत सी चीजें स्पष्ट नहीं हैं, तो समस्या है।



- संसद रत्न कार्यक्रम में उन्होंने कहा टकराव लोकतंत्र में संतुलन के लिए जरूरी

### इन सांसदों को मिला संसद रत्न पुरस्कार

यह सम्मान भाजपा के सांसद सुधीर गुप्ता, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, भाजपा के सुकांत मजूमदार, कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल कोल्हे को दिया गया। सत्रहवीं लोकसभा में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, भाजपा के बिद्युत बरन महतो औ भाजपा की हीना गावित को संसद महारत्न' से सम्मानित किया गया। वहीं, राकांपा की सुप्रिया सुले, शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारने, बीजद के भर्तृहरि महताब को 'सांसद उत्कृष्ट महारत्न' से सम्मानित किया गया।

## चुनाव आयोग-विस अध्यक्ष का फैसला अन्यायपूर्ण: शरद

**मुबंई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक रहे शरद पवार ने शनिवार को कहा कि चुनाव आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का एनसीपी मामले पर दिया गया फैसला पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। शरद पवार ने कहा कि मामला को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दरअसल चुनाव आयोग ने बीते दिनों अपने फैसले में अजित पवार गुट को असली राकांपा (एनसीपी) माना था और पार्टी का चुनाव चिह्न भी अजित पवार गुट को देने का फैसला दिया था। शरद पवार ने कहा कि हमें ऐसे ही फैसले की उम्मीद थी। स्पीकर अपने पद की शुचिता को बरकरार रखने में असफल रहे। चुनाव आयोग और स्पीकर का फैसला अन्यायपूर्ण है।



## भाजपा में जाने की अटकलों के बीच दिल्ली पहुंचे कमलनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कमलनाथ ने कहा- ऐसी कोई बात होगी, तो खुद इसकी जानकारी देंगे तेजिंदर ने खबरों को बताया फर्जी

मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि कमलनाथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले हैं। पूर्व सीएम भाजपा का दामन थामने की अटकलों के बीच शनिवार दोपहर ल्ली पहुंचे।

इससे पहले पूर्व सीएम ने छिंदवाड़ा में अपने समर्थक नेताओं से बातचीत की। उनसे रायशुमारी की और सीधे-सीधे पूछा कि 'क्या करना है?' इसके बाद छिंदवाड़ा के अन्य कार्यक्रम निरस्त किए और भोपाल से दिल्ली रवाना हो गए। अब कहा जा रहा है कि कमलनाथ छिंदवाड़ा से अपने सांसद बेटे नकुल नाथ के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा, मैंने कल रात कमलनाथ से बात की, वह छिंदवाड़ा में हैं। उन्होंने कहा कमलनाथ ने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की है, वह गांधी परिवार का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे।

### कमलनाथ ने तोड़ी चुप्पी

पूर्व सीएम ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी कोई बात होती है तो वह खुद इसकी जानकारी देंगे। कमलनाथ ने शनिवार को कहा कि वह आज दोपहर में दिल्ली पहुंचे। ऐसे में भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा ने इन अटकलों को फेक न्यूज बता दिया है। भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा ने एक्स पर लिखा, 'कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की खबर फर्जी है।' बग्गा भाजयुमो के राष्ट्रीय सचिव हैं।

### हिमस्खलन की चेतावनी...



**श्रीनगर :** शनिवार को जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। जेकेडीएमए ने बताया कि कश्मीर के बांदीपोरा, बारामूला, कुपवाड़ा, गांदरबल और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ तथा रामबन जिलों में 2,200 मीटर से ऊपर कम खतरे के स्तर के साथ हिमस्खलन होने के आसार हैं। स्थानीय लोगों को हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। आपदा के समय हेल्पलाइन नंबर 112 जारी किया है। ● एजेंसी

## भाजपा विधायक नीलेश राणे के काफिले पर पथराव, तनाव बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

- भाजपा-शिवसेना यूबीटी कार्यकर्ता भिड़े, पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने के लिए किया बल प्रयोग

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को भाजपा विधायक नीलेश राणे के काफिले पर कुछ अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। भाजपा विधायक के काफिले पर पथराव से रत्नागिरी के चिपलून में तनाव बढ़ गया है। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। सरकार ने घटना के जांच आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

शुक्रवार को रत्नागिनी के चिपलून में भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवसेना उद्धव ठाकरे के कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। यह झड़प शिवसेना (यूबीटी) के विधायक भास्कर जाधव के कार्यालय के बाहर हुई। इस झड़प के दौरान स्थिति को बिगड़ती देख पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसी दौरान भाजपा विधायक और पूर्व सांसद नीलेश राणे का काफिला भी वहीं से गुजर रहा था। भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं की झड़प के बाद कुछ अज्ञात लोगों ने नीलेश राणे के काफिले पर भी पथराव कर दिया। इस दौरान वहां जमकर हंगामा हुआ। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है और घटना की जांच कर रही है।



## भारत आ रहे तेल टैंकर पर हूती आतंकियों ने दागी मिसाइल

**काहिरा।** लाल सागर में हाउती आतंकियों के हमले नहीं रुक रहे हैं। हाउती आतंकियों ने भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि मिसाइल ने तेल टैंकर एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह यमन से दागी गई थी। हमले में तेल टैंकर को मामूली क्षति पहुंची है। इस पर मौजूद क्रू सदस्य सुरक्षित हैं।

पोलक्स रूस के काला सागर स्थित बंदरगाह शहर नोवोरोसिस्क से 24 जनवरी को रवाना हुआ था। यह भारत के पारादीप के पास 28 फरवरी को पहुंचने वाला है। पारादीप में इंडियन ऑयल कंपनी की तीन लाख बैरल प्रतिदिन क्षमता की रिफाइनरी है। ओसियनफ्रंट मेरीटाइम को एसए के स्वामित्व वाले जहाज का संचालन सी ट्रेड मेरीन एसएस की ओर से किया जाता है।

## धोखाधड़ी मामला: ट्रंप पर लगा 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- न्यूयॉर्क कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर की कार्रवाई, कंपनी के निदेशक के रूप में काम पर भी लगाई रोक

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी मामले में न्यूयॉर्क के एक कोर्ट ने शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया। कोर्ट ने ट्रंप को न्यूयॉर्क में कंपनी के निदेशक के रूप में काम करने से तीन साल के लिए रोक लगा दिया।

वहीं, अदालत ने उनके दोनों बेटों डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप को भी 4-4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। कोर्ट ने दोनों को दो साल के लिए निदेशक के रूप में काम करने से रोक दिया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके बेटों पर बैंकों, बीमा कंपनियों व अन्य लोगों से धोखाधड़ी कर रियल एस्टेट का साम्राज्य खड़ा करने का आरोप है। सभी पर आरोप है कि उन्होंने लाभ लेने के लिए अपनी संपत्ति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। हालांकि, ट्रम्प और उनके बेटों ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। वहीं, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले को अपने साथ धोखाधड़ी करार दिया है।




विज्ञान | लंबे समय से वैज्ञानिक पृथ्वी के नजदीकी ग्रह में तलाश रहे थे जीवन की संभावना

## शनि के उपग्रह टाइटन में खत्म हुई जीवन की संभावना

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार:** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन बसाने को लेकर शनि के उपग्रह टाइटन में लगी उम्मीद में पानी फिर गया है। अकूत जल खुद में समेटे टाइटन पर लंबे समय से जीवन की तलाश की जा रही थी। अत्यधिक ठंडा व जल के विशाल महासगरों से भरा होने के कारण टाइटन को बियाबान निर्जीव बना दिया है।

टाइटन शनि का महासागरीय चंद्रमा है। जिसके भीतर पृथ्वी से भी अधिक जल भरा हुआ है। जिसे लेकर इस उपग्रह पर जीवन की संभावना थी। इस पर अध्ययन इसलिए भी तेज हुए, क्योंकि यह पृथ्वी का नजदीकी ग्रह है। जिस पर पहुचना आसान था। वर्तमान में वैज्ञानिक हमारे सौर परिवार से बाहर दूर दराज के तारों के चक्कर काट रहे ग्रहों में जीवन की तलाश कर रहे हैं। मगर टाइटन में नजदीक होने के कारण यह हमारी आकांक्षा की पूर्ति कर सकता था। इसलिए नासा कई दशकों से इसकी जांच पड़ताल में जुटा हुआ था। जिसे लेकर अंतरीक्ष यान कैसिनी को विशेषतौर पर इस उपग्रह पर भेजा गया था। टाइटन ने इस उपग्रह पर हैरान करने वाली अनेक जानकारियां जुटाई थी। वैज्ञानिकों के अनुसार टाइटन के महासागर का आयतन पृथ्वी के सभी महासागरों से 12 गुना अधिक है। मगर इतना अधिक जल जीवन के लिए बंजर हो सकता है। नए अनुसंधान के अनुसार टाइटन के भूमिगत महासागर और बाहरी सौर मंडल में अन्य बर्फीले चंद्रमाओं के अंदर के समान महासागरों में जीवन के लिए आवश्यक कार्बनिक रसायन की कमी हो सकती है। टाइटन शनि का सबसे बड़ा चंद्रमा है , जो सौर मंडल में दूसरा सबसे बड़ा चंद्रमा है। यह पेट्रोकेमिकल के धुएं में घिरा होने और इसकी सतह पर कार्बनिक अणुओं के साथ कार्बन है । मगर यह अत्यधिक ठंडा है। इसकी सतह का तापमान -179 डिग्री सेल्सियस है। इतनी ठंडी स्थितियों में, जीवन के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएँ बहुत धीमी गति से आगे बढ़ती हैं।



शनि ग्रह के साथ उपग्रह टाइटन।

### कैथरीन नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम ने किया शोध

कनाडा के ओंटारियो स्थित वेस्टर्न यूनिवर्सिटी की कैथरीन नीश कहती हैं कि जहां तरल पानी है, वहां जीवन हो सकता है। जिस कारण इस उपग्रह पर लंबे समय से अध्ययन किये जा रहे हैं और भविष्य में भी जारी रहेंगे। नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा शोध किया गया था।

## विपक्षी नेता नवलनी की मौत के जिम्मेदार पुतिन: बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचक कहे जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई। नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे, इसी दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन नवलनी की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि नवलनी के साथ जो हुआ वह पुतिन की क्रूरता का सबूत है और अब किसी को मूर्ख ना बनाया जाए। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि अगर उनकी मौत की खबरें सच हैं और मेरे पास यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि वे सच नहीं हैं, क्योंकि हम पुतिन की क्रूरता को जानते हैं और यूक्रेन इसका उदाहरण है।



### कौन थे एलेक्सी नवलनी

नवलनी को पुतिन का घोर विरोधी माना जाता है और उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किए थे। 1976 में जन्मे नवलनी ने कानून की पढ़ाई की और एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान स्थापित की, लेकिन साल 2008 में उन्होंने एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। इसी एक ब्लॉग की बदौलत उनकी लोकप्रियता में दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से इजाफा हुआ। साथ ही सरकार में शामिल कई नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों को इस्तीफा भी देना पड़ा था।